सूर्योदय 6:59 सूर्यास्त 5:19

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.5 न्यू | 17 अधि |
| धर्मशाला | 9.5 न्यू | 21 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,610 |
| निफ्टी | 26,205 |
| सोना | 1,26,081 |
| चांदी | 1,59,025 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 27 नवंबर 2025 | 12 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 330, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

ROYAL ACADEMY
8 YEARS OF EXCELLENCE
CRASH COURSE & DROPPERS BATCH NEET, NDA, JEE, CUETO | 20th March & 1st April
GENERAL COMPETITION HP POLICE, PATWARI, CLERK P. SECRETARY, PARA-MILITARY SSC-GD & OTHERS
PRELIMS & MAINS IAS, HAS, ALLIED, NT
TEACHING COURSES HP-TET, C-TET & TGT-COMMISSION (Arts, Medical & Non-Medical)
HEAD OFFICE:- SYNDICATE AREA, NEAR SHITLA MATA MANDIR, OLD BUS STAND, PALAMPUR HELPLINE:- 01894-356185, 86268 85200

## न्यूज शॉर्ट्स

### आतंकी उमर का एक और साथी गिरफ्तार

**एजेंसी, फरीदाबाद।** दिल्ली ब्लास्ट केस में एनआईए ने सुसाइड बॉम्बर आतंकी डॉ. उमर नबी के साथी शोएब को गिरफ्तार किया है। शोएब फरीदाबाद के धौज गांव का रहने वाला है। वह अल-फलाह यूनिवर्सिटी में वार्ड बॉय था। उस पर आरोप है कि उसने आतंकी उमर को सामान लाने और ले जाने में मदद की थी। शोएब ने ही नूंह में उमर को अपनी साली अफसाना के घर में कमरा किराए पर दिलाया था। 10 नवंबर को दिल्ली ब्लास्ट से पहले 10 दिन उमर इसी घर में रहा था। विस्फोट वाले दिन, वह नूंह से ही दिल्ली के लिए रवाना हुआ था। दिल्ली ब्लास्ट केस में यह सातवीं गिरफ्तारी है। शोएब को स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे 10 दिन की एनआईए हिरासत में सौंप दिया गया। (अनंत ज्ञान)

### ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति को 27 साल की जेल

**एजेंसी, ब्राजीलिया।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो (70) को वहां की सुप्रीम कोर्ट ने तख्तापलट की साजिश के मामले में 27 साल की सजा सुनाई। मंगलवार को यह फैसला आया। उन पर आरोप है कि उन्होंने 2022 के राष्ट्रपति चुनाव में हार के बावजूद सत्ता में बने रहने के लिए मौजूदा राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा की सरकार गिराने की साजिश रची थी। सुनवाई के दौरान बोल्सोनारो की कानूनी टीम ने कोर्ट के फैसले के खिलाफ अंतिम अपील नहीं की, जिसके बाद जस्टिस अलेक्जेंड्रे मोराएस ने 27 साल की सजा लागू करने का आदेश दिया। (अनंत ज्ञान)

### कमला पसंद के मालिक की बहू ने की आत्महत्या

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश के मशहूर पान मसाला कंपनी कमला पसंद और राजश्री के मालिक कमल किशोर चौरसिया की बहू दीप्ति चौरसिया (40) ने दिल्ली के वसंत विहार स्थित अपने घर में मंगलवार शाम आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, दीप्ती का शव पंखे से लटका हुआ मिला। दीप्ति का शव सबसे पहले उसके पति हरप्रीत चौरसिया ने देखा। हरप्रीत उन्हें अस्पताल लेकर गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस को एक डायरी मिली है, जिसमें दीप्ति ने लिखा, 'अगर किसी रिश्ते में प्यार और भरोसा नहीं तो फिर उस रिश्ते में रहने की और जीने की वजह क्या है। अब और नहीं सहन हो पाता। बेटे को मां का आशीर्वाद।' (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- लेबर कोड के विरोध में सड़कों पर उतरे मजदूर -पेज 2
- कांग्रेस ने किया 'भाजपा भगाओ, बेटी बचाओ' प्रदर्शन -पेज 3
- सीएम ने शहीद विंग कमांडर नामांश के परिजनों को बंधाया ढांढस -पेज 4
- मुल्थान-बड़ा ग्रां रोड में आंशिक सुधार और गलत पाइप बिछाने से बढ़ी दिक्कतें -पेज 9
- सुंदरी बाग से हलाण-2 सड़क बनी 'जानलेवा' -पेज 11

विधानसभा का शीत सत्र

# पहले दिन पंचायत चुनाव पर तपा सदन

## नियम 67 के तहत भाजपा के 'काम रोको प्रस्ताव' को सरकार ने किया स्वीकार, चर्चा जारी

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**धर्मशाला।** तपोवन में आरंभ हुए शीत सत्र के पहले दिन विपक्ष की ओर से 'काम रोको प्रस्ताव' लाया गया। नियम 67 के तहत रणधीर शर्मा और जीतराम कटवाल ने पंचायतीराज चुनावों को लेकर और सरकार व चुनाव आयोग में टकराव की स्थिति को लेकर काम रोको प्रस्ताव दिया, जिसे सरकार ने स्वीकार कर लिया।

रणधीर शर्मा ने कहा कि हार को देखकर सरकार चुनाव टालने की कोशिश कर रही है। उन्होंने सदन में सरकार पर संविधान की धज्जियां उड़ाने के गंभीर आरोप लगाए। पहले दिन की कार्यवाही शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा विधायकों के साथ सदन में शिष्टाचार भेंट की और सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं।

सत्र की शुरुआत के बाद स्पीकर कुलदीप पठानिया ने सदन के नेता, नेता प्रतिपक्ष और सभी सदस्यों का सदन में स्वागत किया। सदन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि कुल्लू के बंजार में आग लगने से काफी नुकसान हुआ है। सीएम ने सदन में घोषणा की कि घर जलने पर वहां प्रत्येक प्रभावित को 7-7 लाख रुपए और सामान नष्ट होने की स्थिति में एक-एक लाख रुपए दिए जाएंगे।

**सीएम की घोषणा- बंजार अग्निकांड प्रभावितों को 7-7 लाख देगी सरकार**

### कानून की परिधि में रहकर करवाएंगे पंचायत चुनाव : सीएम

**शीतकालीन** सत्र के दौरान सदन में विपक्ष के काम रोको प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान की सबसे बड़ी संरक्षक है। सरकार नैतिकता, पारदर्शिता में विश्वास रखती है। महिलाओं के लिए पंचायतीराज संस्थाओं में कांग्रेस ने आरक्षण का प्रावधान किया। सीएम ने कहा कि कानून की परिधि में रहकर पंचायत चुनाव करवाएंगे। हमारी सरकार कानून के अनुसार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मंडी जिले में होने वाला जश्न सिर्फ जश्न नहीं, व्यवस्था परिवर्तन का विजन है। सीएम सुक्खू ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने अपने शासनकाल में शिमला नगर निगम के चुनाव नौ महीने देरी से करवाए। उन्होंने कहा कि भाजपा पांच गुटों में बंटी है, इसलिए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर तनाव में रहते हैं।



### मंत्रियों की न तो सुनते, न ही मानते हैं सीएम : जयराम



**सदन** में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि 3 साल में सरकार का कार्यकाल ऐसा बीता है, जैसे एनएसयूआई चला रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मंत्रियों की नहीं सुनते हैं और अगर सुनते हैं तो मानते नहीं हैं। यह बड़ी ही विचित्र स्थिति है। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों को आगे-पीछे नहीं कर सकते हैं। पंचायतों के चुनाव क्यों टाले जाएं, सरकार से इसका उत्तर देते नहीं बन रहा है। सरकार को लग रहा है कि चुनाव के परिणाम उनके अनुकूल नहीं आएंगे, इसलिए चुनाव को टालने का प्रयास किया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि हालात यह है कि सरकार पर भरोसा ही नहीं किया जा सकता। ऐसी अव्यवस्था आज से पहले कभी देखने को नहीं मिली। जयराम ठाकुर ने कहा कि पंचायतीराज चुनावों को लेकर सरकार फिर से विचार करे।

### चुनाव आयोग से टकरा रही सरकार, संविधान की उड़ाई धज्जियां

**चर्चा** के दौरान भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने सत्ता पक्ष पर जमकर निशाना साधा। रणधीर शर्मा ने कहा कि सरकार चुनाव आयोग के साथ टकरा रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर संविधान की धज्जियां उड़ाने जैसे गंभीर आरोप लगाए। रणधीर ने कहा कि सरकार सिर्फ आपदा के नाम पर चुनाव रोकने की कोशिश कर रही है। इस तरह के बहानों से लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने की कोशिश की जा रही है। विधायक ने कहा कि जहां सबसे ज्यादा आपदा हुई है, सरकार वहीं पर अपने तीन साल का कार्यकाल पूरा होने का जश्न मना रही है। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज चुनाव रोकने का कोई कारण नहीं बनता है। इस दौरान उन्होंने संविधान को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी तीखे तंज कसे।




# भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स-2030 की मेजबानी

## कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स एग्जीक्यूटिव बोर्ड ने अहमदाबाद को घोषित किया होस्ट सिटी

एजेंसी, ग्लासगो

भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स-2030 की मेजबानी मिल गई है। बुधवार को स्कॉटलैंड के ग्लासगो में कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स एग्जीक्यूटिव बोर्ड की बैठक के बाद अहमदाबाद को होस्ट सिटी घोषित किया गया। भारत 15 साल के बाद कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले 2010 में नई दिल्ली इन गेम्स का आयोजन किया गया था। तब भारतीय खिलाड़ियों ने 38 गोल्ड समेत 101 मेडल जीते थे। अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 के आयोजन के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। यहां खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। मुख्य वेन्यू के तौर पर नरेंद्र मोदी स्टेडियम, नारणपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, और सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एंक्लेव को प्रस्तावित किया गया है। कॉमनवेल्थ गेम्स-2030 की मेजबानी मिलने से ओलिंपिक गेम्स 2036 की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी मजबूत होगी। (अनंत ज्ञान)



### पहली बार दिल्ली के बाहर होगा मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट

**अगर** अहमदाबाद को 2030 की मेजबानी मिलती है, तो यह पहली बार होगा जब कोई बड़ा इंटरनेशनल मल्टी-स्पोर्ट्स इवेंट दिल्ली के बाहर आयोजित होगा। भारत 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स, 1951 और 1982 एशियन गेम्स की मेजबानी भी कर चुका है। 3 बड़े मल्टी-स्पोर्ट्स वेंट दिल्ली में हुए थे।

### क्यों खास है कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी?

**कॉमनवेल्थ** गेम्स का आयोजन किसी भी देश के लिए सिर्फ खेल आयोजन नहीं, बल्कि उसकी अंतरराष्ट्रीय छवि, विकास क्षमता, इंफ्रास्ट्रक्चर और विजन का भी प्रतीक माना जाता है। अब तक ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, कनाडा और न्यूजीलैंड सहित कुल 9 देश इसकी मेजबानी कर चुके हैं। सबसे ज्यादा 5 बार मेजबानी का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम है।

संसद के सेंट्रल हॉल में मनाया गया 150वां संविधान दिवस

# संविधान राष्ट्रीय पहचान का आधार : राष्ट्रपति

एजेंसी, नई दिल्ली

संसद के सेंट्रल हॉल में बुधवार को 150वां संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान को 9 नई भाषाओं मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगु, ओडिया और असमिया में जारी किया। राष्ट्रपति ने कहा भारतीय संविधान हमारी राष्ट्रीय पहचान का आधार है।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और दोनों सदनों के सांसद शामिल रहे। राष्ट्रपति ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को इसी केंद्रीय कक्ष में संविधान सभा के सदस्यों ने भारत का संविधान तैयार करने का काम पूरा किया था। इसी दिन 'हम भारत के लोग' ने अपने संविधान को अपनाया। स्वतंत्रता मिलने के बाद संविधान सभा ने अंतरिम संसद का काम भी किया। उन्होंने कहा कि संसद ने तीन तलाक जैसी सामाजिक बुराई को खत्म कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। जीएसटी आजादी के बाद सबसे बड़ा टैक्स सुधार है, जिसने देश की आर्थिक एकता को मजबूत किया है। वहीं, अनुच्छेद 370 हटाने से देश की राजनीतिक एकता में आ रही बाधा दूर हुई। नारी शक्ति बंधन कानून महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की नई शुरुआत करेगा। इस दौरान उन्होंने संविधान की प्रस्तावना भी पढ़ी। (अनंत ज्ञान)



**राष्ट्रपति ने संविधान को 9 नई भाषाओं में किया जारी**

# हिमाचल में 10वीं, जमा दो की बोर्ड परीक्षाएं 3 मार्च से

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दसवीं व जमा दो श्रेणी नियमित व एसओएस के परीक्षार्थियों की वार्षिक परीक्षाएं 3 मार्च, 2026 से शुरू होंगी। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि दसवीं और जमा दो की नियमित एवं एसओएस परीक्षाएं 3 मार्च से शुरू होंगी। 10वीं की परीक्षाएं 28 मार्च तक, जबकि जमा दो की एक अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा प्रैक्टिकल परीक्षाएं 20 फरवरी से 28 फरवरी के बीच आयोजित होंगी। लिखित परीक्षाएं प्रातः कालीन सत्र में 9:45 से अपराह्न 1 बजे तक आयोजित होंगी। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य के बाद 30 अप्रैल 2026 को परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा।

# केंद्रीय कैबिनेट ने 4 प्रोजेक्टों को दी मंजूरी

## रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट बनाने के लिए 7280 करोड़ की योजना

एजेंसी, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 4 प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 9858 करोड़ रुपए से पुणे मेट्रो का विस्तार किया जाएगा। वहीं, रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट बनाने वाली इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए 7280 करोड़ रुपए की योजना लाई गई है। ये मैग्नेट इलेक्ट्रिक व्हीकल, डिफेंस, एयरोस्पेस और इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने में जरूरी होते हैं। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने गुजरात की द्वारका-कनालूस रेलवे लाइन और महाराष्ट्र की कर्जत-बदलापुर रेलवे लाइन को डबल करने की मंजूरी दी है। यानी रेल लाइनों पर और ट्रैक बनाए जाएंगे। मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बैठक में 4 नए सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स को भी मंजूरी दी गई है। इसके तहत ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पंजाब में प्लांट्स लगाए जाएंगे, जिसके लिए 4,594 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



# पश्चिम बंगाल में लगे बाबरी मस्जिद शिलान्यास के पोस्टर

एजेंसी, कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में मंगलवार देर रात बाबरी मस्जिद के शिलान्यास के पोस्टर लगाए गए। इन पर लिखा है, '6 दिसंबर को बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का शिलान्यास समारोह होगा।' टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर ने खुद कहा कि हम 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद की नींव रखेंगे। तीन साल में इसका निर्माण पूरा होगा। कार्यक्रम में कई मुस्लिम नेता शामिल होंगे। अयोध्या में विवादित ढांचा 6 दिसंबर 1992 को कार सेवकों ने ध्वस्त कर दिया था। अगले महीने बाबरी विध्वंस के 33 साल पूरे हो जाएंगे। टीएमसी विधायक का कहना है कि इसी मौके पर यह आयोजन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**टीएमसी विधायक बोले 6 दिसंबर को रखेंगे नींव**

# एआई डीपफेक और वेडिंग इनवाइट स्कैम की गिरफ्त में आए हिमाचली

## रिश्तेदारों की आवाज बनकर प्रदेश के लोगों को ठग रहे साइबर अपराधी

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** चेहरे बदल देने और आवाजें गढ़ देने वाली तकनीक अब अपराधियों के हाथ में नया हथियार बन चुकी है। हिमाचल प्रदेश पुलिस ने हाल ही में एआई आधारित डीपफेक और विवाह निमंत्रण संदेशों के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की है। पुलिस के अनुसार, एआई की सहायता से तैयार किए गए डीपफेक वीडियो और आवाजें इस कदर वास्तविक प्रतीत होती हैं कि सामान्य व्यक्ति इनके जाल में तेजी से फंस जाता है। कई मामलों में साइबर अपराधियों ने लोगों के रिश्तेदारों की आवाज बनाकर तत्काल आर्थिक सहायता की मांग की। यह नया डिजिटल छल लोगों की विश्वसनीयता को खा जाने वाला सबसे खतरनाक माध्यम बनता जा रहा है।

विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी आपातकालीन संदेश या वीडियो कॉल पर तुरंत भरोसा न करें, बल्कि पहले सत्यापन अवश्य करें। एक अन्य तेजी से फैलते स्कैम में अजनबी नंबरों से भेजे जा रहे विवाह निमंत्रण संदेश शामिल हैं। यह संदेश अक्सर अत्यंत सभ्य और आकर्षक लगते हैं, लेकिन इनके भीतर छुपी एपीके फाइल या संदिग्ध लिंक फोन में खतरनाक वायरस स्थापित कर सकती है। एक बार मालवेयर सक्रिय हो जाए तो फोन के संदेश, बैंक जानकारी, पासवर्ड और संपर्क सूची अपराधियों तक पहुंच जाते हैं।

### किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें

**पुलिस** ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध लिंक, फाइल या अजनबी संदेश को खोलने से पहले एक क्षण रुककर विचार करना आवश्यक है। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत 1930 पर कॉल कर सकते हैं या शिकायत साइबरक्राइम डॉट गोव डॉट इन पर दर्ज कर सकते हैं।


भाखड़ा डैम इन डेंजर

## बीबीएमबी ने एक साल पहले भेजी थी रिपोर्ट, सरकार ने नहीं की कार्रवाई

# 25 प्रतिशत सिल्ट से भर गई गोबिंदसागर झील

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**बिलासपुर।** हिमाचल, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में पानी एवं जलविद्युत निर्माण को लेकर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। गोबिंदसागर झील में जमा सिल्ट ने जलाशय की स्टोरेज क्षमता का करीब 25 प्रतिशत हिस्सा निगल लिया है। इससे न केवल पानी रोकने व प्रबंधन की क्षमता प्रभावित हुई है, बल्कि बाढ़ नियंत्रण, बिजली उत्पादन और बांध की दीर्घकालीन सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि बीबीएमबी ने सिल्ट हटाने के लिए एक विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करके सरकार को एक वर्ष पहले ही सौंप दी थी, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी बड़ी मात्रा में स्टोरेज लॉस का मतलब है कि जलाशय बाढ़ की स्थिति को पहले जैसी दक्षता से नियंत्रित नहीं कर पाएगा। जलाशय जल्दी भरने और जल्दी खाली होने का चक्र बाढ़ प्रबंधन को अत्यधिक जटिल बना रहा है।



**पानी स्टोरेज जलविद्युत निर्माण को लेकर संकट गहराया**

### सरकार ने रिपोर्ट ली पर कार्रवाई नहीं की

**भाखड़ा** ब्यास प्रबंधन बोर्ड के चीफ इंजीनियर सीपी सिंह ने कहा कि हमने एक वर्ष पहले गोबिंदसागर से सिल्ट हटाने के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सौंप दी थी, परंतु सरकार की ओर से इस पर कोई ठोस कार्रवाई अब तक नहीं की गई। उन्होंने बताया कि करीब एक माह पहले सेक्रेटरी पावर हिमाचल सरकार की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। उसमें आश्वासन दिया गया था कि आगामी विधानसभा सत्र के दौरान इस परियोजना से संबंधित एक प्रस्ताव तैयार किया जाएगा, ताकि इसे स्वीकृति मिल सके।

### बांध की उपयोगिता व आयु दोनों खतरे में

**विशेषज्ञों** का मानना है कि यदि अभी भी सिल्ट हटाने के लिए प्रोजक्ट को हरी झंडी नहीं मिली, तो आने वाले वर्षों में भाखड़ा बांध की उपयोगिता और आयु दोनों गंभीर संकट में आ सकते हैं। जलाशयों से सिल्ट हटाने के लिए दुनिया में अग्रणी तकनीक विकसित करने वाली कुछ ऑस्ट्रेलियाई कंपनियां इस तरह के कार्यों में विशेषज्ञ मानी जाती हैं। जो पानी का स्तर खाली किए बिना ही गहराई में जमा सिल्ट को निकालने की क्षमता रखती हैं। इन्होंने सिल्ट निकालने के लिए उन्नत कटर सक्शन ड्रेजर्स तैयार किए हैं। यह तकनीक पारंपरिक ड्रेजिंग की तुलना में अधिक कारगर है।

## न्यूज ब्रीफ

### दोबारा लगी मकान में आग, सारा सामान राख

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। भलेठ स्थित मिहाडपुर में एक माह के भीतर दोबारा मकान में आग लग गई, जिससे घर का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। फायर कर्मी मनोज कुमार के अनुसार बुधवार करीब 11 बजे सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग में कलर बेड, बॉक्स, कपड़े, दैनिक उपयोग का सामान, गद्दे, कंबल, एलईडी, पंखे और रूम हीटर सहित भारी नुकसान हुआ। गृहस्वामी राकेश ने बताया कि घर से अचानक धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग ने जोर पकड़ लिया, जिससे लाखों का नुकसान हो गया। इससे पहले 7 तारीख को भी इसी घर में आग लगी थी। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

### युवाओं ने लिया नशा छोड़ने का संकल्प

अनंत ज्ञान, भोरंज। उपमंडल भोरंज के तहत जेबी केअरायणा एवं सीएसआर सवेरा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को ग्राम पंचायत पलपल के गांव बैलग में नशा मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान जोगिंदर सिंह राणा मुख्यातिथि रहे। स्थानीय लोगों सहित महिलाओं और युवाओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया। संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष एम.के. भारद्वाज ने नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि नशा स्वास्थ्य, परिवार और समाज के लिए गंभीर खतरा बन चुका है, जिससे मानसिक और शारीरिक रोग, आर्थिक संकट व सामाजिक विघटन बढ़ रहा है। उन्होंने युवाओं को खेल, शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़कर नशे से दूर रहने की अपील की। भारद्वाज ने कहा कि नशा मुक्त समाज निर्माण में हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में डाबर इंडिया लिमिटेड की ओर से प्रतिभागियों को जूस वितरित किया गया।

### अमलैहड़ की अनु ने बनाया सबसे बढ़िया पोस्टर

शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल अमलैहड़ में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल अनिल कौशल ने की। मत्स्य दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित इस प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा की अनु वाला ने सबसे बढ़िया पोस्टर बनाकर पहला स्थान हासिल किया। पेंटिंग में आठवीं कक्षा की तनु, विवज प्रतियोगिता में अंशिता,वंशिका व नलिक ने प्रथम स्थान हासिल किया जबकि डेक्लामेशन प्रतियोगिता में प्लस वन की प्रिया देवी अब्बल रही। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रिंसिपल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### नादौन फ्लाईओवर के पास लगे स्ट्रीट लाइट

अनंत ज्ञान, नादौन। बाघनाला क्षेत्र में फोरलेन पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर के आसपास स्ट्रीट लाइट न होने से रात के समय घना अंधेरा पसरा रहता है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में रोजाना सुबह-शाम कई लोग मानपुल तक सैर करने जाते हैं, लेकिन अंधेरे के कारण वे रात को इस ओर जाने से कतराते हैं। स्थानीय निवासी मुकेश कुमार, मनोज कुमार, दीपक सिंह, विजय कुमार, मुकेश गर्ग, मंजीत सिंह, साहिल, नितेश, अमीर, विजय, छोटू राम, गोल्डी और रिंकू सहित कई लोगों ने बताया कि निर्माण कार्य के कारण सड़क संकरी हो गई है, ऐसे में अंधेरे में यहां से गुजरना काफी जोखिमभरा होता है। लोगों ने नगर परिषद नादौन से इस स्थान पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है। नगर परिषद नादौन के कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा ने कहा कि समस्या संज्ञान में आ गई है और लोगों की सुविधा के लिए जल्द ही स्ट्रीट लाइटें लगवाई जाएंगी।

### संविधान के प्रति निष्ठा की दिलाई शपथ

संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में संविधान दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में संविधान के महत्व, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान की विशेषताओं और उसमें निहित समता, न्याय और स्वतंत्रता के मूल्यों को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों से जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। चुनावी साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी सोनू गुलेरिया ने संविधान के प्रमुख अनुच्छेदों, मूल्यों और एकता-अखंडता को बनाए रखने में इसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में समीक्षा द्वारा सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई।

### जनहित मुद्दों को लेकर सीएम को दिया ज्ञापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। जिला राजपूत महासभा की तरफ से माननीय मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को विभिन्न जनहित के मुद्दों को लेकर ज्ञापन मेल के माध्यम से भेजा गया जिसमें पंचायती राज चुनावों में जमानत राशि वृद्धि में असमानता ,विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बेरोजगारों के साथ अलग अलग फीस निर्धारित करने और हमीरपुर के शासन में घटी दुर्भाग्यपूर्ण घटना के पीड़ित परिवार के शारीरिक और मानसिक रूप से विकलांग बेटे गोलू को पर्याप्त आर्थिक मदद और उसकी परवरिश सरकारी तौर पर करने की व्यवस्था की मुद्दे उठाए गए। महासभा की जिला इकाई के महासचिव जोगिंदर ठाकुर ने यह जानकारी दी।

### गुफा दर्शन करके बाबा जी का लिया आशीर्वाद



एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर। हिमाचल कांग्रेस संगठन सर्जन प्रभारी एवं गुजरात के राज्यसभा सांसद शक्ति सिंह गोहिल बुधवार को संगठन चुनावों के सिलसिले में हिमाचल दौरे पर रहे। बड़सर विधानसभा क्षेत्र के बिझड़ी विश्रामगृह में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के बाद उन्होंने दियोटसिद्ध पहुंचकर गुफा में बाबा जी के दर्शन किए और आशीर्वाद ग्रहण किया। गोहिल ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर मंदिर के इतिहास और परंपराओं के बारे में जानकारी हासिल की। दर्शन के उपरांत उन्होंने लंगर भी ग्रहण किया। मंदिर प्रशासन की ओर से उन्हें रोट प्रसाद और बाबा जी का फटका भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया, संगठन सह प्रभारी जीवन सिंह, पूर्व प्रदेश मीडिया प्रवक्ता नरेश लखनपाल और जिला महासचिव पवन कालिया भी मौजूद रहे।

### भोटा स्कूल में सकारात्मक सोच पर दिया जोर

अनंत ज्ञान, भोटा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोटा में सीडीपीओ कार्यालय बिझड़ी द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य किशोरावस्था में मानसिक तनाव प्रबंधन और विद्यार्थियों को उनकी भावनात्मक जरूरतों के अनुरूप परामर्श देना था। मनोविज्ञानी एवं काउंसलर शीतल वर्मा ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के महत्व, मानसिक स्वास्थ्य, परीक्षा तनाव और माहवारी के दौरान सावधानियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सही शब्दों का प्रयोग और सकारात्मक व्यवहार मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है। बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोज कुमार ने छात्रों से योग, मेडिटेशन, व्यायाम और संतुलित आहार को दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। प्रधानाचार्य सनम ने विद्यार्थियों को करियर संबंधी मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहीं।

### भुक्कड़ स्कूल में संविधान दिवस पर ली शपथ

अनंत ज्ञान, भोरंज। उपमंडल भोरंज की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य देशराज कमल ने की। उन्होंने छात्रों व शिक्षकों को संविधान की शपथ दिलाई और बताया कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अपनाया था, जो देश की एकता, समानता और न्याय का आधार है। उन्होंने कहा कि संविधान ही भारत की विविध जातियों व धर्मों को एक सूत्र में पिरोता है। प्रधानाचार्य ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए कहा कि उन्होंने 60 से अधिक देशों के संविधानों का अध्ययन कर एक ऐसा दस्तावेज तैयार किया, जो सामाजिक न्याय और समानता का सर्वोपरि रक्षक है। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर दिलाई शपथ

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर शपथ शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ विभा ठाकुर ने की। प्राचार्य महोदया ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर सभी छात्रों एवं प्राध्यापकों से संविधान के प्रति समर्पित रहने हेतु शपथ दिलवाई और संवैधानिक मूल्यों के प्रति छात्रों को जागरूक किया। इसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी प्रो निर्मला ने भारतीय संविधान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को छात्रों के समक्ष रखा जिसमें संविधान के प्रारूप, संविधान निर्माण की प्रक्रिया और संविधान के अंतर्गत आने वाले नैतिक मूल्यों तथा मानव अधिकार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला।

# लेबर कोड के विरोध में सड़कों पर उतरे मजदूर

## हमीरपुर में सीटू का हल्ला बोल, मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार रैली, गांधी चौक पर गूंजी आवाज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर




मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ गांधी चौक पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए सीटो के कार्यकर्ता और उनके नेता।

मजदूर विरोधी नीतियों को लेकर मोदी सरकार के खिलाफ बुधवार को सीटू के कार्यकर्ताओं ने हमीरपुर बाजार में रैली निकाली और गांधी चौक पर जमकर गुब्बार निकाला। संगठन की जिला कमेटी ने मजदूरों की 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और किसानों के संयुक्त मंच के अखिल भारतीय आह्वान पर यह जोरदार प्रदर्शन किया। जिसे इसके नेता डॉ कश्मीर सिंह ठाकुर सहित कई अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। नए लेबर कोड जारी करने के विरोध में किए गए इस प्रदर्शन में बड़ी तादाद में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया और इस लेबर कोड को निरस्त करने के लिए आंदोलन का आगाज किया।

यह प्रदर्शन तहसील परिसर से शुरू हुआ और मुख्य बाजार से होते हुए जुलूस गांधी चौक में सभा में तब्दील हो गया। सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ कश्मीर सिंह ठाकुर ने सभा को संबोधित किया और इन लेबर कोड के बारे में मजदूरों को और जनता को जागरूक किया उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 29 सेंट्रल लेबर कानूनों को रद्द कर दिया है। जिनके लिए ब्रिटिश राज से आजाद भारत में लड़ाई लड़ी गई थी और उन्हें सिर्फ 4 कानूनों में बदल दिया है। यह 'लेबर रिफॉर्म' के नाम पर कॉर्पोरेट कंपनियों की सेवा करने का काम है।

इंडस्ट्रियल रिलेशन्स के कोड पर 'वर्कर' की परिभाषा पर हमला

### ▶ महिला कार्यकर्ताओं की बड़ी भागीदारी ने बढ़ाई रैली की ताकत

किया गया है। नए कानून के मुताबिक, अगर किसी कंपनी में सुपरवाइजरी पद पर कोई व्यक्ति हर महीने 18,000 रुपये से ज्यादा कमाता है, तो वह 'वर्कर' की परिभाषा में नहीं आएगा। आज के आर्थिक माहौल में, 18,000 रुपए बहुत कम सैलरी है। इसके जरिए, अनुभवी सीनियर वर्कर और सुपरवाइजर को ट्रेड यूनियन प्रोटेक्शन से बाहर रखा जा रहा है। उन्हें मैनेजमेंट के एजेंट में बदलने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इन नेताओं ने इस नए कानून को लेकर बहुत विस्तार से रैली को संबोधित किया। अभी बताया गया कि यह कानून नौकरी के लिए हाथ से किसी भी स्तर पर फिट नहीं बैठता और यह सामाजिक सिस्टम के लिए बेहद घातक है।

### एक बूथ पर दस किसान प्रहरी बनाने की हुई चर्चा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। भाजपा किसान मोर्चा मंडल शहरी हमीरपुर की बैठक बुधवार को हमीरपुर में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता मंडल शहरी किसान मोर्चा अध्यक्ष जसवीर सिंह ने की। जबकि जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष अनिल काकू, भाजपा मंडल शहरी अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा और प्रभारी राजेश सहगल बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। इस मौके पर किसान मोर्चा के विभिन्न आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई एवं एक बूथ पर 10 किसान प्रहरी जोड़ने बारे चर्चा की गई। इसके लिए विभिन्न पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेवारियां बांटी गई। इसके साथ ही चार 4 दिसंबर को धर्मशाला में होने वाली विशाल रैली के लिए सभी को आमंत्रित किया गया एवं अपने साथ अन्य कार्यकर्ताओं को लाने के लिए जिम्मेदारी दी गई। इसके साथ ही केंद्र सरकार की ओर से किसानों के लिए चला जा रही विभिन्न योजना को घर-घर तक पहुंचाने का भी संकल्प लिया गया।

## टौणी देवी में सरकारी भूमि पर हो रहा अवैध खनन, गायत्री मंदिर को बना खतरा



टौणी देवी में सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध खनन से गायत्री मंदिर को खतरा बना।

अनंत ज्ञान, टौणी देवी

टौणी देवी में एनएच-3 के पास 5 मीटर के दायरे में अवैध निर्माण और अवैज्ञानिक खनन से स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। खनन माफिया बिना नंबर प्लेट वाली जेसीबी से रात के अंधेरे में अवैध खनन कर रहे हैं, जिससे गायत्री मंदिर को संभावित खतरा पैदा हो गया है।

स्थानीय लोग और अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी बताते हैं कि मंदिर तक संपर्क मार्ग का निर्माण अवैध कब्जे और खनन के कारण बाधित हो रहा है। डीसी अमरजीत सिंह ने मामले का संज्ञान लेते हुए राजस्व और पुलिस विभाग को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर की सुरक्षा और खतरे की जांच के आदेश संबंधित विभाग को दे दिए गए हैं।

तहसीलदार सौरभ धीमान ने अवैध निर्माण और खनन करने वालों के खिलाफ मिशल बनाई जाने और कानून के तहत कार्रवाई की पुष्टि की। सदर थाना के एचएचओ कुलवंत सिंह ने कहा कि बिना नंबर वाली जेसीबी चलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। स्थानीय लोग चाहते हैं कि मंदिर तक संपर्क मार्ग सुरक्षित बनाकर सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जाए।

### सुजानपुर बस स्टैंड पर बने वॉशरूम की बदहाली से नागरिक परेशान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। सुजानपुर बस स्टैंड पर नगर परिषद द्वारा निर्मित वॉशरूम की हालत खस्ता है और वहां बदबू का आलम आम जनता के लिए परेशानी का कारण बन गया है। वॉशरूम में पानी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है, वाश बेसिन का नल गायब है और यूरिनल पोर्ट हमेशा पेशाब से भरे रहते हैं। यही नहीं, छत से टपकता पानी भी समस्या को और बढ़ा रहा है। नगर परिषद के अधिकारियों को कई बार इसकी जानकारी दी गई, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

सुजानपुर में रोजाना हजारों लोग अपने कामकाज और यात्रा के लिए आते हैं। बस स्टैंड में दो वॉशरूम हैं, जिनमें से एक सुलभ शौचालय द्वारा संचालित है, जहां हालात अपेक्षाकृत बेहतर हैं। लेकिन नगर परिषद द्वारा संचालित वॉशरूम में गंदगी और बदबू के कारण लोग इसे इस्तेमाल करने से कतराते हैं।

स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों ने कई बार नगर परिषद को शिकायत दी है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। शहर में सौंदर्यीकरण पर लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, जिसमें सेल्फी प्वाइंट और पुराने अटियालों का जीर्णोद्धार शामिल है। लेकिन नागरिकों की बुनियादी जरूरतों, जैसे स्वच्छ और पानी से लैस वॉशरूम, पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। विधायक कैप्टन रंजीत सिंह को भी इस मामले की शिकायत पहुंचाई गई है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा ने कहा कि मौके पर जाकर स्थिति का अवलोकन किया जाएगा और वॉशरूम के हालात सुधारने का कार्य शीघ्र किया जाएगा।

### सेरी और लेबर चौक में आज बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, नादौन। विद्युत उपमंडल नादौन के अंतर्गत आने वाले 33 केवी नादौन ज्वालामुखी लाईन के कार्य के चलते 27 नवंबर को प्रातः 9 बजे से सांय 6 बजे तक बिजली बंद रहेगी। यह जानकारी देते हुए विद्युत उपमंडल नादौन के सहायक अभियंता अक्षय कुमार ने यहां जारी प्रेस ब्यान में बताया कि 33 केवी लाइन का कार्य किया जाएगा जिसके चलते गांव सेरी, लेबर चौक, ज्वालामुखी रोड और इसके आस पास की बिजली बंद रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग दिए जाने की अपील की है।

### बाड़ी स्कूल के वार्षिक समारोह में मेधावी नवाजे



अनंत ज्ञान, नादौन। लिटल लिटिल फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाड़ी रंगस में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। जिसमें रिटायर्ड एडिशनल असिस्टेंट इंजीनियर व नौहणी पंचायत के उपप्रधान प्रकाश चंद ठाकुर ने मुख्यातिथि शिरकत की। समारोह में हिमाचल प्रदेश टॉप 10 मेरिट में स्थान हासिल करने वाले बच्चों के माता-पिता ने गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शिरकत की। इसमें बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के द्वारा सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें ऑपरेशन सिंदूर,विभिन्न राज्यों के त्यौहार, उरी अटैक, हिमाचली नाटी, पंजाबी भांगड़ा आदि प्रस्तुतियां प्रमुख रही। प्रिंसिपल स्कूल की प्रगति रिपोर्ट पढ़ी तथा वार्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। समारोह में मुख्यातिथि ने मेधावी बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### ग्रामीणों को किसान क्रेडिट कार्ड की जानकारी दी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की शाखा टिक्कर खतरियां ने ग्राम पंचायत टिक्कर बुहला में जागरूकता शिविर का आयोजन किया। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में लोगों को केंद्र सरकार एवं हिमाचल सरकार द्वारा प्रायोजित स्कीमों की जानकारी दी गई। शाखा उपप्रबंधक दिनेश कुमार ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री जनसुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना और अन्य योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया गया तथा उनसे इन स्कीमों का भरपूर फायदा उठाने की अपील भी की गई। उन्होंने बताया कि अटल पेंशन योजना से लोग अपना बुढ़ापा सुरक्षित कर सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड, पशु क्रेडिट कार्ड, डिजिटल बैंकिंग सेवा के बारे में भी जानकारी दी।

### नशा रोकने के लिए अभिभावकों को भी करें जागरूक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। हमीरपुर में नशा मुक्त भारत अभियान की उपमंडल स्तरीय समिति की बैठक में एसडीएम संजीत सिंह ने कहा कि नशे को रोकने के लिए सिर्फ युवाओं और बच्चों को ही नहीं, बल्कि उनके अभिभावकों को भी विशेष रूप से जागरूक करना आवश्यक है। बैठक में विभिन्न विभागों, पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने अभियान को जन आंदोलन बनाने और गतिविधियों की रूपरेखा तय करने पर चर्चा की। एसडीएम ने बच्चों के आसपास 100 मीटर की परिधि में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने, नशा विरोधी समितियों को सक्रिय रखने और नशे की तस्करी की सूचना तुरंत पुलिस को देने के निर्देश दिए। तहसील कल्याण अधिकारी सतीश कुमार सहित समिति के सदस्य भी बैठक में उपस्थित रहे।

### प्रतिभाशाली बेटियों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय हमीरपुर ने क्षेत्र की प्रतिभाशाली बेटियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और उपलब्धियों के लिए बुधवार को सुधार सभा भवन में सम्मानित किया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने की। डॉ. वर्मा ने कहा कि इन बेटियों ने परिश्रम, दृढ़ संकल्प और मेहनत से सफलता के उच्च मुकाम हासिल किए हैं और उन्हें इसी लगन के साथ आगे बढ़ना चाहिए। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीता ने बेटियों का स्वागत करते हुए उन्हें अपनी क्षमताओं पर भरोसा बनाए रखने और जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव से नहीं डरने की सलाह दी। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय गान, सरस्वती वंदना, रंगोली और कव्वाली प्रस्तुतियों के माध्यम से विभाग की योजनाओं से जागरूकता भी बढ़ाई गई।

### अनिल वरिष्ठ उपप्रधान व संजीव बने महासचिव

संजीव, अनंत ज्ञान, भोटा। भोटा व्यापार मंडल के प्रधान सन्नी शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें की व्यापार मंडल भोटा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपप्रधान के पद पर अनिल धीमान, कमल दुग्गल, पंकज वर्मा और पंकज कालगो को सह- उपप्रधान के पद पर मनोनीत किया गया और महासचिव के पद पर संजीव भाटिया एवं सह सचिव विनोद कटना एवं सुशांक गुप्ता को नियुक्त किया गया। इसी के साथ संजीव भाटिया, विनोद कटना एवं सुशांक गुप्ता को मीडिया प्रभारी का कार्यभार भी सौंपा गया। कोषाध्यक्ष के पद पर अशोक कटना एवं पवन चौधरी को नियुक्त किया गया है।

### 6.6 लाख से समाजसेवा में नई मिसाल की स्थापित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। ऊहल क्षेत्र में 2011 में स्थापित सजीवनी मानव कल्याण संस्था सामाजिक सेवा और मानवता का प्रतीक बन चुकी है। 30 सदस्यों से शुरू हुई यह संस्था अब 230 सक्रिय सदस्यों के बड़े समूह में विकसित हो चुकी है। संस्था आगजनी, गंभीर बीमारी, प्राकृतिक आपदा, गरीब परिवारों की सहायता और बच्चों की शिक्षा जैसे कई सामाजिक क्षेत्रों में मदद प्रदान करती है। अब तक कुल ₹6.6 लाख की आर्थिक सहायता वितरित की जा चुकी है, जबकि संस्था के पास भविष्य में सेवा कार्यों के लिए ₹4 लाख की एफडी भी है। संस्था के अध्यक्ष शास्त्री रमेश चंद ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल मानव सेवा है और सभी सदस्य निःस्वार्थ भाव से समाज के जरूरतमंदों तक पहुंचते हैं।

### पोस्टर मेकिंग में आकांक्षा ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन। सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन में बुधवार को आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ द्वारा स्लोगन राइटिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्राकृतिक व मानव-जनित आपदाओं से निपटने की समझ विकसित करना था। मुख्य अतिथि प्रिंसिपल डॉ. सुशील कुमार बस्सी ने छात्रों की सृजनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना की और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रतियोगिता में पोस्टर मेकिंग में आकांक्षा ने प्रथम, कामिनी ने द्वितीय तथा कनिष्का गिल और कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग में श्रेया डोगरा प्रथम, रंजू द्वितीय और तन्वी व शालू ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन आपदा प्रबंधन समिति ने किया।

## सरकार ने जानबूझकर पत्रकारों को सत्र कवरेज से रखा दूर: राजेंद्र राणा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

हिमाचल विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कई वरिष्ठ पत्रकारों और प्रेस गैलरी कमेटी के सदस्यों को प्रवेश न मिलने के मामले ने राजनीतिक गर्मी बढ़ा दी है। प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने इस निर्णय को सीधे-सीधे प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला करार देते हुए सुक्खू सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

बुधवार को यहां जारी एक बयान में राजेंद्र राणा ने कहा कि सरकार ने जानबूझकर पत्रकारों को सत्र कवरेज से दूर रखा, ताकि विधानसभा के अंदर उठ रहे सवाल और सरकार की कमियां जनता तक न पहुंच सकें। उन्होंने आरोप लगाया कि कई अनुभवी पत्रकारों के नाम सीएम कार्यालय के दबाव में सूची से हटाए गए, जो लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा प्रहार है। भाजपा नेता ने कहा कि हिमाचल की राजनीतिक परंपरा में हर सरकार ने मीडिया को सम्मान दिया है, जबकि मौजूदा शासन ने प्रेस की स्वतंत्रता को सीमित करने की कोशिश की है।

### ▶ सुक्खू सरकार पर लगाया प्रेस की आजादी कुचलने का आरोप

उन्होंने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव कुमार की भूमिका पर भी सवाल उठाए और दावा किया कि विभाग उन पत्रकारों को चुन रहा है जिन्हें विधानसभा कवरेज की अनुमति दी जाएगी। जबकि विधानसभा कवरेज की अनुमति देने का अधिकार सदैव स्पीकर के पास रहा है।

राणा ने आरोप लगाया कि विभागीय हस्तक्षेप और सूची में की गई कटौती सत्ता के दबाव में की गई कार्रवाई है, जिसका उद्देश्य पत्रकारों को रोकना और असुविधा में डालना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार नौकरशाही के माध्यम से प्रेस गैलरी को नियंत्रित कर लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भाजपा इस मुद्दे को सड़क से लेकर सदन तक उठाएगी और प्रेस की स्वतंत्रता पर कोई समझौता नहीं होने दिया जाएगा।

## वीरभद्र फाउंडेशन ने गोलू को दी 50,000 की सहायता राशि



अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

हमीरपुर के शासन गांव में हत्या का शिकार हुई रंजना के बेटे गोलू को वीरभद्र फाउंडेशन अध्यक्ष लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य आर्थिक सहायता के तौर पर दिया पच्चास हजार का चैक दिया है।

वीरभद्र फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सासन गांव में हत्या का शिकार हुई रंजना के दिव्यांग बेटे गोलू की हालत को देखकर स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह की भांति असहाय लोगों पर दरियादिली दिखाने की रिवायत को निभाते हुए गोलू को पच्चास हजार रुपए का चेक दिया। वीरभद्र फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह गत सप्ताह अपने हमीरपुर प्रवास के दौरान सासन गांव में गोलू से मिलने उनके घर गए थे और उनके परिवार से मिलकर उन्हें हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया था।

सहायता राशि का चेक वीरभद्र फाउंडेशन के अध्यक्ष विक्रमादित्य की ओर से फाउंडेशन के स्थाई सदस्य राजेश पठानिया, पंकज मन्हास व अखिलेश चौधरी ने गोलू के घर जाकर उन्हें सौंपा। फाउंडेशन के स्थाई सदस्य राजेश पठानिया ने कहा कि वीरभद्र फाउंडेशन का गठन प्रदेश में असहाय व आर्थिक तौर पर कमजोर लोगों की मदद करने के उद्देश्य के लिए ही किया गया है।

**चुनाव** जिला सहकारी विकास संघ के डायरेक्टर के चुनाव मुकम्मल, भाजपा का दबदबा कायम

# यशवीर पटियाल लगातार तीसरी बार जीते

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान

हमीरपुर। जिला सहकारी विकास संघ के निदेशक मंडल के चुनाव मुकम्मल हो गए हैं। बुधवार को जिन चार जोन के चुनाव वोटिंग के द्वारा हुए, उनमें सबसे ज्यादा मतों से बिझड़ी जोन से यशवीर पटियाल चुनाव जीते हैं। कुल मिलाकर इस जिला में 7 जोन हैं। जिनमें तीन के चुनाव आम सहमति से हो गए थे और बाकी चार जोन के चुनाव बुधवार को यहां सहकारी विकास संघ के कार्यालय में हुए। संघ के चुनावों में भाजपा से ताल्लुक रखने वाले निदेशकों का दबदबा इस बार भी कायम रहा है।

यशवीर पटियाल लगातार तीसरी मर्तबा चुनाव जीते हैं। अब अध्यक्ष पद के लिए होने वाले चुनाव के लिए उन्हीं की दावेदारी सबसे मजबूत मानी जा रही है।

उधर, भाजपा ने भी इन चुनावों में पार्टी समर्थकों की जीत पर खुशी जताई है। जीत के बाद यशवीर पटियाल ने इसका सारापूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल और सांसद अनुराग ठाकुर को दिया है। पार्टी ने दावा किया है कि कुल 7 निदेशक पदों में से 5 पर भाजपा का कब्जा हुआ है। इनमें से 2 निदेशक पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके थे, जबकि शेष 5 पदों पर हुए चुनावों में भाजपा समर्थित 3 प्रत्याशियों ने विजय प्राप्त कर संगठन की मजबूती और जनसमर्थन को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया है। भाजपा की इस महत्वपूर्ण जीत से पूरे जिला भाजपा संगठन में उत्साह का माहौल है। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, बड़सर के विधायक इंदरदत्त लखनपाल, जिला महामंत्री अजय रिंटू तथा राजेश सेहगल, जिला कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा सहित जिला भाजपा के पदाधिकारियों ने सभी नव-निर्वाचित निदेशकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



### पटियाल बोले- अध्यक्ष पद की नहीं कोई व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा, सहकारिता के लिए मिलकर करेंगे कार्य

चुनाव में जीत के बाद यशवीर पटियाल ने स्पष्ट किया कि उन्होंने अध्यक्ष पद के लिए न तो पहले और न ही अब कोई व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा रखी है। उन्होंने कहा कि चुने हुए सभी प्रतिनिधि जो भी निर्णय लेंगे, उसका सम्मान किया जाएगा। सहकारिता क्षेत्र के विकास के लिए सभी मिलकर काम करेंगे और चुनाव अधिकारी द्वारा तय की गई तिथि पर अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव भी संपन्न होंगे।

### कौन-कौन कहां से जीता

हमीरपुर जोन से विजय रहे अशोक कुमार को 15 और यशवंत सिंह राणा को नौ मत हासिल हुए।

नादौन जोन से कुल पड़े 22 मतों में से विजयी रहे कमल किशोर को 12 और राजेंद्र सिंह मंडयाल को 10 मत मिले।

टौणीदेवी जोन में तिकोना मुकाबला था यहां 17 मत लेकर बलबीर सिंह विजय रहे हैं जबकि अन्य दो उम्मीदवारों में आरसी डोगरा को 13 जबकि शेर सिंह को तीन मत ही हासिल हुए हैं।

बिझड़ी जोन में यशवीर पटियाल 12 मतों के साथ विजय घोषित हुए हैं जबकि उनके साथ चुनाव लड़े संजय कुमार को केवल पांच ही मत हासिल हुए हैं। अन्य तीन जोन में पहले ही उम्मीदवार निर्विरोध चुने जा चुके हैं।



# कांग्रेस ने किया 'भाजपा भगाओ, बेटी बचाओ' प्रदर्शन

## सदन के बाहर सत्ता पक्ष ने यौन शोषण के आरोपों से घिरे भाजपा विधायक का मांगा इस्तीफा

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** तपोवन विधानसभा परिसर के बाहर बुधवार को सुक्खू सरकार के मंत्रियों और कांग्रेस विधायकों ने भाजपा के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लेकर कांग्रेस विधायक और मंत्री सदन से बाहर आए और सीढ़ियों पर बैठकर मंत्री और विधायकों ने भाजपा भगाओ, बेटी बचाओ के नारे लगाए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाने वाली भाजपा खुद ही नियमों की धज्जियां उड़ाने का काम कर रही है।

विधानसभा के बाहर प्रदर्शन में मंत्री, जगत सिंह नेगी, मंत्री चंद्र कुमार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी और कांग्रेस विधायक कमलेश ठाकुर, विधायक भवानी सिंह पठानिया और लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा सहित कई नेता मौजूद रहे।



तपोवन में विधानसभा शीतकालीन सत्र के पहले दिन कांग्रेसी नेता भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

### चुराह के विधायक पर लगे हैं युवती से शोषण के आरोप

**कांग्रेस** ने यह प्रदर्शन चुराह के भाजपा विधायक हंसराज पर युवती से शारीरिक शोषण के आरोप लगने के बाद किया गया। सदन के बाहर कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोला। इस मामले में मंडी के एक विधायक का नाम भी जुड़ा था।

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा के लोग कहते है कि हिमाचल में कानून व्यवस्था का मसला है, लेकिन कानून व्यवस्था का मामला तो बीजेपी पार्टी की वजह से हो रहा है। बीजेपी के बुजुर्ग, युवा नेता से लेकर विधायक तक सारे के सारे यौन शोषण मामले में उलझे हुए हैं। इसके ऊपर भाजपा के जो नेता हैं, उनके मुंह पर ताला लगा हुआ है। इस बारे में वे लोग एक शब्द नहीं बोलते। सबसे बड़ा कानून व्यवस्था का प्रॉब्लम जो है, वो यौन शोषण का है और बीजेपी पार्टी के अनेक पदाधिकारी है, वे इसमें सम्मिलित हैं।

### कानून व्यवस्था पर बहस मांग रही भाजपा विधायक तोड़ रहे नियम

**जगत** सिंह नेगी ने आरोप लगाया कि भाजपा कानून-व्यवस्था पर भाजपा बहस की मांग तो कर रही है, लेकिन उनके ही विधायक नियम तोड़ने की घटनाओं में शामिल हैं। यौन शोषण में फंसे भाजपा विधायक उसी बिगड़ती व्यवस्था का सबसे बड़ा उदाहरण हैं। भाजपा सदन की गरिमा पर बात करती है, लेकिन खुद उसके नेता ही अनुशासन भंग कर रहे हैं। राजस्व मंत्री ने कहा कि भाजपा कानून-व्यवस्था पर बड़ी-बड़ी बातें कर रही है, लेकिन सच्चाई यह है कि उनके ही विधायक लगातार नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। विधानसभा की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है, लेकिन जो लोग कानून का पाठ पढ़ाते हैं, वही सबसे पहले उसे तोड़ते हैं। उन्होंने कहा हमने तख्तियां लेकर विरोध इसलिए किया है, ताकि जनता के सामने यह दोहरा चरित्र साफ हो सके। भाजपा को पहले अपने विधायकों को नियंत्रित करना चाहिए, उसके बाद ही कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाने चाहिए। कांग्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखती है, लेकिन अन्याय और इस तरह के व्यवहार पर चुप नहीं रह सकती।

# सत्र में काम रोको प्रस्ताव लाना बनी विपक्ष की रूटीन : सीएम

## कसा तंज; कहा-तनाव में रहते हैं हमारे विपक्षी नेता, सत्ता पक्ष को लेकर करते हैं भविष्यवाणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि विपक्ष कब नहीं स्थगन प्रस्ताव लेकर आया और कब नहीं सरकार ने स्वीकार किया। विपक्ष काम रोको प्रस्ताव नियम 67 के तहत लाया गया, यह प्रस्ताव ऐसी स्थिति में लाया जाता है, जब भयंकर परिस्थितियां हों, आपदाएं आई हों, लेकिन यह भाजपा की रूटीन बन गई है कि जब भी सत्र शुरू होता है, सुर्खियों में बने रहने के लिए इस प्रकार का काम रोको प्रस्ताव लाए।

बुधवार को शीतकालीन सत्र के पहले दिन तपोवन विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में सीएम ने कहा कि विपक्ष पंचायतीराज चुनावों से संबंधित प्रस्ताव लाया है, लेकिन प्रस्ताव लाने से पहले विपक्ष को यह सोचना चाहिए था कि ऐसी स्थिति है, प्रस्ताव पर चर्चा चल रही है, जैसे ही चर्चा समाप्त होगी, तो हम भी जवाब देंगे।

**विपक्ष ने आरोप लगाए, हम जवाब देंगे, लेकिन तथ्य तो हों**



सीएम ने कहा कि मैं कह सकता हूं कि भाजपा 5 गुटों में बंटी हुई है, एक विपक्षी विधायक दल में देखने को मिल रहा है कि पहले मैं प्रस्ताव लाऊं, मुझे लगता नहीं कि विपक्षी दल के नेता को इस बारे में जानकारी होगी, लेकिन उन्हें बोलना पड़ता है।

सीएम ने तंज कसते हुए कहा कि हमारे विपक्षी नेता तनाव में रहते हैं और सत्ता पक्ष के बारे में ज्यादा भविष्यवाणी करते हैं, वे भविष्य वक्ता बन गए हैं। सीएम ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष सत्ता पक्ष पर आरोप लगाएं, हम उसका जवाब देंगे, लेकिन तथ्य को बताएं।

### घोषित राशि की पहली या दूसरी किस्त तो दिलाएं

**सीएम** ने कहा कि कुछ सड़कें अभी नहीं जुड़ पाई हैं। सड़कों को दुरुस्त करने और प्रभावितों को बसाने का कार्य सरकार का है। भाजपा अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए इस बात का राजनीतिकरण कर रही है। पीएम ने 1500 करोड़ की घोषणा की है, नेता प्रतिपक्ष को कहना चाहता हूं कि हम आपके नेतृत्व में जाने को तैयार हैं, लेकिन घोषित राशि की पहली या दूसरी किस्त को दिलाइए। हम अपने संसाधनों से आपदा प्रभावितों को राहत दे चुके हैं, शेष जो बचे हैं, उन्हें 11 दिसंबर को राहत देंगे।

### ऊना मामले में सख्ती से निपटेंगे

**सीएम** ने कहा कि ऊना के लॉ एंड ऑर्डर के मामले में डीसी व एसपी ऊना को बुलाया था, जिन्हें कहा गया है कि इस मामले में सख्ती से निपटा जाएगा। उन्हें एक माह का समय दिया है। चिटटे के खिलाफ प्रदेश सरकार गंभीर है, एक दिसंबर को धर्मशाला में वॉकाथान का आयोजन किया जाएगा।

### पड्डल मैदान में दिखाएंगे सरकार का दृष्टिकोण

**सीएम** ने कहा कि 11 दिसंबर को कांग्रेस सरकार का पड्डल मैदान में दृष्टिकोण दिखाया जाएगा कि किस तरह व्यवस्था परिवर्तन में हम तीन साल में कैसे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं, हमने भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों को बंद करके 3 हजार करोड़ का राजस्व कमाया। पूर्व भाजपा सरकार को 50 हजार करोड़ रुपए ज्यादा मिला है, जबकि हमारी कांग्रेस सरकार को तीन साल में 50 हजार करोड़ रुपए कम मिला है, पैसा कम मिलने के बावजूद हम पैसे का सदुपयोग कर रहे हैं। कुछ पेमेंटस में देरी हुई है, हम स्वीकार करते हैं, कुछ ठेकेदारों की पेमेंट में देरी होती है।

### सीएम बोले-बंजार में आग प्रभावितों को देंगे राहत

**सीएम** ने कहा कि बंजार में आपदा प्रभावितों परिवार, जिनकी मेहनत की कमाई से घर बना था, वो आग में जल गए। सरकार ने प्रभावितों को राहत देने का फैसला लिया है। जिनका घर जला है, उन्हें सात लाख घर बनाने और एक लाख रुपए जले हुए सामान के लिए देंगे।

# व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर संवैधानिक व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ा रही सरकार : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विधानसभा सत्र के पहले दिन के समापन के बाद मीडिया से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का नारा देकर संवैधानिक व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। पंचायत के चुनाव स्थगित करने के लिए ऐसे तर्क दिए जा रहे हैं जिनका कोई औचित्य नहीं है।



आपदा प्रभावित क्षेत्रों में 5 महीने बाद भी सरकार द्वारा डैमेज रिपोर्ट भी पूरी नहीं हो पाई है। राहत देने का काम भी अभी शुरू नहीं हो पाया है। मुख्यमंत्री कहते हैं कि सब कुछ तहस-नहस हो गया है और लोक निर्माण मंत्री रहते हैं कि 10 से 15 सड़कें ही बंद हैं।

जयराम ने कहा कि सरकार पंचायत चुनाव टालने के लिए आपदा का सहारा ले रही है, जबकि आपदा प्रभावितों के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठा रही है। पंचायत चुनाव को टालने का प्रयास भी संविधान के खिलाफ है, लेकिन सरकार की मंशा पंचायत चुनाव को लेकर पहले से ही स्पष्ट थी। किसके कारण हुआ राज्य चुनाव आयोग द्वारा पंचायत चुनाव से जुड़ी तैयारियों में किसी न किसी तरह अड़ंगा लगाती रही। जब से राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव से जुड़े कदम उठा रहा है तो सरकार नियम विरुद्ध जाकर निर्वाचन आयोग के कार्य में हस्तक्षेप कर रही है।

निर्वाचन आयोग ने जब आरक्षण रोस्टर तैयार करने के लिए कहा तो सरकार ने रोस्टर निर्धारण पर रोक लगा दी। जब पंचायत पुनर्सीमांकन और चुनाव की तैयारियों को अमलीजामा पहनाने के निर्देश दिए तो भी सरकार ने आपदा के नाम पर अड़ंगा लगाया। जयराम ने कहा कि सरकार भारतीय जनता द्वारा पार्टी के विधायकों द्वारा पूछे गए महत्वपूर्ण सवालों को स्थगित कर देती है यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।

जयराम ने दिल्ली से कांगड़ा यात्रा के दौरान हिमाचल प्रदेश महिला कबड्डी वर्ल्ड कप की टीम के हिस्सा रही हिमाचल की बेटियों पुष्पा राणा, भावना ठाकुर व चंपा ठाकुर से मुलाकात कर सभी को चैंपियन बनकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी और उनके साथ सेल्फी ली।

### आपदा का बहाना बनाकर चुनाव टालने की कोशिश न करे सरकार : सुरेंद्र शौरी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि सरकार अनावश्यक रूप से चुनाव से भागती आ रही है, अगर चुनाव नहीं होंगे तो पंचायतों का विकास कैसे होगा, ग्राम सभाएं कैसे होगी। लोगों का विश्वास सरकार से उठ रहा है। शौरी ने पूछा कि प्रदेश में ऐसी स्थिति क्यों बनी है। सरकार आपदा का बहाना बनाकर चुनाव टालने की कोशिश न करे।

### भाजपा ने किया सत्र के दौरान काम रोकने का काम : संजय



**कांग्रेस** विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि 3 साल में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विधानसभा सत्र के दौरान भाजपा ने काम रोकने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज दिन तक आपदा की राशि केंद्र से नहीं मिली है।

### चुनाव टालना लोकतांत्रिक अधिकारों को छीनने का प्रयास : त्रिलोक



**बिलासपुर** के विधायक त्रिलोक जम्बाल ने कहा कि चुनावों को टालकर लोकतांत्रिक अधिकारों को छीनने का प्रयास किया जा रहा है। अब चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिसमें पंचायतों के गठन की प्रक्रिया चलाई गई थी, उसमें काफी पैसा खर्च किया गया था। जंबाल ने प्रदेश सरकार कहा कि सबसे अधिक आपदा के स्थान पर सेलिब्रेशन की जा रही है।

### आपदा के बावजूद राहत दे रही सरकार : नंद लाल



**पंचायती** चुनावों को लेकर कांग्रेस विधायक नंदलाल ने कहा कि भाजपा को कैसे पता कि पंचायत चुनावों में भाजपा की जीत होगी। उन्होंने कहा कि आपदा के बावजूद सरकार लोगों को राहत प्रदान कर रही है। वहीं, भाजपा विधायक जीत राम कटवाल ने कहा कि प्रजातंत्र की भावना बरकरार रहनी चाहिए।

### घोषित राशि नहीं पहुंची, राहत में हो रही देरी : चंद्रशेखर



**काम** रोको प्रस्ताव पर बोलते हुए धर्मपुर के विधायक चंद्रेशखर ने कहा कि आपदा के लिए घोषित 1500 करोड़ की राशि अभी तक पहुंची नहीं है, ऐसे में आपदा राहत में बड़ी देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि जनगणना 2021 में प्रस्तावित थी, उसे अब छह वर्ष देरी से 2027 में करवाए जाने की बात कही जा रही है। ऐसे में प्रदेश में आई बड़ी आपदा में मात्र 60 दिनों में कैसे निपटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आपदा को देखते हुए चुनाव कुछ समय देरी से होने पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### कौन सी मशीनरी सड़कों पर कर रही काम : राकेश जम्वाल



**भाजपा** विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि प्रदेश में यह किस प्रकार की सरकार चल रही है। सरकार बार-बार डिजास्टर एक्ट का बहाना बनाकर पंचायत चुनावों को टालना चाह रही है। सरकार बताए कौन सी मशीनरी सड़कों पर काम कर रही है। सरकार से हमारी मांग है कि पंचायत चुनावों को समय पर करवाया जाए।

### राहत को जमीनी स्तर पर हो रहा काम : राम कुमार



**दून** सोलन के विधायक राम कुमार ने कहा कि आपदा से समस्त हिमाचल के साथ-साथ उनका विधानसभा क्षेत्र भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से आपदा राहत को जमीनी स्तर पर कार्य किया जा रहा है। अभी राज्य में पंचायत चुनावों को लेकर तैयारी नहीं की जा सकी है।

### पंचायत चुनाव को संजीदा नहीं विपक्ष : ब्राक्टा



**कांग्रेस** के रोहड़ू शिमला के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने कहा कि विपक्ष पंचायत चुनावों को लेकर बहुत अधिक संजीदा नहीं है, उनका मकसद वॉकआउट करने की थी, जो कि कामयाब नहीं हो पाई। विधायक मोहन ने कहा कि पंचायत चुनाव पार्टी सिंबल पर नहीं होते हैं, ऐसे में चुनाव को लेकर डर की कोई बात नहीं है। डरे तो हम तब भी नहीं थे, जब सरकार गिराने की नाकामयाब कोशिश की थी। 23 जनवरी 2026 को अंतिम तिथि चुनावों की है, ऐसे में थोड़ा आगे पीछे आपदा की स्थिति को देखते हुए हो सकता है।

### आपदा के नाम पर पंचायतों में लगाए जा रहे डंगे : गांधी



**बल्ह** मंडी के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि पंचायत चुनावों को कांग्रेस चुनाव की झूठी गारंटियों से बचने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने गारंटियों पर भी कड़े सवाल उठाए। गांधी ने कहा कि आपदा के नाम पर कई पंचायतों में बड़े स्तर पर मात्र डंगे लगाए जा रहे है, जिसमें भ्रष्टाचार की भी भू आ रही है।

### चुनाव आयोग की बात न करे विपक्ष तो बेहतर : सुरेश



**कांग्रेस** विधायक सुरेश कुमार ने कहा है कि, गांव में बहुत से लोगों का पुनर्वास होना है, यह एक कारण हो सकता है। चुनाव आयोग से टकराव पर विधायक सुरेश कुमार ने कहा है कि चुनाव आयोग की बात भाजपा न करे तो बेहतर है।

### संविधान दिवस पर विधानसभा अध्यक्ष ने सदस्यों को दिलाई संविधान की शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश की 14वीं विधानसभा का शीतकालीन सत्र बुधवार को शुरू हो गया। राष्ट्रगान के साथ सदन की कार्यवाही शुरू हुई है। संविधान दिवस के अवसर पर सदस्यों ने संविधान की शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सदन के सभी सदस्यों को संविधान की शपथ दिलाई। विधानसभा की कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सदन में पूर्व विधायक स्वर्गीय बाबू राम गौतम के प्रति शोकोदगार प्रस्ताव रखा। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी शोक प्रस्ताव में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय बाबू राम गौतम के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा विधायक दल को भी इस शोकोदगार प्रस्ताव में शामिल समझा जाए। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। वहीं, कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने बाबू राम गौतम को याद करते हुए कहा कि वे आम आदमी की लड़ाई लड़ते थे।

## शीतकालीन सत्र से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय में हुई सर्वदलीय बैठक

# समस्याओं को प्रमुखता से उठाएं, सबको मिलेगा चर्चा का मौका : विधानसभा अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

तपोवन विधानसभा भवन में बुधवार पूर्वाह्न 10:15 बजे हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने अपने कार्यालय कक्ष में सत्र से पूर्व आयोजित सर्वदलीय बैठक में सत्ता पक्ष तथा प्रतिपक्ष के सभी माननीय सदस्यों से शीतकालीन सत्र के संचालन में रचनात्मक सहयोग देने की अपील की है। इस बैठक में हिमाचल प्रदेश सरकार के उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया तथा भाजपा विधायक दल के मुख्य सचेतक सुखराम चौधरी उपस्थित थे। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।



विधानसभा सत्र से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय में सर्वदलीय बैठक करते हुए कुलदीप सिंह पठानिया।

बैठक के दौरान कुलदीप सिंह पठानिया ने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा की अपनी एक गरिमा है तथा इसका गौरवमयी इतिहास रहा है। अत: इसके अनुरूप सभी माननीय सदस्य नियमों की परिधि में अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएं तथा उस पर सार्थक चर्चा करें ओर सरकार से उसका उत्तर पाएं। उन्होने सत्ता पक्ष से अनुरोध किया है कि वे माननीय सदस्यों को उनकी सूचनाओं का तथ्यों सहित शीघ्र जवाब दें। पठानिया ने कहा कि उनका भरसक प्रयास रहेगा कि वे सभी को अपनी-अपनी बात रखने का मौका देंगे, ताकि सदन का समय सार्थक तथा व्यवहारिक चर्चा में व्यतीत हो।

पठानिया ने इस अवसर पर कल सदन में लाए जाने वाले विषयों पर जानकारी भी दी और यह आश्वस्त किया कि वे जनहित में उठाए जाने वाले विषयों पर सभी को चर्चा का मौका देने का प्रयास करेंगे।

## विधानसभा की झलकियां



विधानसभा के शीतकालीन सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को पुष्पगुच्छ भेंट करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।



तपोवन विधानसभा में शीतकालीन सत्र का संचालन करने पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत करते प्रदेश सरकार के उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया।



तपोवन विधानसभा भवन में शीतकालीन सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बुधवार को नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से हाथ मिलते हुए।



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया व अन्य के साथ सदन की ओर जाते सीएम सुक्खू।



विधानसभा सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने जाते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, बिक्रम ठाकुर व अन्य।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को धर्मशाला के तपोवन विधानसभा परिसर में दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा कृषा द्वारा बनाई गई पर्यावरण संरक्षण के महत्व को दर्शाती पेंटिंग भेंट करते हुए।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से धर्मशाला के तपोवन में लाहौल-स्पीति से आया प्रतिनिधिमंडल विधायक अनुराधा राणा के साथ मिलता हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं को बताई आरबीआई की कार्यप्रणाली

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ तथा करियर काउंसिलिंग गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल की सहभागिता से आरबीआई शिमला द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण एवं भागीदारी को बढ़ाने तथा नौकरी के विभिन्न अवसरों के प्रति जागरूक किया। आरबीआई शिमला के सहायक प्रबंधक आनंद ने आरबीआई की कार्यप्रणाली तथा महिलाओं के प्रति सजगता से अवगत करवाया। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने छात्राओं के लिए इस कार्यक्रम को महत्वपूर्ण व स्वावलंबन के लिए अति आवश्यक बताया। महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ की समन्वयक प्रोफेसर कल्पना ऋषि ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. अनीता सरोच, प्रोफेसर मनीषा, प्रो. सुनीता, प्रो. पूनम, प्रो. पूजा, प्रो. किरण, प्रो. भावनिका उपस्थिति रहीं।

### जयसिंहपुर कॉलेज में मनाया संविधान दिवस

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर कॉलेज परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन और शपथ ग्रहण करवाया गया। प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने संविधान के मूल मूल्य-न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे राष्ट्र की प्रगति का मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम में शिक्षक, गैर-शिक्षक वर्ग, एनएसएस-एनसीसी स्वयंसेवक और बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने संविधान निर्माण, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। राजनीतिक विज्ञान विभाग की प्रो. सरजनी नेगी ने युवाओं में संवैधानिक जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्राचार्य ने एनएसएस इकाई को बधाई दी।

### नगरोटा सूरियां कॉलेज में एनएसएस शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, देहरा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा सूरियां में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य हरभजन सिंह सोहल ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर स्टूडेंट्स की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और रोचक बना दिया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य सोहल ने स्वयंसेवकों से अनुशासन और सहयोग के साथ शिविर की महत्ता को बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारियों सुदेश शर्मा और अंजना धीमान ने शिविर के विभिन्न विषयों और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी तथा स्वयंसेवकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वरिष्ठ प्रवक्ता मनजीत सिंह सिद्धू ने भी शिविर की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य पुनीत मंडल सहित अनेक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### जवाली सिविल अस्पताल में तीन डॉक्टर तैनात

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** सिविल अस्पताल जवाली में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए सरकार की ओर से तीन नए डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय पाल सिंह शरावत, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रीतू तुरिया, और मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. श्रुति शर्मा ने कार्यभार संभाल लिया है। लोगों ने कहा कि अब गंभीर बीमारियों के लिए टांडा और नूरपुर जाने की मजबूरी काफी हद तक खत्म हो जाएगी। लोगों ने स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू, कृषि मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार, स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल का आभार जताया है।

### महान मार्शल आर्ट मास्टर से प्रशिक्षण लेना गर्व : पवन

**अनंत ज्ञान पिंकी डाडासीबा।** डाडासीबा के कराटे एक्सपर्ट सेंसई पवन के लिए कसौली में आयोजित रेनबूकाई कराटे कैंप एक नई ऊर्जा और कराटे की मूल फिलॉसफी से दोबारा जुड़ने का अवसर साबित हुआ। कैंप का नेतृत्व रेनबूकाई कराटे-डू दरुमा जुकू इंडिया के चीफ टेक्निकल डायरेक्टर सुबोध धीमान ने किया। सेंसई पवन ने कहा कि सुबोध धीमान जैसे महान मार्शल आर्ट मास्टर से प्रशिक्षण लेना गर्व की बात है, क्योंकि वे केवल तकनीक नहीं बल्कि जीवन की सोच भी सिखाते हैं। पवन पिछले 19 साल से मार्शल आर्ट से जुड़े हैं और उनके सेंटरों में सैकड़ों बच्चे प्रशिक्षण ले रहे हैं। सुबोध धीमान ने खिलाड़ियों को खिओन, काता, कुमिते, बैलेंस, फ्लेक्सिबिलिटी, ब्रीद कंट्रोल और आत्मरक्षा तकनीकों की गहराई से समझ दी। पवन ने अपने गुरु सेंसई संजीव ठाकुर का विशेष आभार जताया।

# सीएम सुक्खू ने शहीद विंग कमांडर नामांश के परिजनों को बंधाया ढांढस

## मुख्यमंत्री सहित कांग्रेस नेताओं ने शहीद के घर पहुंचकर अर्पित की श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दुबई एयर शो में शहीद हुए नगरोटा बगवां के शहीद विंग कमांडर नामांश स्याल के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी और ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री के साथ स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल, कृषि मंत्री चंद्र कुमार, आयुष मंत्री यादविंदर गोमा, एचपीटीडीसी के चेयरमैन रघुवीर बाली, विधायक सुरेश कुमार व कमलेश ठाकुर मौजूद रहे। विधायक कमलेश ठाकुर ने भी शहीद के परिजनों से अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। मुख्यमंत्री और उनकी विधायक धर्मपत्नी ने शहीद नामांश को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।


शहीद विंग कमांडर नामांश के घर पहुंचकर पिता को सांत्वना देते सीएम।

### जयराम ने भी घर जाकर दी सांत्वना

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी नगरोटा बगवां स्थित शहीद विंग कमांडर नामांश सयाल के पैतृक निवास पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि देश ने एक कर्तव्यनिष्ठ फाइटर पायलट को खो दिया है, जिसकी भरपाई संभव नहीं। जयराम ठाकुर ने परिवार को धैर्य रखने व ईश्वर से शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार और पूर्व विधायक अरुण कुमार सहित अन्य नेता उपस्थित रहे।

### एक अदम्य साहस वाले फाइटर पायलट : अनुराग

**सांसद** और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर बुधवार को शहीद विंग कमांडर नामांश सयाल के नगरोटा बगवां स्थित पैतृक घर पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि देश ने एक बहादुर और कर्तव्यनिष्ठ फाइटर पायलट को खोया है, जिसकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकती। अनुराग ठाकुर ने आश्वासन दिया कि घटना की निष्पक्ष व त्वरित जांच के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और पोस्टमार्टम रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए उच्च स्तर पर फॉलोअप किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में पूरा देश सयाल परिवार के साथ खड़ा है।

# दिसंबर के पहले सप्ताह मनाया जाएगा इंदिरा प्रियदर्शिनी सम्मान समारोह

## लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह होंगे मुख्यातिथि

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** प्रियदर्शिनी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल पालमपुर (पट्टी) में दिसंबर के पहले सप्ताह 33वां इंदिरा प्रियदर्शिनी सम्मान समारोह तथा वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। स्कूल के एमडी राकेश रॉकी ने बताया कि इस पुरस्कार सम्मान समारोह में लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह मुख्यातिथि तथा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन राजेश शर्मा व पालमपुर विधायक आशीष बुटेल विशेष अतिथि के तौर में उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने कहा कि पहले इस समारोह का आयोजन 30 नवंबर को किया जाना था, लेकिन मंत्री की व्यस्तता के कारण अब दिसंबर के पहले सप्ताह में किया जाएगा। हमारी स्कूल की संस्था उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करती है।

इस बार भी हम स्कूल संस्था की तरफ से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आठ लोगों को सम्मानित करने जा रहे हैं, जिनमें प्रशासनिक अधिकारी अजय शर्मा, पहाड़ी गीतकार करनैल राणा, चिकित्सा के क्षेत्र से अरविंद शर्मा, मीडिया से, शिल्पकारिता में विनय अवस्थी, शिक्षा क्षेत्र से नीरज सूद तथा साइंटिस्ट प्रदीप कुमार को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ 2024-25 में दसवीं तथा 12वीं कक्षाओं में बेहतरीन पोजिशन हासिल करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा।


उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोग किए जाएंगे सम्मानित।

उन्होंने ने कहा कि हमारे स्कूल के खिलाड़ियों ने जिला तथा राज्यस्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताओं में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। स्कूल संस्था की तरफ से उनको भी पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान प्राचार्य संजीव कुमार व उपप्राचार्य रजत भी मौजूद रहे।

## नगरोटा सूरियां कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

# 400 मीटर दौड़ में तनू ने मारी बाजी

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**देहरा।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का आगाज हो गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा ने किया। खेल प्रभारी प्रो. अजय कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्रो. अजय कुमार ने सभी छात्रों को खेल को खेल की भावना से खेलने की शपथ दिलाई। प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा ने उद्घाटन भाषण देकर छात्रों में खेल की भावना को प्रोत्साहित किया।

इस खेल महोत्सव में लंबीकूद (पुरुष वर्ग व महिला वर्ग), 400 मीटर दौर (पुरुष वर्ग व महिला वर्ग), चक्का फेंक (पुरुष वर्ग व महिला वर्ग), वॉलीबाल (पुरुष वर्ग व महिला वर्ग), गोला फेंक (पुरुष वर्ग व महिला वर्ग), टेबल टेनिस (पुरुष वर्ग व महिला वर्ग) इत्यादि खेल आयोजित की गईं। लंबीकूद में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले क्रमशः आशीष, शिवांश तथा अदिति, 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता (महिला वर्ग) में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले छात्र तनू चौधरी, पलक, कंचन, (पुरुष वर्ग में) मनीषा, पुरुष वर्ग में आर्यन संधू, विवेक, विशाल, तनू चौधरी, चक्का फेंक (महिला वर्ग) में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले कंचन, पलक मनीषा, कुसुम (पुरुष वर्ग) में आशीष, वरुण एवं आर्यन रहे।



# भाषण स्पर्धा में श्रुति और नारा लेखन में पल्लवी प्रथम

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर कॉलेज में बुधवार को संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने की। समारोह का शुभारंभ भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने संविधान की मूल भावना, नागरिक अधिकारों-कर्तव्यों तथा भारतीय लोकतंत्र के आदर्शों पर चर्चा की। वहीं, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रथम स्थान डॉ. राजिंदर प्रसाद टीम, द्वितीय स्थान टीम विजय लक्ष्मी पंडित, तृतीय स्थान सरदार पटेल तथा सांत्वना पुरस्कार पंडित जवाहर लाल टीम को दिया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रुति, द्वितीय स्थान वंशिका, तृतीय स्थान ईशा रही हासिल किया। नारा लेखन में पल्लवी प्रथम, हिताक्षी द्वितीय, निधि तृतीय स्थान पर रही। विजेता प्रतिभागियों को कॉलेज प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने कहा कि संविधान भारत की आत्मा है। युवा पीढ़ी को इसके मूल्यों स्वतंत्रता, समानता, न्याय और बंधुत्वको अपने जीवन में उतारना चाहिए। कार्यक्रम का समापन सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ द्वारा संवैधानिक मूल्यों की रक्षा और पालन का संकल्प लेते हुए हुआ। इस अवसर पर प्रो. सुरेंद्र कुमार, डॉ. सतीश ठाकुर, प्रो. अंजलि कुमारी, प्रो. संजीव पुरी, प्रो. संजीव कुमार, प्रो. हरीश, तथा डॉ. केशव कौशल उपस्थित रहे।

# सुरिंद्र मनकोटिया ने नलसूहा स्कूल के होनहार किए सम्मानित


नलसूहा स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित।

**पिंकी, अनंत ज्ञान**

**डाडासीबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नलसूहा में बुधवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

प्रधानाचार्य विपन शर्मा व अध्यापकों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। वहीं, बच्चों ने भांगड़ा, गिद्दा, समूहगान, पहाड़ी नाटियां से समां बांधा। प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। सुरिंद्र सिंह मनकोटिया ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा यह प्रतिभाएं किसी एक घर या स्कूल की नहीं, पूरे प्रदेश की धरोहर हैं। बच्चों ने जो जोश दिखाया है, वह हमारे हिमाचल के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका की खुलकर सराहना की। विद्यालय के प्रवक्ता सतीश नरयाल ने कहा कि बच्चों ने अनुशासन, मेहनत और समर्पण की मिसाल कायम की है। इस मौके पर एसएमसी प्रधान व कमेटी सदस्य सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेताओं ने ली संविधान रक्षा की शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिमला** स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संविधान दिवस पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संविधान की रक्षा की शपथ ली। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान रचयिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस मौके पर शिमला नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि भारत का संविधान देश का सर्वोच्च विधान है, जो प्रत्येक नागरिक को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के साथ विचार, अभिव्यक्ति, धर्म और अवसर की समानता का अधिकार देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज देश में कुछ राजनीतिक दल संविधान को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे कांग्रेस किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगी। सुरेंद्र चौहान ने कहा कि सत्ता पक्ष द्वारा वोट चोरी और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग लोकतंत्र को कमजोर करने वाली निंदनीय प्रवृत्ति है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव देवेंद्र बुशहरी ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने सभी नागरिकों को समान अधिकार देकर देश को नई दिशा दी, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ कर इसे कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान की मूल आत्मा को अक्षुण्ण रखने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। कार्यक्रम में प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनब चंदेल, कांग्रेस नेता विनीत गौतम, सोनिया चौहान, अनिता वर्मा, यशपाल तनाईयक, एसके सहगल, राजेश शर्मा, पार्षद राजकुमार शर्मा, गीतांजलि भांगड़ा, विनोद भाटिया, कुणाल चौहान समेत युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।


राजीव भवन में डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेस नेता।

### डुब्लु स्कूल के विद्यार्थियों ने ली संविधान प्रस्तावना की शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डुब्लु में बुधवार को संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान के महत्व पर आधारित प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियोगिता से हुई। बच्चों और स्टाफ सदस्यों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। राजनीति विज्ञान प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया का बेहद सुंदर और सशक्त संविधान माना जाता है, क्योंकि हमारे देश में संविधान के साथ संविधानवाद भी मौजूद है। वर्ष 2015 में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार ने हर वर्ष 26 नवंबर को विधि दिवस मनाने का निर्णय लिया था। इतिहास प्रवक्ता कपिल शर्मा ने कहा कि देश में हर कार्य संविधान की मर्यादाओं के भीतर रहकर ही किया जाता है और संविधान से ऊपर कोई नहीं है।

# नेरवा में सड़क किनारे मिला बछड़े का कटा सिर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- धार्मिक तनाव की आशंका, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर
- सीसीटीवी की जांच तेज आरोपियों की तलाश शुरू

**शिमला** जिले के नेरवा क्षेत्र में सड़क किनारे बछड़े का कटा हुआ सिर मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मंगलवार शाम को स्थानीय निवासी संदीप शर्मा ने चिञ्चवा-अटाल मार्ग पर सड़क किनारे बछड़े का सिर देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचित किया। घटना के सार्वजनिक होते ही क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और लोगों में गहरा असंतोष देखने को मिला। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने मौके पर पहुंचते ही मामले को गंभीर मानते हुए थाना नेरवा में अज्ञात लोगों के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने सहित भारतीय न्याय संहिता की धारा 325, 196 और 299 के तहत एफआईआर दर्ज की है। जिला पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि सिर फेंकने वाले आरोपियों की पहचान की जा सके। एसपी संजीव गांधी ने कहा कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और सीसीटीवी के आधार पर संदिग्धों तक पहुंचने की कोशिशें तेज कर दी गई हैं। शिकायतकर्ता संदीप शर्मा ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि किसी ने जानबूझकर बछड़े को मारा गया और सिर को सड़क किनारे फेंककर फरार हो गया। इस घटना ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर चर्चा तेज कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे घटनाक्रम सामाजिक सौहार्द को चोट पहुंचाते हैं और प्रशासन को दोषियों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। पुलिस का कहना है कि जांच के शुरुआती संकेत महत्वपूर्ण हैं और अगले कुछ घंटों में जांच की दिशा और स्पष्ट हो सकती है।

## नाथपा-झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन में संविधान दिवस पर प्रस्तावना पाठ का आयोजन

# संविधान के आदर्शों को दैनिक कार्य में अपनाएं


अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर भारत के संविधान के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई।

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** विद्युत मंत्रालय एवं निगम मुख्यालय शिमला के निर्देशानुसार बुधवार को संविधान दिवस पर नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन में परियोजना प्रमुख, एनजेएचपीएस राजीव कपूर की अध्यक्षता में प्रस्तावना का सामूहिक पाठ आयोजित किया गया।

इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर भारत के संविधान के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई। कार्यक्रम में प्रस्तावना के महत्व, उसके मूल्यों न्याय, स्वतंत्रता, समता एवं बंधुता पर विशेष प्रकाश डाला गया। परियोजना प्रमुख राजीव कपूर ने सभी को संविधान के आदर्शों को दैनिक कार्य में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### शिमला में कैंपस साक्षात्कार 29 को, युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिला रोजगार कार्यालय 29 नवंबर को कैंपस साक्षात्कार आयोजित करेगा। यह साक्षात्कार क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय शिमला में सुबह 11 बजे शुरू होगा। मिंचीज फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, शोगी-साधुपुल इकाई डेटा प्रविष्टि परिचालक तथा गोदाम/प्रेषण परिचालक के पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेगी। डेटा प्रविष्टि परिचालक के लिए स्नातक और कंप्यूटर का अनुभव आवश्यक है, जबकि गोदाम/प्रेषण पद के लिए प्लस टू के साथ गणित, अंग्रेजी और बेसिक कंप्यूटर कौशल जरूरी है। इन पदों का वेतन 13,000 से 18,000 रुपए रखा गया है। अभ्यर्थियों से आवश्यक दस्तावेज साथ लाने की अपील की गई है। दोपहर 2 बजे शिवा इंटरनेशनल, मंझोली (नालागढ़) इकाई के लिए चयन प्रक्रिया होगी। यहां प्लास्टिक ढलाई मशीन परिचालक के दो पदों के लिए संबंधित डिप्लोमा आवश्यक है, जबकि सहायक कर्मचारी के सात पद पुरुष व महिला दोनों के लिए उपलब्ध रहेंगे। सभी पदों के लिए आयु सीमा 20 से 45 वर्ष निर्धारित है। रोजगार कार्यालय ने अभ्यर्थियों से ऑनलाइन पंजीकरण पूरा करने और समय पर पहुंचने का आग्रह किया है।

### ढली क्षेत्र की कई सड़कों पर डेढ़ महीने तक बंद रहेगा ट्रैफिक

- पाइप लाइन बिछाने के कार्य को लेकर प्रशासन ने जारी किए आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ढली क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने के बड़े प्रोजेक्ट को लेकर जिला दंडाधिकारी अनुपम कश्यप ने 29 नवंबर से 16 जनवरी तक नई ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत ढली टनल से भट्टाकुफर तक 29 नवंबर से 15 दिसंबर, ढली टनल से सेमेट्री रोड तक 15 से 29 दिसंबर और सब्जी मंडी के पास ढली टनल से ढिंगू माता मंदिर मार्ग तक 29 दिसंबर से 16 जनवरी तक यातायात निर्धारित समय में पूरी तरह बंद रहेगा। इन सड़कों पर प्रतिदिन सुबह 11 से शाम 4 बजे तक और शाम 6:30 से 7:30 बजे तक वाहनों की आवाजाही रोक दी जाएगी। पाइपलाइन कार्य के लिए शिमला जल प्रबंधन निगम के अनुरोध पर यह व्यवस्था की गई है, जिसे मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 115 और 117 के तहत लागू किया गया है। अधिकारी ने निर्देश दिए कि कार्य के बाद प्रतिदिन सड़कें साफ की जाएं और खुदाई का मलबा हटाया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो। ट्रैफिक को सुचारू रूप से नियंत्रित करने के लिए मार्शल तैनात रहेंगे। सुरक्षा के मुद्देनजर कार्यस्थल पर उचित साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। एंबुलेंस और इमरजेंसी वाहनों को बिना रुकावट मार्ग देने के स्पष्ट निर्देश हैं, जबकि पैदल चलने वालों, खासकर बुजुर्गों और स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर भी एजेंसी को सख्त दिशा-निर्देश जारी हुए हैं।

**चिंता** बागवानी अब नई दिशा तलाशने को मजबूर, बेमौसमी बर्फबारी-बारिश से बढ़ी दिक्कतें

# हिमाचल में सेब पर जलवायु की दोहरी मार

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

अनंत ज्ञान स्पैशल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की घाटियां कभी सेब की खुशबू से महकती थीं, लेकिन अब मौसम का मिजाज ऐसा अनिश्चित हो चुका है कि बागवान अपने ही खेतों में अजनबी महसूस करने लगे हैं। सर्दियों की घटती ठंड, बढ़ती गर्मी, बेमौसम बर्फबारी और अचानक बरस जाने वाली बारिश ने सेब के पारंपरिक नक्शे को उलट-पुलट कर दिया है। 2017 की तुलना में 2025 में संकट कहीं ज्यादा गहरा हो गया है।

आठ वर्षों में मौसम की बेअदबी इस कदर बढ़ी है कि सेब का भरोसा टूटने लगा है और किसान मजबूरन नई राहें तलाश रहे हैं। जानकारी के अनुसार, शिमला, कुल्लू और मंडी सहित अन्य सेब बहुल जिलों के मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अब सेब का स्वरूप पहले जैसा नहीं रहा। जिन बागानों में कभी लाल रंग की चमकती किस्में लहराती थीं, वहां आज अनार, कीवी, टमाटर, मटर, फूलगोभी, ब्रोकोली और बंदगोभी की कतारें दिखाई देती हैं। बागवानों के अनुसार, सर्दियों में आवश्यक ठंडक के घंटों में लगातार गिरावट आई है, जिससे फूल बनने और फल पड़ने की प्रक्रिया असंतुलित हो रही है। हालत यह है कि 1000 से 1200 मीटर वाले क्षेत्रों में मिश्रित फलों और सब्जियों की खेती अब सामान्य दृश्य बन चुकी है। संरक्षण ढांचे वाली खेती में भी किसानों की रुचि बढ़ी है, ताकि मौसम की मार से कम से कम कुछ बचाया जा सके। विशेषज्ञ बताते हैं कि हिमालयी क्षेत्रों में अच्छे सेब के लिए 1000 से 1600 घंटे की ठंड जरूरी है, लेकिन 2025 में यह आंकड़ा कहीं-न-कहीं आधा रह जाने लगा है। पिछले तीन दशकों में कुल्लू क्षेत्र में ठंडक के घंटों में करीब 750 घंटे की गिरावट दर्ज हुई है। नतीजतन सेब का क्षेत्र शिमला की ऊपरी चोटियों, चंबा, किन्नौर और स्पीति की तरफ तेजी से खिसक रहा है। उत्पादन में कमी का रुख भी लगातार बढ़ा है। विशेषज्ञों के अनुसार प्रति हेक्टेयर उत्पादकता की वार्षिक गिरावट अब पहले से कहीं अधिक दर्ज की जा रही है और बीते बीस वर्षों में कुल उत्पादकता में कई टन की कमी साफ दिखाई देती है।

### ओला, बेमौसम बारिश व बर्फबारी का नया कहर

**पहले** जहां बर्फबारी से किसान राहत महसूस करते थे, अब वही बर्फबारी डर की वजह बन गई है, क्योंकि यह या तो बिलकुल नहीं होती या अचानक इतनी अधिक गिरती है कि फसलें तबाह हो जाती हैं। 2025 में ओलावृष्टि का दायरा और तीव्रता पहले से ज्यादा बढ़ी है। सेब की कोमल फसल मई-जून में कई बार अचानक ओलों से चकनाचूर हो जाती है। कई किसान ओला-रोधी जाल और गन का प्रयोग जरूर कर रहे हैं, पर इसकी प्रभावशीलता अभी भी संदेह के घेरे में है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले तीन दशकों से हिमाचल में तापमान लगातार बढ़ रहा है और बर्फबारी की अवधि सिकुड़ती जा रही है। मानसून भी असंतुलित हो चुका है, बरसात की कुल मात्रा भले कम हो, पर उसका बर्ताव कहीं अधिक अनियंत्रित और विस्फोटक होता जा रहा है।

### भविष्य के लिए चेतावनी और तैयारी की जरूरत

**विशेषज्ञों** का मानना है कि फसलों की बढ़ोतरी, गुणवत्ता और उत्पादन को बचाए रखने के लिए अब बेहद गंभीर कदम उठाने की जरूरत है। जलवायु अनुकूलन तकनीकों पर जोर, बागवानी फसलों पर पड़ने वाले प्रभावों का वैज्ञानिक आकलन और किसानों को समय-समय पर बदलते मौसम की तैयारी के लिए प्रशिक्षित करना अब प्राथमिकता होनी चाहिए। बागवानों के लिए यह समय केवल संघर्ष का नहीं, बल्कि बदलाव का भी है, जहां पुराने भरोसे टूट रहे हैं, वहीं नए अवसर भी जन्म ले रहे हैं।

## श्रम कानूनों पर मजदूर-किसानों का प्रदर्शन

# लेबर कोड रद्द करने व एमएसपी न्यूनतम वेतन की मांग की बुलंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**संविधान** दिवस पर शिमला सहित प्रदेश के जिला और ब्लॉक मुख्यालयों में सीटू, किसान सभा, सेब उत्पादक संघ, एसएफआई, डीवाईएफआई, जनवादी महिला समिति, एआईएलयू और पेंशनर संगठनों के आह्वान पर सैकड़ों मजदूर-किसान सड़कों पर उतरे।

प्रदर्शनकारियों ने नए लेबर कोड रद्द करने, 26 हजार रुपए न्यूनतम वेतन, आउटसोर्स और ठेका कर्मचारियों के नियमितीकरण, किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार और आपदा प्रभावितों को उचित मुआवजा देने जैसी प्रमुख मांगें उठाईं। शिमला में पंचायत घर से निकली रैली सर्कुलर रोड और लोअर बाजार से होती हुई उपायुक्त कार्यालय पहुंची, जहां जनसभा में संविधान में दर्ज श्रमिक-किसान अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि वेतन कोड, औद्योगिक संबंध कोड, सामाजिक सुरक्षा कोड और व्यावसायिक सुरक्षा कोड मजदूरों के हक और सुरक्षा पर चोट करते हैं। उनके अनुसार इन कानूनों से बड़ी संख्या में उद्योग और मजदूर श्रम सुरक्षा से बाहर हो जाएंगे, ईपीएफ और ईएसआई जैसी योजनाएं कमजोर होंगी और फिक्स टर्म रोजगार तथा हायर-एंड-फायर जैसी व्यवस्थाएं और मजबूत होंगी, जिससे मजदूर वर्ग अस्थिरता और कम वेतन की स्थिति में धकेला जाएगा। नेताओं ने इन कोडों को मजदूर-विरोधी बताते हुए कहा कि इन्हें मजदूर संगठनों की आपत्तियों की अनदेखी कर एकतरफा तरीके से लागू किया गया है। उन्होंने मांग की कि चारों लेबर कोड तुरंत रद्द किए जाएं, पुराने श्रम कानूनों को वैज्ञानिक संशोधनों के साथ बहाल किया जाए और भविष्य के किसी भी श्रम सुधार पर प्रतिनिधि मंचों में विस्तृत चर्चा के बाद ही फैसला लिया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### केंद्रीय संस्कृत विवि राष्ट्रीय महिला सम्मेलन 1 से

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर वेदव्यास परिसर में 1 व 2 दिसंबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय महिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बुधवार को इस सम्मेलन को लेकर परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी की अध्यक्षता में विशेष बैठक हुई। 1 दिसंबर को दोपहर 11 बजे उद्घाटन और समापन 2 दिसंबर को दोपहर 2 बजे होगा। सम्मेलन में समूचे भारत से अग्रणी महिलाओं को आमंत्रित किया गया है। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की बहन सुरीली गौतम, हिमाचल महिला आयोग की अध्यक्ष विमला नेगी और देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर शामिल होंगी।

### धर्मशाला कॉलेज में मनाया संविधान दिवस

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** धर्मशाला कॉलेज में लोक प्रशासन विभाग द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डिग्री कॉलेज नगरोटा के प्राचार्य डॉ. सुरिंदर सोनी ने किया, जबकि केंद्रीय विश्वविद्यालय से प्रो. डॉ. अमित गंगोटिया बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। मुख्यातिथि डॉ. सुरिंदर सोनी ने कहा कि भारत का संविधान न केवल देश की लोकतांत्रिक नींव है, बल्कि नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता एवं न्याय प्रदान करने वाला सर्वोच्च दस्तावेज भी है। विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. अमित गंगोटिया ने संविधान को भारत की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति तभी संभव है, जब युवा नई दृष्टि, नवाचार, अनुशासन और संवैधानिक जिम्मेदारियों को साथ लेकर आगे बढ़ें।

### लोकतांत्रिक आदर्शों की रक्षा की ली शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला न्यायालय परिसर धर्मशाला में संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना सामूहिक रूप से पढ़ी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता फैमिली कोर्ट कांगड़ा (धर्मशाला) के प्रिंसिपल जज डॉ. अरविंद मलहोत्रा ने की। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश चौहान, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शीतल शर्मा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी हकीकत ढांडा, जिला विधि सेवाएं प्राधिकरण की सचिव शिखा लखनपाल, श्रम न्यायालय के पीठासीन अधिकारी प्रवीण चौहान तथा जिला कांगड़ा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अंकुर सोनी एडवोकेट सहित धर्मशाला बार के अनेक पदाधिकारी व अधिवक्ता उपस्थित रहे। सभी ने संविधान के मूल्यों के अनुरूप कार्य करने और लोकतांत्रिक आदर्शों की रक्षा करने की शपथ ली।

### संविधान की संरचना, मौलिक अधिकारों पर व्याख्यान

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय रिड़कमार की एनएसएस इकाई और राजनीति शास्त्र विभाग के तत्वाधान में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करके हुई। छात्रों और स्टाफ ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर शपथ ली। राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक भूपिंदर सिंह ने संविधान की संरचना, मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर क्विज और पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों ने संवैधानिक मूल्यों पर रचनात्मक कार्य प्रस्तुत किए।

### लंज कॉलेज में बताया संविधान का महत्व

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय लंज में संविधान दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. संजय कुमार शर्मा ने संविधान के महत्व और न्याय, स्वतंत्रता, समानता व बंधुत्व जैसे मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। प्रोफेसर मोती लाल ने संविधान की यात्रा, निर्माण और डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के सदस्यों के योगदान पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का समापन संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन और शपथ ग्रहण के साथ हुआ। महाविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी उत्साहपूर्वक शामिल हुए, जिससे यह आयोजन सफल और स्मरणीय रहा।

### डाडासीबा का प्रियांश भारतीय सेना में चयनित



**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** कलेहड़ गांव (पंचायत डाडासीबा) प्रियांश पुत्र संजीव कुमार का भारतीय सेना के ईएमई टेक्निकल विंग में चयन हुआ है। परिवार, मित्रों व ग्रामीणों ने प्रियांश को शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने कहा कि यह चयन न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने भारतीय सेना में चयनित होने पर शुभकामनाएं हैं।

### जाइका बना रहा कृषकों को आर्थिक रूप से सशक्त

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना चरण-2 (जाइका) के तहत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई पालमपुर 25 नवंबर से तीन माह का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। यह प्रशिक्षण राजकीय आईटीआई पालमपुर परिसर में आयोजित हो रहा है। खंड परियोजना प्रबंधक अमित भूषण ने बताया कि प्रशिक्षण सिलाई प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी एवं कंप्यूटर तथा बेसिक कोसमेटोलॉजी विषयों में दिया जा रहा है। इसमें पालमपुर इकाई के विभिन्न उप-परियोजनाओं से जुड़े लगभग 50 कृषक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रतिभागियों को व्यवसाय शुरू करने हेतु निःशुल्क किट भी प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी।

### संविधान विकसित भारत का रोडमैप : प्रो. बंसल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो,धर्मशाला।** भारतीय संविधान एक भारत, श्रेष्ठ भारत के साथ विकसित भारत का रोडमैप भी है। यह बात प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने अंबेडकर अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित अंबेडकर संवादमाला के उद्घाटन सत्र में कहीं। उन्होंने नागरिक कर्तव्यों के प्रति बढ़ती उदासीनता पर चिंता जताई। मुख्य वक्ता प्रो. बिद्युत चक्रवर्ती ने विविधता को राष्ट्रीय एकता की शक्ति बताया और जोगेंद्र नाथ मंडल व डॉ. अंबेडकर के चिंतन के अंतर पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर का संघर्ष राष्ट्रीय हितों पर केंद्रित था।

### रविंद्र सिंह रवि का धर्मशाला में स्वागत

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** रविंद्र सिंह रवि का धर्मशाला पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। ट्रेड यूनियन को-ऑर्डिनेशन सेंटर के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय सचिव चुने जाने के उपरांत पहली बार धर्मशाला में पहुंचने पर रविंद्र सिंह रवि का भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश निर्माण कामगार संघ के राज्य अध्यक्ष राकेश शर्मा एवं भवन एवं अन्य निर्माण कामगार संघ के राज्य अध्यक्ष अमन चौधरी, विनीत चंद, सरिता देवी, पृथ्वी सिंह, सपना देवी, रीटा देवी एवं अन्य कामगारों की ओर से स्वागत किया गया।

### केंद्रीय विवि शाहपुर में 2 दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** महर्षि चरक अध्ययन मंडल, केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश, शाहपुर परिसर में गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। 24 नवंबर को हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पुस्तकालय विज्ञान, रसायन विज्ञान और भौतिकी विभाग ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। 25 नवंबर को आयोजित बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता सूरज (जिला प्रचारक, आरएसएस) ने गुरु तेग बहादुर के जीवन और बलिदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कबड्डी प्रतियोगिता विशेष आकर्षण रही, जिसमें लड़कों की रसायन विज्ञान टीम विजेता और लड़कियों में संयुक्त टीम प्रथम रही। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### छात्रों ने ली संविधान मूल्यों को अपनाने की शपथ

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पं. संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में संविधान दिवस पर राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों पर विस्तृत चर्चा की। अधिवक्ता पंकज कुमार वर्मा और सुशेन पुरोहित ने एंटी-रैगिंग, ड्रग एब्यूज व मोटर व्हीकल एक्ट की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रस्तावना पाठ के साथ पोस्टर, नारा लेखन, भाषण व निबंध प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें विभिन्न विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं, छात्रों ने संविधान मूल्यों को अपनाने की शपथ ली।

### स्कूली बच्चों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** दिल्ली पब्लिक स्कूल कांगड़ा के सातवीं व आठवीं कक्षा के 71 विद्यार्थियों में तपोवन में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र की पहले दिन की कार्यवाही देखी। स्कूल की शिक्षिका रंजना शर्मा ने बताया कि स्कूली बच्चों के शैक्षणिक भ्रमण के तहत उन्हें विधानसभा की कार्यवाही दिखाई गई है। हालांकि वह पाठ्यक्रम में तो इस संबंध में जानकारी ले रहे हैं, लेकिन उन्हें कार्यवाही दिखवाने का उद्देश्य बच्चों को ये पता चल सके कि किस प्रकार विपक्ष अपने प्रश्न उठाता है और सरकार की ओर से मुख्यमंत्री व मंत्री किस प्रकार जवाब देते हैं। वहीं विधानसभा अध्यक्ष किस प्रकार से कार्यवाही का संचालन करते हैं।

## सांसद अनुराग ठाकुर ने कांगड़ा एयरपोर्ट पर ममता बनर्जी पर साधा निशाना

# पश्चिम बंगाल में हत्या और भ्रष्टाचार का बोलबाला, घुसपैठियों को संरक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** एयरपोर्ट पहुंचने पर बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते में अनुराग ने राजनीतिक मुद्दों पर सीधे और तीखे वक्तव्य दिए।

अनुराग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि बंगाल की जनता ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर करने के लिए तैयार बैठी है। हार सामने दिख रही है, इसलिए उनकी बौखलाहट साफ नजर आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में हत्या और भ्रष्टाचार का बोलबाला है, घुसपैठियों को संरक्षण मिलता है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले हार की आशंका देखकर ही ममता बनर्जी इस तरह की धमकियां देती हैं। बिहार चुनाव का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भी पहले से बहाने बनाने शुरू कर दिए थे, लेकिन जनता ने भाजपा-एनडीए को रिकॉर्ड बहुमत दिया। अब बारी बंगाल की है। संविधान दिवस पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पहली बार संसद में प्रवेश करते हुए बाहर शीश झुकाया और संविधान को माथे से लगाकर वचन दिया कि सरकार वंचितों-शोषितों-पीड़ितों के लिए काम करेगी।

### अरुणाचल प्रदेश पर चीन को कड़ा संदेश

**चीन** की गतिविधियों पर पूछे गए सवाल के जवाब में अनुराग ने दो टूक कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा। चीन की किसी भी हरकत का भारत सख्ती से जवाब देगा और उसके प्रयास कभी सफल नहीं होंगे।

### हलेड़ में अनुराग ठाकुर का जोरदार स्वागत



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर विधानसभा के क्षेत्र हलेड़ में पहुंचने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति अमन राणा, जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी राजेश रानू, डॉ. राकेश, नवीन कटोच के साथ अन्य वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### असंवैधानिक ताकतों से लड़ना होगा : रसूल

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** देश में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल और संविधान को लेकर देश व्यापी जागरुकता अभियान के तहत संजय चौहान ने सुलह विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्यों की अक्षैणा में बैठक बुलाई। इसमें 300 से अधिक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुलह के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा समन्वयक विकार रसूल को भेजा गया था, जो जम्मू-कश्मीर के एक वरिष्ठ नेता और प्रदेश अध्यक्ष हैं। रसूल ने कहा कि सुलह में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष संजय चौहान को बागडोर सौंपना, मुख्यमंत्री सुक्खू का सराहनीय निर्णय है। उन्होंने कहा कि संविधान की गरिमा बनाए रखने के लिए असंवैधानिक ताकतों से लडना होगा। संजय सिंह चौहान एक कर्मठ और सक्षम विकल्प हैं और जनता का भी उन पर अटूट विश्वास है। संजय चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जो भरोसा जताया, उसको बनाए रखेंगे।

### सालगिरह मुबारक



बग्गुवाला (बद्दी) के चंद्र शेखर मेहता और रीता मेहता को शादी की 5वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### नाहन में 1 दिसंबर को सीनियर स्टेट फुटबाल चैंपियनशिप

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** हिमाचल फुटबाल एसोसिएशन की ओर से पहली दिसंबर से सीनियर स्टेट चैंपियनशिप नाहन में आयोजित की जाएगी। कांगड़ा फुटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चौहान ने बताया कि जिला कांगड़ा फुटबाल एसोसिएशन टीम का ट्रायल धर्मशाला कॉलेज ग्राउंड में होगा, जिसमें वर्ष 2006 के बाद जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी बर्थ सर्टिफिकेट आधार कार्ड अपने साथ लाएं ।

### नगरोटा कॉलेज के छात्रों ने दो सिल्वर व दो ब्रॉन्ज पदक झटके



प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सोनी ने विजेताओं को बधाई दी।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां कॉलेज के चार छात्रों ने 18-20 नवंबर को आयोजित अंतर-महाविद्यालय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह प्रतियोगिता महाराणा प्रताप चंद राजकीय महाविद्यालय अंब (जिला ऊना) में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दो रजत पदक, दो कांस्य पदक तथा चौथा एवं पांचवां स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सोनी ने बताया कि अभिनव गुलेरिया ने 89 किलोग्राम भार श्रेणी में रजत पदक जीता। भारती चौहान ने 69 किलोग्राम भार श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत और कशिश ने 48 किलोग्राम भार श्रेणी में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं, वंशिका ने 77 किलोग्राम भार श्रेणी में चौथा स्थान व तमन्ना ने 58 किलोग्राम भार श्रेणी में पांचवां स्थान हासिल किया। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सोनी ने प्रो. ऋषि दिलवारिया तथा सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## मजदूर विरोधी श्रम संहिताएं ली जाएं वापस

### किसान सभा व सीटू ने जोरावर स्टेडियम से तपोवन तक निकाली रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




जोरावर स्टेडियम सिद्धबाड़ी से रैली निकालते मजदूर व किसान।

**देश** के मजदूरों और किसानों के अखिल भारतीय आह्वान पर आज हिमाचल किसान सभा कांगड़ा कमेटी और सीटू जिला कमेटी कांगड़ा के सैकड़ों मजदूरों-किसानों ने जोरावर स्टेडियम सिद्धबाड़ी से तपोवन स्थित विधानसभा तक झंडे-बैनरों सहित रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने मांग उठाई कि 29 पुराने श्रम कानूनों की जगह लागू की गई चार मजदूर-विरोधी श्रम संहिताओं को तुरंत वापस लिया जाए।

साथ ही किसान आंदोलन के दौरान किसान संगठनों के साथ हुए लिखित समझौते को लागू करने की भी जोरदार मांग की गई। तपोवन में पुलिस बैरिकेड के पास रैली धरने में बदल गई, जहां विभिन्न मजदूर-किसान नेताओं ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया। रैली में आंगनबाड़ी वर्कर, मिड-डे मील वर्कर, सफाई कर्मचारी, बिजली परियोजना मजदूर, पौंग बांध विस्थापित, मंड-रियाली क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित तथा भूमिहीन लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिन्हें अवैध कब्जे के नाम पर उजाड़ा जा रहा है। पूर्व विधायक राकेश सिंघा के नेतृत्व में मजदूर और किसानों का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिला और 15 सूत्री मांगपत्र उन्हें सौंपा। मुख्यमंत्री ने मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। नेताओं ने केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चार श्रम संहिताओं को वापस लेने की मांग दोहराई और आंदोलन को और तेज करने की घोषणा की। इसी क्रम में 19 जनवरी 2026 को अखिल भारतीय हड़ताल का आह्वान किया गया है। पौंग विस्थापितों के पुनर्वास, पुनर्स्थापना और मुआवजे की मांग को लेकर 18 दिसंबर 2026 को राजा का तालाब में व्यापक जनसभा व 19 दिसंबर 2026 को मंड-रियाली क्षेत्र में जनसभा आयोजित होगी, जिसमें जिला नेतृत्व के साथ राज्य नेता राकेश सिंघा शामिल होंगे।

### प्रदेश में दसवीं कक्षा के लिए साल में दो बार परीक्षा की नीति अधिसूचित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शैक्षणिक सत्र 2025-26 से कक्षा 10वीं के लिए वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने की नई नीति अधिसूचित की है। बोर्ड अधिनियम-1968 की धारा 19(3) के तहत अध्यक्ष द्वारा जारी आदेश के अनुसार, पहली परीक्षा फरवरी-मार्च में मुख्य परीक्षा के रूप में और दूसरी परीक्षा जून-जुलाई में सुधार परीक्षा के रूप में आयोजित होगी। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि मुख्य परीक्षा के आधार पर छात्रों को तीन श्रेणियों आवश्यक सुधार, वैकल्पिक सुधार और अनिवार्य पुनरावृत्ति में वर्गीकृत किया जाएगा। आवश्यक सुधार श्रेणी वाले छात्रों को दो विषयों में सुधार का अवसर मिलेगा, जबकि सभी विषयों में पास छात्र तीन विषयों तक वैकल्पिक सुधार दे सकेंगे। तीन विषयों से कम में उत्तीर्ण न होने वाले विद्यार्थी दूसरी परीक्षा के पात्र नहीं होंगे। खेल गतिविधियों, खराब मौसम, बीमारी या दुर्घटना जैसी परिस्थितियों में परीक्षा से अनुपस्थित रहे विद्यार्थियों को नियमानुसार दूसरी परीक्षा में अवसर दिया जाएगा। प्रथम परीक्षा का परिणाम अप्रैल/मई में और द्वितीय परीक्षा का परिणाम जुलाई/अगस्त में घोषित किया जाएगा। दोनों परीक्षाओं में से बेहतर प्राप्तांक को अंतिम माना जाएगा। कक्षा जमा एक (11वीं) में प्रवेश के लिए आवश्यक सुधार श्रेणी वाले विद्यार्थियों को अस्थायी प्रवेश मिल सकेगा, बशर्ते वे नियमानुसार 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करें।

**फरवरी-मार्च में मुख्य और जून-जुलाई में सुधार परीक्षा आयोजित करेगा बोर्ड**

## टीजीटी कला संघ बोला- चार्ज प्रबंधन का जिम्मा स्कूल मुखिया पर छोड़े विभाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सोलह नवंबर 2024 को शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी निर्देशों में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि टीजीटी आर्ट्स, टीजीटी मेडिकल और टीजीटी नॉन-मेडिकल शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक दायित्वों से मुक्त रखा जाए और छात्रवृत्ति, मिड-डे मील और खेल गतिविधियों जैसे चार्ज पहले गैर-शिक्षण स्टाफ या सीएंडवी शिक्षकों को दिए जाएं और केवल उनके उपलब्ध न होने की स्थिति में ही टीजीटी आर्ट्स को यह दायित्व सौंपा जा सकता है। लेकिन 15 नवंबर 2025 को जारी नए पत्र में टीजीटी आर्ट्स के ऊपर तीन मुख्य चार्ज थोपे गए हैं, जबकि माइनर चार्ज भी दिए गए हैं।

साथ ही टीजीटी नॉन मेडिकल को कोई स्पष्ट चार्ज नहीं दिया गया है। वर्तमान परिस्थिति में इन चार्जों को सीधे टीजीटी आर्ट्स पर थोप दिया जा रहा है, जो पूर्व आदेशों की भावना के विपरीत है। सभी टीजीटी शिक्षकों के बीच केवल एक-एक मेजर चार्ज समान रूप से देने की अपील राजकीय टीजीटी कला संघ ने शिक्षा विभाग से की है। संघ के अनुसार, शिक्षा विभाग चार्ज आवंटन को स्कूल मुखिया पर छोड़ दे या सबके लिए बराबर कार्यभार की व्यवस्था करे। संघ के महासचिव विजय हीर ने कहा कि टीजीटी शिक्षकों को प्रति सप्ताह 28 पीरियड और सीएंडवी शिक्षकों के लिए 26 पीरियड निर्धारित हैं। नए आदेश में प्रवेश निकास रजिस्टर, छात्रवृत्ति वितरण, वर्दी वितरण तथा जैसे चार्ज भी टीजीटी आर्ट्स शिक्षकों को सौंपे जा रहे हैं, जिससे उनका मुख्य शिक्षण समय प्रभावित होगा। अंग्रेजी एवं सामाजिक अध्ययन जैसे विस्तृत और बहु-पुस्तक पाठ्यक्रम पढ़ाने की जिम्मेदारी पहले से ही टीजीटी आर्ट्स के ऊपर है, ऐसे में अतिरिक्त गैर-शैक्षणिक चार्ज देना शिक्षण गुणवत्ता तथा बोर्ड परीक्षा तैयारी के लिए प्रतिकूल सिद्ध हो सकता है। चार्ज वितरण को विषय-विशेषज्ञता एवं कौशल के आधार पर किया जाए, तथा विद्यालय स्तर पर चार्ज प्रबंधन की व्यवस्था स्कूल प्रमुख के विवेक पर ही रहने दी जाए। टीजीटी आर्ट्स को स्वच्छ भारत अभियान, चुनावी साक्षरता क्लब एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्य दिए जा सकते हैं। संघ का यही निवेदन है कि बीच सत्र में भारी बदलाव न लाए जाएं और शिक्षक वर्गों के बीच सम्मानजनक कार्य-संतुलन कायम रखा जाए।

### कबड्डी विश्व कप विजेता खिलाड़ियों का धर्मशाला में जोरदार स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बांग्लादेश के ढाका में खेले गए महिला कबड्डी विश्व कप के फाइनल में चीनी ताइपे को हराकर जीत का खिताब अपने नाम करने वाली भारतीय महिला कबड्डी टीम में शामिल भारतीय खेल प्राधिकरण, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र धर्मशाला की खिलाड़ियों का बुधवार को गगल एयरपोर्ट पहुंचने पर प्राधिकरण प्रबंधन की ओर से स्वागत किया गया। वहीं, धर्मशाला में इन तीनों खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार, विश्व कप विजेता कबड्डी महिला टीम में धर्मशाला के भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र से सिरमौर जिला की कबड्डी खिलाड़ी पुष्पा राणा बतौर उपकप्तान शामिल रहीं। इसके अलावा मंडी जिले की भावना देवी व जिला चंबा की चंपा ठाकुर ने विजेता टीम का हिस्सा रहकर पूरे विश्व में प्रदेश का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि को लेकर भारतीय खेल प्राधिकरण, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र धर्मशाला के असिस्टेंट डायरेक्टर जेपी शानी ने बताया कि इस विश्व कप में महिला कबड्डी खिलाड़ियों की जीत गर्व की बात है, विजेता टीम को हार्दिक शुभकामनाएं हैं। साथ ही केंद्र में बेहतर प्रशिक्षण को भी जीत का श्रेय दिया जाता है।

### वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित



रैत स्कूल में सचल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रैत में उपयुक्त प्रौद्योगिकी केंद्र (एटीसी) शाहपुर एवं विज्ञान नगरी, पालमपुर के संयुक्त तत्वावधान में सचल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढ़ाना और उन्हें वैज्ञानिक सिद्धांतों को प्रयोगात्मक रूप से समझने का अवसर प्रदान करना था। विज्ञान संचारक दिनेश ने छात्रों को विभिन्न वैज्ञानिक सिद्धांतों की सरल एवं रोचक शैली में जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से 'करके सीखना' पद्धति पर बल देते हुए बताया कि प्रयोगों के माध्यम से विद्यार्थी जटिल अवधारणाओं को आसानी से समझ सकते हैं। छात्रों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों का निरीक्षण किया और उनसे संबंधित प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उपमुख्य सचेतक, हिमाचल प्रदेश एवं विधायक केवल सिंह पठानिया तथा एटीसी शाहपुर की वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. सुनंदा पठानिया के सहयोग और प्रोत्साहन के प्रति विद्यालय प्रबंधन ने विशेष आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य शमशेर भारती ने सभी अतिथियों, सहयोगियों और विद्यालय स्टाफ का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मुस्कान और तमन्ना प्रथम




महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में संविधान दिवस मनाया।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्या राका शर्मा ने बच्चों से कहा कि वे अपने जीवन में संविधान के मूल्य, मूल अधिकारों, मूल कर्तव्य के पथ पर चलते हुए समाज में लोकतंत्रात्मक मूल्य को बढ़ावा दें। इतिहास के प्रो. लेखराम नेगी ने मुख्य वक्ता के रूप में संविधान बनने की प्रक्रिया तथा उससे जुड़े महत्वपूर्ण अनुच्छेदों, मूल अधिकारों 1935 एक्ट, भारतीय निर्वाचन आयोग, भारतीय सर्वोच्च न्यायालय प्रारूप समिति, मौलिक अधिकार समिति जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विद्यार्थियों से गहन चर्चा की। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मुस्कान और तमन्ना प्रथम, दीक्षा और रिया द्वितीय, पलक और पायल ने तीसरा व शिवानी और तमन्ना ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। भाषण में साइना प्रथम, नैंसी द्वितीय, दिव्यांश तृतीया स्थान पर रहा। पोस्टर मेकिंग में शिवानी प्रथम, अंशु और पलक द्वितीय, सेजल और सुजल तृतीया तथा रिया नैंसी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पवन राणा, प्रो. कमल कुमार, प्रो. रवि सिंह पालसरा आदि मौजूद रहे।

### बच्छवाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधवी नवाजे

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बच्छवाई का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने शिरकत की। प्रधानाचार्य राजिंद्र रनौत ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय का वार्षिक प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनमोह लिया। मुख्यातिथि ने शैक्षणिक व सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू शिक्षा के विकास में विशेष योगदान दे रहे हैं, इसलिए शिक्षकों को भी विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करना चाहिए। चौहान ने बताया कि राज्य सरकार ने 2025-26 के बजट में महिला एवं बाल विकास के लिए 2,457 करोड़ आवंटित किए हैं। उन्होंने बच्चों को नशाखोरी से दूर रहने की सलाह दी।

## तीन युवक चिट्टे के साथ गिरफ्तार



आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी कुलभूषण वर्मा के दिशा-निर्देशों के तहत सीआईए स्टाफ ने मंगलवार रात को दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को चिट्टे सहित गिरफ्तार किया। पहली कार्रवाई में सीआईए टीम ने पठानकोट-जालंधर मार्ग स्थित चक्की पुल पर नाका लगाया हुआ था। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पठानकोट से डमटाल की ओर आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों घबरा गए और भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उन्हें काबू कर लिया। मोटरसाइकिल की डिग्गी से 6.32 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपियों की पहचान 23 वर्षीय प्रथम, निवासी सीरत (इंदौरा) और 20 वर्षीय सचिव, निवासी सूरजपुर (इंदौरा) के रूप में हुई। दूसरी मामले में एएसआई सतेंद्र कुमार की टीम ने हिल टॉप मंदिर के पास नाका लगाया था। नाके के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार को रोककर तलाशी लेने पर उसके पास से 33.16 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। आरोपी की पहचान राहुल (23), निवासी चंडीगढ़ मोहल्ला टांडा उड़मुड़, जिला होशियारपुर के रूप में हुई।

तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### इंसानियत संस्था का 19वां रक्तदान शिविर 30 को

अनंत ज्ञान, भगेड़। इंसानियत संस्था अपना 19वां रक्तदान शिविर 30 नवंबर को प्राइमरी स्कूल धाडत पलेला, ग्राम पंचायत कुह मझवाड़, तहसील घुमारवीं में आयोजित कर रही है। संस्था के प्रधान पवन चंदेल ने बताया कि इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना है, जिससे कई जिंदगियाँ बचाई जा सकें। उन्होंने कहा कि संस्था निरंतर ऐसे सेवा कार्य करती आ रही है और समाज के सभी वर्गों से अपील करती है कि वे आगे आकर इस पुनीत कार्य में भाग लें। संस्था सभी समाजसेवियों, युवाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों से इस रक्तदान शिविर में भाग लेने की सादर अपील करती है। आइए, एक बूंद खून देकर किसी की जिंदगी बचाएं।

### छात्रों को पढ़ाया सड़क सुरक्षा के नियमों का पाठ

अनंत ज्ञान, दधोल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में सड़क सुरक्षा क्लब दधोल द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस स्टेशन भराड़ी से एएसआई अजय धीमान तथा दीपिका ने शिरकत कर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं नशा-निवारण से संबंधित बहुमूल्य जानकारियां प्रदान कीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बताया गया कि सड़क पर पैदल चलते समय हमेशा दाईं ओर चलें, ताकि सामने से आने वाले वाहनों को समय रहते देखकर स्वयं को सुरक्षित किया जा सके। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन नहीं चलाना चाहिए, क्योंकि बिना लाइसेंस वाहन चलाने पर न सिर्फ वाहन चालक बल्कि उनके माता-पिता को भी गंभीर कानूनी परिणाम भुगतने पड़ते हैं। इसके साथ ही दीवान ने नशा माफिया द्वारा बच्चों को फंसाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे तंबाकू जैसे छोटे नशों से शुरुआत कर बच्चों को नशीले पदार्थों की ओर धकेला जाता है और बाद में उन्हें पेडलर बनाकर उनका शोषण किया जाता है। प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश भारद्वाज ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया।

### भाजपा युवा मोर्चा जिला कार्यकारिणी का विस्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राम पॉल चौधरी ने युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से नए सदस्यों की घोषणा की है। श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र से मैथी के विक्रम मिन्हास, खारसी के परवीन शर्मा, कचौली के जसपाल, नम्होल के मनीष, सोलधा के मनोज ठाकुर, बैहल के सुखविंदर सिंह, रोडजम्मन के अजय चौधरी, बस्सी के राहुल धीमान, स्वाहण के भूपेंद्र शर्मा और टाली के अश्विनी कुमार को सदस्य नियुक्त किया गया है। बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र से रघुनाथपुरा के अभय चौधरी, कुड्डी के विजय, नैहर के विक्रम सिंह, बराथु के राहुल ठाकुर, रोहिण के साहिल ठाकुर और बलोह के सुनील कुमार को कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है। घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र से लागधा के सुरेश कुमार, निशांत चौहान, बधोह के सुरेंद्र शाह, बधेड़ के मनोज कुमार, अमरपुर के राकेश पनोल और बढ़ाघाट के अमित मिंटू को कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। झंडुता विधानसभा क्षेत्र से जबलू के दीपक शर्मा, मरोतन के रवि कुमार, धुराल के डीप चंद, धारण के विशाल सिंह और रछेड़ा के नरेश कुमार को सदस्य बनाया गया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि नई कार्यकारिणी युवा मोर्चा की जमीनी मजबूती और संगठनात्मक सक्रियता को और बढ़ाएगी।

### जिला कोर्ट में मनाया संविधान प्रस्तावना दिवस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। संविधान दिवस के अवसर पर बिलासपुर जिला न्यायालय परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्योत्सना सुमंत डडवाल ने राष्ट्रीय ध्वज के नीचे उपस्थित अधिकारियों, न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का वातावरण संविधान भावना और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण से सराबोर रहा। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहित बंसल, सीजीएम अक्षी शर्मा, एडिशनल सीजीएम प्रतीक गुप्ता (सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण), सिविल जज सोनिया गुप्ता, ट्रैफिक मजिस्ट्रेट राघव गुप्ता, तथा जिला बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने सामूहिक रूप से यह संकल्प दोहराया कि वे न केवल स्वयं भारतीय संविधान का पालन करेंगे बल्कि समाज में इसके मूल्यों-न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व-को बनाए रखने और उन्हें आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# हटवाड़ में 50 करोड़ से बनेगा राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल

## तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी बोले- 25 बीघा भूमि विभाग को स्थानांतरित

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

घुमारवीं नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए, हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि सरकारी स्कूलों में भी आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा उपलब्ध हो सके। राजेश धर्माणी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटवाड़ में क्लस्टर स्तरीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

धर्माणी ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटवाड़ को भी जल्द ही डे-बोर्डिंग स्कूल में परिवर्तित किया जाएगा। इस स्कूल में विद्यार्थियों के लिए सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि लगभग 50 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस डे-बोर्डिंग स्कूल के लिए 25 बीघा भूमि विभाग के नाम कर दी गई है और साढ़े तीन करोड़ रुपए हिमुडा विभाग को कार्य प्रारंभ करने के लिए उपलब्ध करवा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल का निर्माण कार्य बहुत जल्द शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हटवाड़ स्कूल को सीबीएसई बोर्ड आधारित मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा।

प्रदेश सरकार के इस अहम निर्णय से इस क्षेत्र के उन अभिभावकों को बड़ी राहत मिलेगी जो निजी स्कूलों की भारी भरकम फीस वहन करने में सक्षम नहीं हैं तथा क्षेत्र के बच्चों को सरकारी स्कूल में ही उच्च स्तरीय, आधुनिक और प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम में हटवाड़ स्कूल क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले सात विद्यालयों के विद्यार्थियों ने खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान मॉडलिंग, योग, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।


हटवाड़ में क्लस्टर स्तरीय वार्षिक समारोह में बच्चों व शिक्षकों के साथ मंत्री धर्माणी।

### डॉ. किशोरी लाल ने स्कूल को लिया गोद

क्लस्टर स्तरीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के वार्षिक समारोह में सेवानिवृत्त उपनिदेशक पशुपालन डॉ. किशोरी लाल ने हटवाड़ स्कूल को गोद लेने का निर्णय लिया तथा स्कूल के विभिन्न विकास कार्यों के लिए अपनी ओर से 11 हजार रुपए की राशि भेंट की।

# कैंची मोड़ पर दो कारों में टक्कर, चालक की मौत

अनंत ज्ञान, स्वारघाट



किरतपुर-मनाली फोरलेन की टनल नंबर-1 के पास कैंची मोड़ पर बुधवार सुबह दो कारों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। टक्कर चंडीगढ़ और यूपी नंबर की गाड़ी में हुई। जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ नंबर में चालक सहित कुल छह लोग सवार थे। टक्कर में सभी यात्री घायल हुए, जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से एंबुलेंस से एम्स कोठीपुरा पहुंचाया गया। टक्कर के बाद वाहन का चालक शुभम कुमार (25) पुत्र संजय कुमार, निवासी गांव चक्का जोगिंदरनगर गंभीर रूप से घायल हो गया। एम्स बिलासपुर में डॉक्टरों ने उसे अस्पताल में मृत घोषित कर दिया।

यूपी नंबर की कार में चार लोग बैठे थे, जो सुरक्षित बताए जा रहे हैं और उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई है। हादसे की सूचना मिलने पर पर्यटन एवं यातायात पुलिस थाना भगेड़ की टीम मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को सड़क किनारे हटाकर यातायात बहाल कराया। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव चौधरी ने बताया कि हादसे के बाद कुछ समय तक मार्ग पर आवाजाही प्रभावित रही। पुलिस के अनुसार आगामी कार्रवाई नियमों के तहत अमल में लाई जा रही है।

**किरतपुर-मनाली फोरलेन की टनल-1 के पास हुआ हादसा, 6 लोग घायल**

# 'पोरफाइरिया' ने लील ली फगोग के 21 वर्षीय साहिल की जान

अनंत ज्ञान, बरठीं

झंडूता के फगोग गांव में 21 वर्षीय युवक साहिल की दुर्लभ और गंभीर बीमारी पोरफाइरिया के कारण दुखद मृत्यु हो गई। लगभग तीन वर्ष पूर्व इसी बीमारी ने साहिल की बहन प्रीति की भी जान ले ली थी। दोनों बच्चों की असमय मौत से माता-पिता प्रदीप कुमार और सीमा पूरी तरह सदमे में हैं और अब अकेले रह गए हैं। बताया जा रहा है कि हिमाचल प्रदेश में इस बीमारी का इससे पहले कोई मामला दर्ज नहीं हुआ था। साहिल पिछले करीब तीन वर्षों से इस बीमारी से जूझ रहा था। परिवार ने उसके इलाज पर लाखों रुपए खर्च किए, परंतु उसे बचाया नहीं जा सका। उपचार के दौरान पीजीआई चंडीगढ़ में डॉक्टरों ने उसे महंगे 'हेमिन' इंजेक्शन लगाए, जिनकी कीमत प्रति इंजेक्शन लगभग तीन लाख रुपए बताई जाती है। पिछले तीन महीनों में उसे तीन इंजेक्शन दिए गए थे। इससे पहले भी कई बार यह उपचार किया गया, लेकिन कोई स्थायी सुधार नहीं हुआ।

डॉक्टरों के अनुसार पोरफाइरिया एक अनुवांशिक बीमारी है, जो प्रायः 20 वर्ष की उम्र के आसपास हार्मोनल बदलावों के दौरान गंभीर रूप ले सकती है। साहिल के पिता प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रारंभ में उसे अत्यधिक पेट दर्द और शरीर में सोडियम की कमी होने लगी थी। बाद में उसका लीवर प्रभावित हो गया और धीरे-धीरे अन्य अंगों ने भी काम करना बंद कर दिया, जिसके चलते आज उसने दम तोड़ दिया।

# केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ ट्रेड यूनियनों का प्रदर्शन

## रैली निकालकर डीसी को सौंपा ज्ञापन, महंगाई और बेरोजगारी पर सरकार को घेरा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

केंद्र की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संयुक्त ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा ने बिलासपुर में जोरदार प्रदर्शन किया। यह रैली ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर आयोजित की गई, जिसमें सीपीआईएम, सीटू, जिला महिला समिति और विभिन्न मजदूर संगठनों से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने बंदला रोड से लेकर डीसी कार्यालय तक मार्च निकालकर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन उपायुक्त के माध्यम से सरकार को भेजा। सभा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों ने किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों और आम जनता का जीवन कठिन बना दिया है। वर्ष 2020 में लाए गए तीन कृषि कानूनों का विरोध करते हुए वक्ताओं ने कहा कि किसानों पर लगातार महंगाई, कर्ज और प्राकृतिक आपदाओं का दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने जोर दिया कि किसान-मजदूर आंदोलन के दौरान शहीद हुए 750 से अधिक किसानों को न्याय दिलाने तथा आंदोलन से जुड़े कानूनी मामलों को वापस लिया जाए। किसान नेता बोले कि डीजल-पेट्रोल-गैस के दामों में वृद्धि ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ दी है। सभा के दौरान श्रमिक नेताओं ने कहा कि सड़कें खस्ताहाल होने से ग्रामीण इलाकों में आवागमन ठप हो जाता है। उन्होंने किसानों की फसलों का कानूनी गारंटीयुक्त एमएसपी तय करने, मनरेगा के बजट में भारी बढ़ोतरी, मजदूरी में बढ़ोतरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन की मांग रखी। इसके साथ ही 200 दिन की गारंटी व 600 रुपए दैनिक मजदूरी का प्रावधान लागू करने की भी मांग रखी गई।

वक्ताओं ने कहा कि बिजली बिल संशोधन विधेयक वापस लिया जाए, सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण को रोका जाए और महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इस रैली में महिला संगठनों और युवा कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया और महिलाओं की सुरक्षा, रोजगार के अवसर बढ़ाने और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का विस्तार करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के अंत में प्रतिनिधिमंडल ने डीसी बिलासपुर को ज्ञापन सौंपा।




**मनरेगा के बजट में बढ़ोतरी व मजदूरी बढ़ाने की मांग**

# नेशनल हैंडबॉल में नेहा ने रजत जीत चमकाया क्षेत्र का नाम

## प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने पर गांव पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों से हुआ स्वागत

अनंत ज्ञान, कुठेड़ा

कुठेड़ा पंचायत की उभरती हुई हैंडबॉल खिलाड़ी नेहा चौहान ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर क्षेत्र का नाम देशभर में रोशन कर दिया है। जैसे ही नेहा प्रतियोगिता से लौटकर अपने गांव और पंचायत पहुंची, पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई और पंचायतवासियों ने उनका ऐसा स्वागत किया, जो हमेशा के लिए यादगार बन गया। गांव में प्रवेश करते ही ढोल-नगाड़ों, फूलमालाओं, आतिशबाजी और जयकारों के बीच नेहा चौहान का अभिनंदन किया गया। स्थानीय महिलाओं ने पारंपरिक पहनावे में स्वागत गीत गाकर उनका मनोबल बढ़ाया, जबकि युवाओं ने जुलूस के रूप में उनके साथ पूरे गांव में उत्साहपूर्ण रैली निकाली। पंचायत प्रतिनिधियों ने नेहा को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पंचायत प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्यों और वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि नेहा ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का विशाल स्रोत बनेगी। नेहा बचपन से ही खेलों के प्रति समर्पित रही हैं। सीमित संसाधनों के बीच भी उन्होंने अपने प्रशिक्षण को जारी रखा और जिला, राज्य और अब राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचकर रजत पदक हासिल किया।


कुठेड़ा पंचायत की उभरती हैंडबॉल खिलाड़ी नेहा चौहान का स्वागत करते गांववासी।

# बिलासपुर में एचपीयू युवा महोत्सव आज से

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में 27 नवंबर से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा महोत्सव ग्रुप-4 (थियेटर) का आयोजन किया जा रहा है। यह युवा महोत्सव 27 नवंबर से शुरू होकर 30 नवंबर तक चलेगा। महोत्सव का शुभारंभ पूर्व विधायक बंबर ठाकुर द्वारा किया जाएगा तथा समापन समारोह के मुख्यातिथि नगर एवं ग्राम योजना, आवास और तकनीकी शिक्षा मंत्री, राजेश धर्माणी होंगे। इस महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने कहा कि इस युवा महोत्सव में विभिन्न महाविद्यालयों से आने वाले विद्यार्थियों के खाने और रहने की व्यवस्था महाविद्यालय प्रशासन द्वारा महाविद्यालय में ही की गई है।

# अनुराग बने एसआईडीसी के वाइस चेयरमैन

## राजनीतिक समझ और साफ-सुथरी छवि के कारण मिली जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो बिलासपुर



हिमाचल प्रदेश की राजनीति में संगठनात्मक नेतृत्व को नई पहचान देने वाले नामों में शामिल अनुराग शर्मा को प्रदेश सरकार ने स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। सेवा दल के प्रदेश प्रमुख के रूप में अपनी सक्रियता, संगठन विस्तार की क्षमता और जनसरोकार आधारित कार्यशैली के कारण अनुराग शर्मा लंबे समय से राजनीतिक व प्रशासनिक हलकों में चर्चा में रहे हैं। उनकी नियुक्ति को राजनीतिक समझ, साफ-सुथरी छवि और जमीनी अनुभव की मान्यता माना जा रहा है।

अनुराग शर्मा का राजनीतिक सफर छात्र जीवन से शुरू हुआ, जहां वह युवा मुद्दों को उठाने में हमेशा आगे रहे। कांग्रेस सेवा दल से जुड़ने के बाद उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रदेशभर की यात्रा की और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद बनाकर नए कैडर तैयार किए। उनके नेतृत्व में प्रदेश के कई जिलों में सेवा दल की इकाइयों को पुनर्सक्रिय किया गया और प्रशिक्षण शिविरों की संख्या बढ़ाई गई, जिनमें युवाओं को सामाजिक, राजनीतिक और संगठनात्मक कार्यकुशलता की शिक्षा दी गई। जमीनी स्तर पर उनकी पहचान एक ऐसे कार्यकर्ता की रही, जो मंच पर कम और लोगों के बीच ज्यादा सक्रिय दिखता है।

सामाजिक अभियानों में भी अनुराग शर्मा की भूमिका हमेशा उल्लेखनीय रही है। नशा-निरोधक जागरूकता से लेकर आपदा के समय राहत वितरण तक वे अनेक महत्वपूर्ण अभियानों का चेहरा बने। विभिन्न ब्लॉक और ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित कई सेवा शिविरों में उनकी प्रत्यक्ष भागीदारी को लोगों ने सराहा।

# बरठीं में 33 केवी के सामने खड़ा सूखा चीड़ का पेड़ दे रहा हादसे को न्योता

अनंत ज्ञान, बरठीं। ग्राम पंचायत बरठीं में 33 केवी के सामने खड़ा चीड़ का पेड़ किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। पंचायत के नवीन कुमार ने इसकी शिकायत एसडीएम झंडूता को भी दी है। यह पेड़ इतना बड़ा है कि अगर गिरता है तो सीधा सड़क पर गिरेगा। इससे सड़क पर जा रहे किसी वाहन या राहगीर इसकी चपेट में आ सकते हैं। इस संदर्भ में जब विद्युत विभाग के एसडीओ बरठीं हरवंश सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पेड़ काटने के लिए हमें वन विभाग की परमिशन चाहिए। वहीं, दूसरी ओर लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि पेड़ काटने के लिए वन विभाग को एक कोई अथॉरिटी लेटर नहीं आया है। वहीं, वन विभाग के रेंजर सुशील कुमार ने कहा कि वह शीघ्र ही मौके पर जाएंगे।

# श्याम लाल चौधरी और अभी कौशल को बनाया महामंत्री

## भाजपा युवा मोर्चा नयना देवी लोअर मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा नयना देवी लोअर मंडल के अध्यक्ष परमजीत ठाकुर ने मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। उन्होंने सलोआ से पंचायत प्रधान चरण सिंह, नैला से अतुल, मंडयाली से प्रदीप कुमार, रोडजम्मन से अरुण चौधरी और कुटेहला से दिनेश राणा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया। पलसेड से श्याम लाल चौधरी और भटेड़ से अभी कौशल को महामंत्री बनाया गया। मंडलाध्यक्ष ने बताया कि टोबा से अशोक राणा, कोड़ांवाली से मुकेश कुमार, बैहल से जतिन ठाकुर, नकराना से सौरव ठाकुर, धरा स्वाहण से विक्रम ठाकुर और मजारी से हर्षदीप सिंह सचिव की जिम्मेदारी निभाएंगे। खुलमी भाखड़ा से प्रदीप कुमार को कोषाध्यक्ष तथा नयना देवी से मुकुल अग्निहोत्री को कार्यालय सचिव नियुक्त किया गया। नयना देवी से पुलकित गौतम मीडिया प्रभारी, डडोह से गगनदीप कुमार और पंगा स्वारघाट से सुनील कुमार प्रवक्ता बनाए गए। डोलां से मलकीत सिंह सोशल मीडिया प्रभारी, धरोट से साहिल ठाकुर सह-सोशल मीडिया प्रभारी और मंडयाली से नानक चंद आईटी संयोजक होंगे सदस्य के रूप में हेम सिंह, सोहन लाल ठाकुर, सतनाम सिंह, रजनीश ठाकुर, सन्नी देव, सुशील महाजन, राजकुमार, सुखदेव ठाकुर, प्रवीण कुमार, अजय कुमार, सचिन देहल, नरोत्तम दत्त, दीपक कुमार, गगन कुमार, अक्षय कुमार, योगेश ठाकुर, गुरप्रीत सिंह, अमरीक सिंह, राहुल शर्मा, रमन गुज्जर, अरुण चंदेल, विनोद कुमार, साहिल शर्मा और संजीव कुमार शामिल हैं।

# भारत का संविधान विश्व के सर्वश्रेष्ठ और सबसे विस्तृत संविधानों में से एक

अनंत ज्ञान, झंडूता

राजकीय महाविद्यालय झंडूता में विधि दिवस के उपलक्ष्य में कैरियर काउंसलिंग और गाइडेंस सेल के द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. संजय ठाकुर ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में अधिवक्ता अनिल शर्मा एवं अधिवक्ता नरेश भारद्वाज उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत का संविधान विश्व के सर्वश्रेष्ठ और सबसे विस्तृत संविधानों में से एक है, जो प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान में निहित मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने तथा उन्हें जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

# वरिष्ठ नागरिक सभा ने बैठक में पास किए जनहित से जुड़े प्रस्ताव

## प्रदेश सरकार और प्रशासन से प्रस्तावों पर त्वरित कार्रवाई की उठाई मांग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

वरिष्ठ नागरिक सभा की मासिक बैठक की अध्यक्षता डॉ. जेएन मिश्रा ने की, जबकि मंच संचालन महासचिव मस्तराम वर्मा ने किया। बैठक में विभिन्न जनहित और वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के बाद कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। सभा ने जिला ट्रेजरी द्वारा मेडिकल बिलों पर लगाई जा रही उन आपत्तियों पर कड़ा रोष व्यक्त किया, जिनमें डॉक्टर से अलग से यह प्रमाणपत्र मांगा जा रहा है कि पर्ची पर लिखी गई दवाएं रोगी के लिए आवश्यक हैं। इससे बुजुर्गों को बार-बार अस्पताल के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। सभा ने जिला ट्रेजरी अधिकारी से आग्रह किया कि ऐसे आदेश तुरंत वापस लिए जाएं।

सदस्यों ने सरकार से वर्ष 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित वित्तीय लाभ तुरंत जारी करने और चिकित्सा बिलों का तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने की मांग रखी। साथ ही 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों की पेंशन बढ़ाने की भी मांग की गई। सभा ने बिलासपुर शहर से मंडी-भराड़ी पुल तथा मंडी-भराड़ी पुल से एम्स तक 'राइड माय प्राइड' इलेक्ट्रिक बस सेवा प्रति घंटे चलाने की मांग की, ताकि लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। मंडी भराड़ी और भगेड़ में वर्षाशालिका एवं शौचालय निर्माण की आवश्यकता भी सरकार के संज्ञान में लाई गई। मेन मार्केट से पोस्ट ऑफिस, सिनेमा कॉलोनी और गुरुद्वारा चौक से लुहणू तक पैदल मार्ग के निर्माण की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। उपायुक्त कार्यालय स्थित आधार कार्ड काउंटर के विस्तारीकरण की भी आवश्यकता जताई गई। कोसरियां सेक्टर से कॉलेज रोड तक बरसात के दौरान भारी मात्रा में मिट्टी और पानी आने से लोगों को हो रही परेशानी को ध्यान में रखते हुए उचित निकासी व्यवस्था करने की मांग रखी गई। जल शक्ति विभाग द्वारा पानी के बिलों में हाल ही में की गई भारी वृद्धि पर भी सभा ने कड़ा विरोध जताया।

**जयंती**

## डॉ. वर्गीस कुरियन की जयंती पर बंदला के परनाली में मनाया राष्ट्रीय दुग्ध दिवस

# भारत को सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बनाने में कुरियन का अहम रोल

सुभाष ठाकुर, अनंत ज्ञान

नम्होल। भारत में श्वेत क्रांति के जनक कहे जाने वाले डॉ. वर्गीस कुरियन की जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को बंदला के परनाली में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाया गया। सरदार पटेल सहकारी डेयरी फेडरेशन (एसपीसीडीएफ), महेसाणा जिला सहकारी दूध उत्पादक संघ और सुमन एग्रो के संयुक्त तत्वावधान में दूधसागर नेशनल अमूल के अवशोतन केंद्र पर आयोजित इस कार्यक्रम में बिलासपुर व सोलन से बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं व दूध उत्पादकों ने भाग लिया।

एसपीसीडीएफ के स्टेट को-ऑर्डिनेटर शरद तिवारी ने कहा कि भारत को विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बनाने में श्वेत क्रांति की नींव रखने वाले डॉ. वर्गीस कुरियन की अहम भूमिका रही है। उन्होंने सहकारिता पर आधारित 'अमूल मॉडल' विकसित करके देश के करोड़ों किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया। मौजूदा परिवेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के दृष्टिकोण तथा गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में देश में सहकारिता के क्षेत्र में एक नई क्रांति आ रही है। इसी से प्रेरित होकर एसपीसीडीएफ की स्थापना की गई है। इसका उद्देश्य देश भर के दुग्ध उत्पादकों को एक संगठित सहकारी ढांचे से जोड़ना है, ताकि उन्हें संग्रहण से लेकर प्रसंस्करण और विपणन तक मजबूत, पारदर्शी और लाभकारी अमूल प्रणाली का लाभ मिल सके।

शरद तिवारी ने कहा कि वर्तमान में एसपीसीडीएफ देश के 20 राज्यों में सक्रिय है। इन राज्यों के हर गांव में ग्राम दुग्ध सहकारी समितियों के गठन को बढ़ावा दिया जा रहा है। अहम बात यह है कि एसपीसीडीएफ का संचालन भी उसी त्रिस्तरीय अमूल सहकारी मॉडल पर आधारित है, जहां हर स्तर पर निर्णय दूध उत्पादक केंद्रित और लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर लिए जाते हैं।

प्रतिभागी दूध उत्पादकों ने कहा कि वे अपने गांवों में दुग्ध सहकारी समितियों का गठन करके उन्हें एसपीसीडीएफ से जोड़ेंगे। इससे उन्हें अमूल मॉडल के तहत दूध का उचित और पारदर्शी मूल्य, चारा व पोषण सहायता, पशु स्वास्थ्य सेवाएं, प्रशिक्षण व क्षमता निर्माण तथा वित्तीय व तकनीकी सहायता जैसे लाभ मिलेंगे। इस मौके पर केंद्र प्रभारी दीपक तथा सीएस टीम से कर्ण, सुमित, साहिल व तरुण भी मौजूद थे।


बंदला के परनाली में डॉ. वर्गीस कुरियन की जयंती पर राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाते दूध उत्पादक व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### सुरजीत भरमौरी ने नशे से दूर रहने का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, चंबा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुर्गेठी में वार्षिक पारितोषक वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के निदेशक और युवा कांग्रेस नेता सुरजीत भरमौरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में पूर्व छात्र और जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता महेश्वर सिंह, स्कूल समिति अध्यक्ष मंगत राम, समिति सदस्य, शिक्षक, अभिभावक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने बच्चों को शिक्षा के साथ खेल, कला और कौशल में भाग लेने तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया। स्कूल के रिक्त पदों को भरने और ठंड से बचाव के लिए कला एवं कम्युनिटी हॉल बनाने की मांग पर उन्होंने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। समारोह में मेधावी छात्रों का सम्मान भी किया गया।

### राहत राशि वितरण में चंबा के साथ भेदभाव: उपमन्यु

अनंत ज्ञान, चंबा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विशाल उपमन्यु ने आपदा राहत राशि वितरण में चंबा जिले की उपेक्षा का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भटियात, भरमौर और तीसा क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है, बावजूद इसके प्रभावित लोगों को अभी तक उचित मुआवजा नहीं मिला है। विशाल उपमन्यु ने बताया कि भूस्खलन और बादल फटने जैसी घटनाओं से 1500 से अधिक घर प्रभावित हुए, 42 लोगों की जान गई और कई लापता हैं। बिजली, जलशक्ति, पीडब्ल्यूडी और अन्य विभागों को कुल लगभग 1100 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, साथ ही 207 से अधिक बिजली ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए। उन्होंने कहा कि अन्य जिलों में राहत राशि वितरित कर दी गई है, लेकिन चंबा में लोग अब भी इंतजार कर रहे हैं। विशाल उपमन्यु ने सरकार से मांग की है कि प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द उचित मुआवजा जारी किया जाए और जिले के पिछड़ेपन के कारण कोई भेदभाव न हो।

### सत्य साईं बाबा का शताब्दी महोत्सव संपन्न

अनंत ज्ञान, डलहौजी। सदर बाजार स्थित सत्य साईं बाबा मंदिर में उनके 100वें शताब्दी महोत्सव का आयोजन श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अखंड भजन से हुई, जिसके बाद दिनभर सेवा और सामाजिक गतिविधियां आयोजित की गईं। जिला सेवा कोऑर्डिनेटर अंजू ठाकुर और पूर्व शिक्षा मंत्री आशा रानी ने बाबा के जीवन और 'मानव सेवा ही माधव सेवा' संदेश पर प्रेरणादायी विचार साझा किए। महोत्सव में सनातन धर्म सभा, राम नाटक क्लब और बनीखेत सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में समिति सदस्यों ने प्राथमिक विद्यालय सदर बाजार डलहौजी में बच्चों के साथ भी उत्सव मनाया, केक काटा और प्रसाद वितरित किया। आयोजन प्रेम, अनुशासन और सामूहिक सहयोग के साथ सफल रहा।

### अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी

अनंत ज्ञान, भरमौर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांधा में संविधान दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अवसर पर छात्रों ने चार्ट मेकिंग, क्विज और भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लिया। राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता वेद प्रकाश ने छात्रों को संविधान की उत्पत्ति, महत्व और नागरिकों के अधिकार व कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। टीजीटी आर्ट्स अरुण कुमार ने बच्चों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं। स्कूल प्रवक्ता सुभाष शर्मा ने अध्यापकों और छात्रों को बधाई दी और कहा कि संविधान भारत में समानता, स्वतंत्रता और न्याय की नींव है, इसलिए सभी को अपने संविधान का सम्मान करना चाहिए।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया याद

अनंत ज्ञान, चंबा। भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को अम्बेडकर मिशन सोसाइटी चंबा, गुरु रविदास सभा, भीम बाई महिला मंडल, अम्बेडकर कर्मचारी कल्याण संघ, अनुसूचित जाति कल्याण समिति, गुरु रविदास महासभा और बाल्मिकी सभा के संयुक्त तत्वावधान में प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम बाबा साहिब की प्रतिमा और अम्बेडकर भवन सुल्तानपुर में संपन्न हुए। अम्बेडकर मिशन सोसाइटी के महासचिव अनूप राही ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान और संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे और उन्होंने समानता, न्याय तथा समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा में संविधान की भूमिका पर विचार साझा किए।

### शिक्षा मानव जीवन की नींव: सुरेश कुमार

अनंत ज्ञान, चंबा। बुधवार को ग्राम पंचायत सराहन स्थित गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल सराहन में समाजसेवी सुरेश कुमार ठाकुर द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप फल एवं फलाहार वितरित किए गए। सुरेश कुमार ठाकुर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा मानव जीवन की नींव है और बच्चों को सकारात्मक वातावरण देकर उनका उत्साह बढ़ाना समाज का दायित्व है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसी प्रकार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### खो-खो चैंपियनशिप के लिए ट्रायल कल

अनंत ज्ञान, मंडी। राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष व महिला वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता के लिए जिला शिमला का ट्रायल शुक्रवार को होगा। यह ट्रायल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालूगंज के खेल मैदान में लिया जाएगा। जिला शिमला खो-खो संघ के महासचिव वीर चंद ने बताया कि जिला की खंड स्तरीय टीमें शुक्रवार प्रातः साढ़े 9 बजे बालूगंज स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के खेल मैदान में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपना आधार व आयु प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य लाएं। उन्होंने कहा कि ट्रायल के माध्यम से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला शिमला की टीम का चयन किया जाएगा।

### चालान कर वसूला 5400 रुपए जुर्माना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। जिला पुलिस मंडी ने विशेष अभियान चलाते हुए विभिन्न कानूनों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 340 चालान, कोटपा के तहत 54 चालान जारी कर 5400 रुपए जुर्माना वसूला है। वहीं अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए माइनिंग एक्ट के अंतर्गत 6 चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक मंडी के अनुसार यह अभियान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान रोकने और अवैध खनन गतिविधियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से चलाया गया है, और आगे भी ऐसे सघन अभियान जारी रहेंगे।

### बीयर की बोतल से हमला करने की कोशिश

अनंत ज्ञान, मंडी। थाना करसोग में राम लाल पुत्र मेहर सिंह निवासी गांव काओ, तहसील करसोग, जिला मंडी की शिकायत पर तीन व्यक्तियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार 25 नवंबर को रात लगभग 9:30 बजे जब वह कॉलेज के पास पहुंचे तो ललित उर्फ लब्बू पुत्र ओम प्रकाश निवासी स्यांजली (हाल निवासी न्यारा, करसोग), समीर पुत्र ख्याल सिंह निवासी ममेल तथा एक अन्य अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि तीनों ने उनके साथ गाली-गलोच की, मारपीट की और बीयर की बोतल से हमला करने की कोशिश की। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और सभी आरोपों की पड़ताल करते हुए आगे की जांच जारी है, ताकि घटना से जुड़े तथ्यों को स्पष्ट किया जा सके और आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### वर्मा ज्वेलर्स की प्रदर्शनी का आखिरी दिन आज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। यहां राजमहल में वर्मा ज्वेलर्स की दौँ प्रदर्शनी व बिक्री का वीरवार को आखिरी दिन है। यहां पर फर्म के सेल हैड शेष राम ठाकुर ने बताया कि इस दौरान नये पुराने दोस्तों तरह के ग्राहक पंहुचे। मंडी वासियों के लिए ट्रैंडी, लाईट वेट, हिमाचली लुक, ट्रेडिशनल, एंटीक, जड़ाऊ, टैंपल आर्ट वाले गहने भरपूर आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी फर्म द्वारा पहले व अबकी बार की तरह भविष्य में भी ऐसे ही आयोजन किए जाते रहेंगे।

### अवितरित धन वापसी के लिए विशेष शिविर कल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। मंडी में भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के तहत अवितरित धन वापसी अभियान के अंतर्गत शुक्रवार, 28 नवम्बर को विभिन्न स्थानों पर विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्य शिविर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटली में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा, जिसमें लाभार्थियों को अवितरित पड़ी धनराशि वापस पाने की प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। पंजाब नेशनल बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक चंद्र प्रकाश ने बताया कि शिविरों का उद्देश्य उन नागरिकों को सहायता प्रदान करना है जिनकी धनराशि विभिन्न बैंकों या बीमा कंपनियों में लंबे समय से अटकी हुई है। शिविर में उपस्थित लाभार्थियों को दावा प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, सत्यापन प्रणाली और ऑनलाइन/ऑफलाइन प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। 28 नवंबर को पंजाब नेशनल बैंक के अलावा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, मंडी अर्बन कोऑपरेटिव बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र की विभिन्न शाखाओं में भी शिविर आयोजित होंगे। सभी पात्र लाभार्थियों से अनुरोध है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ इन शिविरों में पहुंचकर अपनी धनराशि वापसी की प्रक्रिया का लाभ उठाएं।

# साहो में जल, फायर ब्रिगेड व स्वास्थ्य सुविधाओं की हो बहाली: जय सिंह

## एडीएम के माध्यम से राज्यपाल को भेजा चंबा के विकास व सेवा मांगों का ज्ञापन

अनंत ज्ञान, चंबा

बुधवार को चंबा के ऐतिहासिक चौगान नंबर-1 में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अधिवक्ता जय सिंह के नेतृत्व में 'हल्ला बोल' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार पर चंबा की निरंतर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए स्थानीय समस्याओं और विकास कार्यों में आई गिरावट को प्रमुखता से उठाया।

इसके बाद ज्ञापन एडीएम चंबा अमित मेहरा के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को प्रेषित किया गया। जय सिंह ने ज्ञापन में चंबा एवं आसपास के क्षेत्रों की बिगड़ती स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की और तत्काल कदम उठाने की मांग की। उन्होंने चंबा में एचआरटीसी का सब-डिविजनल बस डिपो खोलने, ग्राम पंचायत साहो में



वरिष्ठ भाजपा नेता जय सिंह के नेतृत्व में 'हल्ला बोल' कार्यक्रम का आयोजित किया।

जल शक्ति विभाग का सब-डिविजन पुनः शुरू करने, साहो में सब डिविजनल फायर ब्रिगेड कार्यालय खोलने, साहो अस्पताल में रात के समय डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध करवाई जाने की मांग उठाई है। इसके अलावा मत्स्य विभाग द्वारा बनाए गए फिशरी टैंक तोड़कर प्लेग्राउंड बना दिया गया, जिससे सरकार को लाखों का नुकसान हुआ—इसकी जांच हो। बागवानी विभाग का हॉर्टिकल्चर कार्यालय बंद कर दिया गया है इसे पुनः खोला जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लग्गा को पुनः चालू किया जाए। साहो-कुर्था बस सेवा को तुरंत बहाल किया जाए। सबसे महत्वपूर्ण—साहो नहर का पानी बंद कर दिया गया है, जिससे स्थानीय किसानों के पॉलीहाउस प्रभावित हुए हैं और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। चंबा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 10 नए एमडी डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए और पैरामेडिक स्टाफ की भी भर्ती की जाए।

प्रदर्शन में कहा गया कि यदि इन मांगों पर समय रहते उचित कार्यवाही नहीं हुई, तो मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु के चंबा आगमन पर उनकी आंखों में आंखो डालकर उनका पुतला जलाया जाएगा तथा उनका स्वागत काली झंडियों के साथ किया जाएगा। चौगान से रैली निकालकर प्रदर्शनकारियों ने फिर डीसी कार्यालय पहुंचकर एडीएम चंबा को ज्ञापन सौंपा और समस्याओं का जल्द समाधान सुनिश्चित करने की मांग की।

# चामुंडा मंदिर परिसर में हुई घटना ने क्षेत्र में रोष व असहजता का माहौल किया पैदा

- चंबा में हिंदू समाज ने एसपी को सौंपा ज्ञापन
- निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग

अनंत ज्ञान, चंबा

जिला चंबा में हालिया घटनाओं को लेकर हिंदू समाज के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और जातिगत संगठनों के प्रतिनिधियों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक चंबा को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पुलिस द्वारा नशा माफिया और आपराधिक तत्वों पर चलाए जा रहे अभियानों की सराहना की गई, लेकिन कुछ मामलों में उभरी गलतफहमियों और आरोप-प्रत्यारोप पर चिंता व्यक्त की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि चामुंडा मंदिर परिसर में हुई एक घटना ने क्षेत्र में असहज माहौल पैदा किया। प्रारंभिक सूचना के अनुसार कुछ युवकों ने दो हिंदू युवकों के साथ मारपीट की और विवाद के दौरान देवी-देवताओं के प्रति आपत्तिजनक शब्द कहे। इसके विरोध में विभिन्न सामाजिक समूहों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी एक संगठन का नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक प्रतिक्रिया थी। हिंदू समाज ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि घटना से जुड़े सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच की जाए। समाज विशेष पर साम्प्रदायिकता फैलाने के आरोप लगाने वालों के बयानों की भी जांच की जाए। बजरंग दल और आरएसएस पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों की सत्यता की पड़ताल कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। जिले में नशे के कारोबार पर कठोर कदम उठाए जाएं और युवा पीढ़ी को सुरक्षित रखा जाए। साथ ही, बाहर से आने वाले प्रवासी लोगों की व्यवस्थित जांच के बाद ही रोजगार या निवास की अनुमति दी जाए, और फर्जी नाम या पहचान अपनाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। समाज ने आशा व्यक्त की कि पुलिस प्रशासन सभी बिंदुओं पर शीघ्र और निष्पक्ष कार्यवाही करते हुए क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखेगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के 9 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

अनंत ज्ञान, चंबा

बाल विकास परियोजना अधिकारी मेहला, राजेश रॉय नें जानकारी देते हुए बताया कि बाल विकास परियोजना मैहला के अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा 6 आंगनबाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों को भरने के लिए पात्र एवं इच्छुक महिला उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद आंगनबाड़ी केंद्र मझाटा ग्राम पंचायत सुनारा, बंजल - 1 ग्राम पंचायत कीड़ी तथा चलोगा ग्राम पंचायत अठलूईं में वहीं आंगनबाड़ी सहायिका के पद आंगनबाड़ी केंद्र सी ग्राम पंचायत उटीप, अगाहर ग्राम पंचायत बलोठ, ग्रोण्डी ग्राम पंचायत बलोठ , सादून ग्राम पंचायत ब्रेही, कुडडनी ग्राम पंचायत मंगला तथा बंदला ग्राम पंचायत बंदला में भरे जाने हैं।

इन पदों के लिए वही महिला उम्मीदवार पात्र होंगी जो संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के फीडिंग एरिया (उप गांव) की सामान्य निवासी हों, जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दस जमा दो (बारहवीं) पास हो। उम्मीदवार के परिवार की वार्षिक आय 50,000 रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए, जिसका प्रमाण तहसीलदार/नायब तहसीलदार/ कार्यकारी दंडाधिकारी द्वारा जारी होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि यदि कोई आंगनबाड़ी सहायिका आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद हेतु आवेदन करती है तो उसके मानदेय को आय मानदंड में छूट प्रदान की जाएगी।

बाल विकास परियोजना अधिकारी नें बताया कि इन पदों के लिए साक्षात्कार दिनांक 5 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे एसडीसएम (ना0) चंबा की अध्यक्षता में कार्यालय उपमंडलाधिकारी (ना0) चम्बा में आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक एवं पात्र महिला उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र साधारण कागज पर हिमाचली प्रमाण पत्र, आयु, शैक्षणिक योग्यता, वार्षिक पारिवारिक आय प्रमाण पत्र, परिवार नकल तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियों सहित बाल विकास परियोजना अधिकारी, मेहला के कार्यालय में 30 दिसंबर तक जमा करवा सकती हैं।

# अवैध शराब के दो मामले दर्ज,

अनंत ज्ञान, चंबा। चंबा जिला पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1) के तहत दो मामले दर्ज किए। पुलिस टीमों ने गश्त के दौरान कुल 13,500 एमएल/सीएल अवैध शराब बरामद की। पहला मामला थाना किहार में दर्ज किया गया, जहां अमर सिंह के कब्जे से 5250 एमएल/सीएल अवैध शराब बरामद हुई।

दूसरा मामला थाना भरमौर में सामने आया, जिसमें हितेश कुमार की दुकान से 8250 एमएल/सीएल अवैध शराब पकड़ी गई। दोनों मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शराब को जब्त किया और आगे की जांच शुरू कर दी। पुलिस प्रशासन ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है और अवैध शराब की बिक्री पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। अधिकारियों ने नागरिकों से भी ऐसे मामलों की सूचना देने की अपील की है।

# चंबा के लक्ष्मी नारायण मंदिर में भोग व्यवस्था ठप

## सहायक रसोइये को मानदेय नहीं, स्थानीय लोगों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, चंबा

विश्व विख्यात जगतपिता लक्ष्मी नारायण मंदिर समूह परिसर चंबा, राजा साहिल वर्मन द्वारा निर्मित, 10वीं शताब्दी का एक ऐतिहासिक परिसर है। यह शहर का मुख्य तीर्थस्थल है और इसमें शिखर शैली में निर्मित विभिन्न देवताओं को समर्पित छह मंदिर हैं। मंदिर में रियासतकाल से वर्तमान तक पांच आरतियों क्रमशः मंगल आरती श्रृंगार आरती भोग आरती संध्या आरती और शयन आरती का आयोजन किया जाता है। इसके साथ श्रृंगार आरती भोग आरती संध्या आरती और शयन आरती के समय विशेष भोग लगाया जाता है। रियासतकाल से वर्तमान समय तक वंशानुगत भोग बनाने के लिए बोटी व भोग के बर्तन की स्वच्छता व बोटी की सहायता के लिए सहायक रसोइया की व्यवस्था रही है।

रियासतकाल में राजकीय प्राश्रय व बाद में ट्रस्ट की देखरेख में व्यवस्था सुचारु रूप से कायम रही, लेकिन प्रशासन के अधीन आते कुछ समय व्यवस्था ठीक रहने के बाद पिछले कुछ माह से अव्यवस्था आना शुरू हुई और



आलम यह है कि भोग के बंद होने की स्तिथि उत्पन्न हो चुकी है।

डॉ. राजेश सहगल पुरातत्वविद ने बताया कि इस बारे में पिछले माह स्थानीय जनता ने एसडीएम चंबा को ज्ञापन सौंपकर अपनी आस्था में खलल पर रोष व्यक्त किया। एसडीएम चंबा ने समस्या के समाधान के लिए मीटिंग का आश्वाशन दिया, लेकिन अभी तक समस्या जस की तस है। राजेश सहगल ने बताया कि समस्या तब आरम्भ हुई जब पुराने रसोईये के सहायक चुनीलाल का निधन हुआ। उनके देहांत के पश्चात उनके पौत्र रोहित सपुत्र योगराज गांव छमेरी डाकखाना बरौर ने उनके बाद सहायक रसोईये के कार्य को जारी रखा। उपमंडलाधिकारी नागरिक को सूचना दे कर मई माह में चुनीलाल जी के देहांत की सूचना देकर सहायक रसोईया के कार्य को करने के लिए आवेदन किया। लेकिन पिछले कुछ महीनों से मानदेय प्रशासन द्वारा देना बंद कर दिया। उपमंडलाधिकारी नागरिक चंबा के आश्वासन के बाद भी तहसील के कर्मचारी द्वारा फाइल भेजने की बात कह कर संतोषजनक उत्तर नहीं मिल रहा है। बिना मानदेय के सहयक की स्तिथि दयनीय हैं। उपायुक्त चंबा एवं मंदिर अधिकारी से निवेदन है कि समस्या का निदान कर कृतार्थ करें। भोग व्यवस्था सुचारु रूप से अविलंब चलती रहे। पहले भी इस समस्या से जनपद के सभी हिंदू सनातनी परिवार आहत हुए हैं। इस प्रकरण को लेकर सनातन धर्म सभा चंबा व्यापार मंडल व स्थानीय नागरिकों का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीसी से मिल कर ज्ञापन सौंपकर उनसे इस विषय पर शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह कर चुका है।

# औरा स्कूल के वार्षिक समारोह में होनहार छात्रों को किया सम्मानित



औरा स्कूल के वार्षिक समारोह के दौरान मुख्यातिथि कुलबीर सिंह राणा व अन्य।

अनंत ज्ञान, धरवाला

शिक्षा खंड भरमौर के अंतर्गत पड़ने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला औरा में वार्षिक वितरण समारोह का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया। समारोह में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट- प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कुलबीर सिंह राणा तथा विद्यालय भरमौर की प्रधानाचार्य अंजू वाला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यवाहक प्रधानाचार्य ओम प्रकाश ने चंबा थाल तथा टोपी व शॉल पहनाकर मुख्य अतिथि का गर्म जोशी से स्वागत किया।

इस दौरान वार्षिक परीक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा दसवीं के आरुष और कक्षा 12वीं में श्वेता देवी ने स्कूल में बोर्ड की परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया, साथ ही सबसे ज्यादा उपस्थित दर्ज करवाने वाले विद्यार्थी, इको क्लब सहित समस्त गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्रों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में औरा पंचायत की प्रधान सोनू चाढ़क , घनश्याम, देवेंद्र शर्मा, बबीता शर्मा, सरिता देवी, जोगिंदर राम, परसोत्तम दास, सुरेंद्र कुमार, सोनिका थापा, अंजली कुमारी, राकेश कुमार, लांबी देवी, रतन चंद, व स्कूल समिति के अध्यक्ष जोगिंदर कुमार सहित और भी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सीटू और किसान सभा ने किया प्रदर्शन

## चंबा में लेबर कोड और श्रम शक्ति नीति 2025 के खिलाफ निकाली रैली

अनंत ज्ञान, चंबा

अखिल भारतीय आह्वान पर भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीटू) और हिमाचल किसान सभा के संयुक्त नेतृत्व में बुधवार को जिला मुख्यालय चंबा और उपमंडल तीसा में लेबर कोड, श्रम शक्ति नीति 2025 तथा सरकार की जन-विरोधी नीतियों के खिलाफ विशाल रैली एवं धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। मजदूर-किसान एकता के इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मजदूरों, किसानों, महिलाओं और युवाओं ने भाग लेकर रोष प्रकट किया। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को संबोधित संयुक्त ज्ञापन जिला उपायुक्त के माध्यम से भेजा गया।

आंदोलन को संबोधित करते हुए सीटू जिला महासचिव सुदेश ठाकुर, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष विपिन शर्मा, आंगनबाड़ी यूनियन अध्यक्षा सरोज देवी, मिड-डे-मील यूनियन जिला सचिव सरोज ठाकुर और एनएचपीसी के प्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार पर मजदूर-किसान विरोधी नीतियों को लागू करने का आरोप लगाया। नेताओं ने कहा कि



चार श्रम संहिताओं को लागू कर सरकार ने मजदूरों के दशकों पुराने अधिकारों पर हमला किया है। फिक्स्ड टर्म रोजगार और ठेका प्रथा को वैधता देने, यूनियन पंजीकरण पर नई पाबंदियाँ लगाने और फ्लोर वेतन लागू करने को उन्होंने मजदूर वर्ग पर 'जनसंहारक हमला' करार दिया।

इसके साथ ही किसानों से किए गए एमएससी सहित अन्य वादों को पाँच वर्ष बाद भी पूरा न करने को उन्होंने सीधा विश्वासघात बताया। मंच से चेतावनी दी गई कि एमएससी को कानूनी गारंटी, श्रम संहिताओं की वापसी, निजीकरण पर रोक, राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन, पेंशन सुरक्षा और महंगाई नियंत्रण जैसी मांगों को तत्काल पूरा न किया गया तो यह संयुक्त आंदोलन देशव्यापी स्तर पर और बड़े रूप में उभरेगा। बुधवार को हुए प्रदर्शन की प्रमुख मांगों में सभी फसलों का सी2+50% फार्मूला आधारित एमएससी, 26,000 रुपये राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन, 10,000 रुपये सार्वभौमिक पेंशन, कर्जमाफी, मनरेगा को 200 दिन व ₹700 दैनिक मजदूरी के साथ मजबूत करना और सीईटीए जैसे व्यापार समझौतों को रद्द करना शामिल रहा।

कार्यक्रम के समापन पर नेताओं ने कहा कि यह लड़ाई मजदूर-किसानों के अस्तित्व और देश की आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा की रक्षा का निर्णायक संघर्ष है, जिसे आगे और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में अंजू देवी, मीनाक्षी, मीना, कविता, रेखा, कौशल्या, कमल, विपिन, राकेश, चमन सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# लोकतांत्रिक मूल्यों के बारे में जानकारी दी

अनंत ज्ञान, चंबा। राजकीय महाविद्यालय चंबा में राजनीतिक शास्त्र विभाग के तत्वावधान में संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया मुख्य अतिथि रहे। विद्यार्थियों को भारतीय संविधान का महत्व, संविधान निर्माताओं के योगदान और लोकतांत्रिक मूल्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में गणेश वंदना, चम्बयाली, पंगवाली, भरमौरी, चुराही और पंजाबी लोकनृत्य, एकल गान और 'निर्भया: न्याय एक मिसाल' नाटक सहित कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ हुईं। साथ ही स्वदेशी मेले में पोस्टर, नारे और मॉडल प्रदर्शित किए गए, जिनमें संविधान, राष्ट्रीय ध्वज, ग्राम पंचायत व्यवस्था और मौलिक अधिकारों को दर्शाया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में पोस्टर, नारा लेखन, मॉडल, भाषण और निबंध लेखन में विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेताओं को मुख्यातिथि ने सम्मानित किया।

अनंत Classifieds

## नाम परिवर्तन

मैं, तारा देवी पत्नी श्री विनय कुमार निवासी हाउस नंबर 20/10 भगवाहन मोहल्ला, मंडी नजदीक हेड पोस्ट ऑफिस मंडी, पोस्ट ऑफिस मंडी, तहसील सदर, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश 175001, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम तारा शर्मा (पहला नाम) से बदलकर तारा देवी (नया नाम) कर लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

# शक्ति सिंह गोहिल और जीवन ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से किया सीधा संवाद

# संगठन में मेहनती कार्यकर्ताओं को मिलेगी तवज्जो

शशि सोनल, अनंत ज्ञान

नादौन। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे 'संगठन सृजन अभियान' के तहत नादौन विधानसभा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गुजरात कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद शक्ति सिंह गोहिल और हमीरपुर जिला के लिए नियुक्त विशेष पर्यवेक्षक जीवन ठाकुर ने मुख्य रूप से भाग लिया। बैठक में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को नए सिरे से मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई। गोहिल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'संगठन सृजन अभियान' का मुख्य उद्देश्य पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अभियान के तहत बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक ऐसे समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी जो जनता के बीच सक्रिय हैं।

हमीरपुर जिला के पर्यवेक्षक जीवन ठाकुर ने बैठक में उपस्थित ब्लॉक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से ज़िला अध्यक्ष और कार्यकारिणी के गठन को लेकर रायशुमारी की। उन्होंने कहा कि इस बार नियुक्तियां केवल सिफारिश पर नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की पसंद और मेरिट के आधार पर की जाएंगी। बैठक में सर्वसम्मति बनाने और गुटबाजी से ऊपर उठकर संगठन के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गया।

इसके अतिरिक्त, बैठक में केंद्र सरकार की नीतियों और अन्य राष्ट्रीय मुद्दों पर भी संक्षेप में चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं को सजग रहने को कहा गया। अंत में संगठन की आगामी रूपरेखा तैयार की गई ताकि भविष्य की चुनौतियों का मजबूती से सामना किया जा सके। इस अवसर पर स्थानीय कांग्रेस नेतृत्व, ब्लॉक कार्यकारिणी के सदस्य और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### सुक्खू सरकार की योजनाओं का प्रचार

बैठक में प्रदेश की सुक्खू सरकार द्वारा किए जा रहे जनहितैषी कार्यों की भी सराहना की गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे राज्य सरकार की उपलब्धियों, जैसे-ओपीएस बहाली, महिलाओं को 1500 रुपए और आपदा राहत पैकेज जैसी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाएं।

# सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के 150 पदों पर भर्ती 2 दिसंबर से

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। मंडी जिला में एसआईएस इंडिया लिमिटेड, आरटीए हमीरपुर द्वारा सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के 150 पदों पर भर्ती के लिए 2 से 5 दिसम्बर तक विभिन्न रोजगार कार्यालयों में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति हिमाचल प्रदेश तथा चंडीगढ़ में की जाएगी। यह जानकारी क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी मंडी अक्षय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार 2 दिसंबर को रोजगार कार्यालय बल्ह, 3 दिसंबर को उप-रोजगार कार्यालय पधर, 4 दिसंबर को रोजगार कार्यालय गोहर व 5 दिसंबर को उप-रोजगार कार्यालय सुंदरनगर में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि केवल पुरुष आवेदक ही इन पदों के लिए पात्र होंगे। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास या फेल रखी गई है और आयु 19 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। न्यूनतम लंबाई 168 सेंटीमीटर तथा भार 55 से 95 किलोग्राम होना आवश्यक है। आठ घंटे की ड्यूटी पर 15 हजार से 17 हजार रुपये व 12 घंटे की ड्यूटी पर 19 हजार से 23 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन देय होगा। चयनित अभ्यर्थियों को 26 दिन का प्रशिक्षण शाहतलाई, जिला बिलासपुर में दिया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान हॉस्टल और मेस की सुविधा रहेगी।

अनंत Classifieds

## नाम दुरुस्ती

मैं, चरण दास पुत्र फगनू राम निवासी बठलौन डाकघर कराणा तहसील आनी जिला कुल्लू, हि.प्र. हल्फ़न बयान करता हूं कि, मेरे पुत्र का सही नाम दिव्यांशु ( Divyanshu ) है , जो उसके जन्म प्रमाणपत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र,हिमाचली प्रमाण पत्र व अन्य सभी दस्तावेजों में सही दर्ज है। लेकिन गलती से आधार कार्ड नम्बर 2562 6723 2577 पर दिव्यांश ( Divyansh ) दर्ज हो गई है। जिसे आधार कार्ड में दिव्यांशु ( Divyanshu ) अपडेट किया जाए, जो सर्वदा मान्य है।

अनंत Classifieds

## बेदखली सूचना

मैं, पुरशोत्तम चंद (59 वर्ष) पुत्र श्री बाबू राम निवासी गांव व डाकघर करियाड़ा, तहसील देहरा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र प्रिंस, पुत्रवधु रवीना कुमारी व उनका पुत्र अध्विक मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। अतः आज से मैं अपने पुत्र प्रिंस व पुत्रवधु रवीना कुमारी व उनके पुत्र अध्विक को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

**स्वाभिमान** को ठेस लगने पर आचरण की जड़ में घुन लग जाता है और निंदा फैलने पर मनुष्य उसकी ओर से आंखें बंद करके खुल्लम-खुल्ला पतन की ओर अग्रसर होने लगता है। -गोपी कान्त

## संपादकीय

# तंबाकू मुक्त अभियान

तंबाकू का सेवन आज दुनियाभर में स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरे के रूप में देखा जा रहा है। यह एक ऐसी आदत है, जो शुरू में छोटे मनोरंजन या सामाजिक कारणों से अपनाई जाती है, लेकिन धीरे-धीरे यह गंभीर लत का रूप ले लेती है। तंबाकू का हानिकारक प्रभाव केवल शरीर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। हमीरपुर जिला में तंबाकू मुक्त अभियान जैसे प्रयास इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, लेकिन इसके बावजूद कई लोग इसके सेवन में लिप्त रहते हैं।

तंबाकू के उत्पादों में सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, खैनी, पान मसाला आदि शामिल हैं। इनका सेवन शरीर पर अनेक प्रकार से विपरीत प्रभाव डालता है। सबसे पहले यह फेफड़ों और मुंह के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। सिगरेट और बीड़ी के धुएं में मौजूद रसायन फेफड़ों की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और श्वसन तंत्र को कमजोर कर देते हैं। यही कारण है कि तंबाकू के सेवन से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी और सांस संबंधी विकार होने की संभावना अत्यधिक बढ़ जाती है।

गुटखा और खैनी जैसे चबाने वाले तंबाकू उत्पाद मुंह के स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक हैं। इनके सेवन से दांत कमजोर और सड़ने लगते हैं। इसके साथ ही मसूड़ों की सूजन, मुंह की छालें और मुंह का कैंसर भी आम समस्या बन जाता है। तंबाकू के सेवन से आंत और पाचन तंत्र में भी गंभीर समस्याएं आती हैं। यह आंत का कैंसर और पेट की गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। कई बार लोग तंबाकू के सेवन के कारण होने वाली इन गंभीर बीमारियों के बारे में अनभिज्ञ रहते हैं और समय पर रोक नहीं पाते।

तंबाकू की लत शारीरिक ही नहीं, मानसिक रूप से भी व्यक्ति को प्रभावित करती है। यह तनाव और चिंता बढ़ाने, नींद में कमी और मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट का कारण बनती है। जब व्यक्ति लगातार तंबाकू का सेवन करता है तो उसे इसकी आदत हो जाती है और इसे छोड़ पाना बहुत कठिन हो जाता है। ऐसे में शुरुआती चेतावनी या डॉक्टर की सलाह भी कई बार असर नहीं करती। हमीरपुर जिला शिक्षा विभाग ने स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचने पर सख्ती बढ़ा दी गई है। स्कूल मुख्यियों को विशेषाधिकार देकर तंबाकू बेचने वालों के खिलाफ चालान काटने का आदेश दिया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तंबाकू के सेवन से दूर रखना और उनके स्वास्थ्य को सुरक्षित करना है। स्कूलों के आसपास तंबाकू के उत्पाद उपलब्ध नहीं होने पर बच्चे स्वाभाविक रूप से इस हानिकारक आदत से दूर रहेंगे। बच्चों पर संगत का असर बहुत गहरा होता है। यदि उनके आसपास साथी या मित्र तंबाकू का सेवन नहीं करेंगे तो बच्चे भी इस दिशा में बढ़ने से बचेंगे। इसलिए, स्कूलों और समाज में जागरूकता फैलाना बहुत आवश्यक है।

तंबाकू के सेवन से केवल दांत और मुंह ही प्रभावित नहीं होते, बल्कि यह पूरे शरीर को प्रभावित करता है। फेफड़े कमजोर हो जाते हैं, हृदय की धड़कन असामान्य हो जाती है और रक्त में जहरीले तत्व जमा होने लगते हैं। लंबे समय तक तंबाकू का सेवन करने वालों में दिल का दौरा, स्ट्रोक और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। गर्भवती महिलाएं यदि तंबाकू का सेवन करती हैं, तो उनके बच्चों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। तंबाकू की लत केवल शरीर को ही नुकसान नहीं पहुंचाती, बल्कि यह समाज और परिवार पर भी प्रतिकूल असर डालती है। लत में पड़े व्यक्ति का स्वास्थ्य बिगड़ने से परिवार पर मानसिक और आर्थिक दबाव बढ़ता है। इसके अलावा, तंबाकू का सेवन करने वाले व्यक्ति में अक्सर काम की उत्पादकता कम हो जाती है और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी घटती है। सरकार और प्रशासन ने तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर बैन लगा रखा है। खैनी, गुटखा और पान मसाला जैसी चीजें कानूनन प्रतिबंधित हैं। इसके बावजूद लोग इन उत्पादों को चोरी-छुपे बेचते हैं और लत में पड़े लोग इन्हें खरीदते हैं। इसलिए, जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। लोगों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में शिक्षित करना आवश्यक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं कि तंबाकू का सेवन कैंसर का सबसे बड़ा कारक है। आखिरकार, तंबाकू मुक्त जीवन ही स्वस्थ जीवन है। यदि हम सभी मिलकर इस दिशा में प्रयास करेंगे तो आने वाली पीढ़ियां सशक्त, स्वस्थ और तंबाकू मुक्त समाज का हिस्सा बनेंगी। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | आज की प्रमुख हस्ती

## भारत के 'डिस्को किंग'

**बप्पी** लाहिड़ी भारतीय फिल्म संगीत जगत के सुप्रसिद्ध गायक, संगीतकार और 'डिस्को किंग' थे। उनका वास्तविक नाम अलोकेश लाहिड़ी था। कोलकाता के एक प्रतिष्ठित संगीत परिवार में जन्मे बप्पी दा ने तीन वर्ष की उम्र से संगीत सीखना शुरू किया। उनके माता-पिता अपरेश और बांसरी लाहिड़ी जाने-माने बंगाली कलाकार थे, जबकि किशोर कुमार उनके संबंधी थे।



बप्पी लाहिड़ी
जन्म : 27 नवंबर,1952
मृत्यु :16 फरवरी, 2022

बप्पी लाहिड़ी ने 19 साल की उम्र में मुंबई जाकर अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। 1973 की 'नन्हा शिकारी' से उन्हें पहला मौका मिला, लेकिन असली पहचान 1975 की जख्मी से मिली। इसके बाद उनकी और मिथुन चक्रवर्ती की जोड़ी ने बॉलीवुड में डिस्को संगीत की धूम मचा दी। आई एम ए डिस्को डांसर, जिमी जिमी, तम्मा तम्मा, यार बिना चैन कहां रे और चलते चलते जैसे गीत उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलाने में सफल रहे। 2000 के दशक में उन्होंने ऊह ला ला और तूने मारी एंट्री जैसे हिट गाने देकर नई पीढ़ी में भी अपनी अलग पहचान बनाए रखी।

सोने के गहनों के प्रति उनका विशेष लगाव उनकी अलग शैली का प्रतीक बन गया। बप्पी लाहिड़ी का निधन 16 फरवरी 2022 को ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया के कारण हुआ। भारतीय संगीत को आधुनिक और पॉप अंदाज देने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। ■



कविता

## राम भजे तो शांत रहे

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र
संजय गोस्वामी

**शांति** चाहने वाले जनकुल, संग्राम चाहते कभी नहीं,
शांति भंग करने जो आएं, तो उनसे युद्ध से डरें नहीं।
भक्ति शक्ति संस्कृति सिखलाएं, पहले युद्ध नहीं करना,
यदि कोई आ घर को उजाड़ें उनसे कभी नहीं डरना।
रामायण लिख वाल्मीकि ने सियाराम की कीर्ति बखानी,
बली दशानन कभी न समझे, शांति दूतों की अमृतवाणी।
रामचरितमानस में तुलसी, धर्म संस्कृति को लिख पाए,
मर्यादा पुरुषोत्तम के गुण, विनय प्रेम शक्ति हित लाए।
दंड उसे अनरीति करे जो, निज छल बल पर इतराए,
नर संहार नारि का शोषण, कर जग में आतंक मचाए।
धर्म विमुख दुर्योधन ने भी, बुरी नजर नारी पर डाली,
शांतिदूत श्रीकृष्ण की बातें, उसने सभा में थीं टाली।
बनती है विनाश का कारण, शक्ति जहां हो अति घमंड,
ईर्ष्या-द्वेष राह भटकाते, लोभ से उपजे क्षति प्रचंड।
हो मति भ्रष्ट कुपथ के कारण, कुल कुसंग आपदा ले आते
जो इतिहास से नहीं सीखते, वो जन मिटते शांति न पाते
वो भगवान श्री राम का स्मरण से शांति पाते।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# 'शासन का शास्त्र संविधान' : अधिकारों से आगे कर्तव्यों की ओर

भारत एक ऐसी पावन भूमि है जहां के लोगों द्वारा भारत को केवल एक भू-भाग नहीं, बल्कि एक मातृ जीवंत रूप में 'भारत मां' की कल्पना के रूप में जाना व माना जाता है। हमारा भारत देश पूरे विश्व में विविधताओं से भरा पड़ा है। विविधताओं में एकता के उदाहरणों में सबसे बड़ा उदाहरण ही भारत है, क्योंकि यहां हर वर्ग, संप्रदाय, संस्कृति व भाषा के लोग रहते हैं।




ठाकुर दीक्षित धलारिया
संधोल, मंडी (हि.प्र.)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

और तो और प्रत्येक मौसम भी यहां पर देखने को मिल जाता है तब भी एक ऐसी चीज है जो भारत को विविधताओं में भी एकता का उदाहरण बना देती है। एकता के सूत्र में पिरोए रखने का यह कार्य देश के प्राण हमारा संविधान करता है।

26 नवंबर 1949 का वो ऐतिहासिक दिन 'जब हम भारत के लोग..' पंक्तियों की शुरुआत से प्रस्तावना के साथ एक नव भारत निर्माण का आधार गढ़ा गया। इसके निर्माण के समय मूल संविधान में 395 अनुच्छेद जो 22 भागों में विभाजित थे इसमें केवल 8 अनुसूचियां थीं, लेकिन समय की आवश्यकता अनुसार परिवर्तन से आज भारतीय संविधान में 470 अनुच्छेद, 12 अनुसूचियां तथा 25 भाग हैं, जबकि 106 संशोधन हमारे इस संविधान में किए जा चुके हैं। हमारा संविधान पूरे विश्व में अपनी अनोखी विलक्षण विशेषताओं के लिए सबसे बड़े हस्तलिखित संविधान के रूप में चर्चित प्रेम बिहारी नारायण रायजादा द्वारा अपने हाथों से रचित जीवंत दस्तावेज है। अन्य शब्दों में कहें तो देश के प्राण है संविधान। इन प्राणों की रक्षा करना हम सभी भारतवासियों का परम कर्तव्य है। हमारा देश जब स्वतंत्र हुआ था तो देश को चलाने के लिए ऐसे कानूनी नियमों की आवश्यकता थी जोकि देश को एक सूत्र में पिरोए रखे और इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए उस समय के बुद्धिजीवियों से निर्मित संविधान सभा ने इस पर कार्य शुरू कर एक ऐसा संविधान 26 नवंबर 1949 को भूत, भविष्य व वर्तमान को ध्यान में रखकर तैयार करके दिया जो आज भी जीवंत है तथा निरंतर विकास पथ पर अग्रसर है। एक ऐसा संविधान जो लोगों को भातृत्व व एकता के सूत्र में रहने की प्रेरणा देता है। एक ऐसी शासन व्यवस्था संविधान में अपनाई गई जोकि आज पूरे विश्व के लिए मार्गदर्शक है तथा प्रेरणास्रोत है।

कुल मिलाकर लोकतंत्र में संघात्मक व एकात्मक शासन व्यवस्था का मिश्रण है हमारा संविधान, लेकिन तब भी संविधान की वर्तमान वास्तविक स्थिति यानी यथार्थता पर कई प्रश्न मन को आज




झकझोर देते हैं। सवाल मन में आ जाता है कि क्या संविधान विफल हुआ या इसे लागू करने वाले,जो संविधान में था उस अनुसार देश चल पाया या चला था या चलाने वालों के अनुसार चला था। वर्तमानकाल में चिंतन का विषय आ जाता है कि क्या 'शासन का शास्त्र' सही मायने में बन भी पाया है हमारा संविधान या वास्तविकता कुछ और ही है।

वैसे किसी भी राष्ट्र का सबसे पवित्र ग्रंथ उस देश का संविधान होता है, लेकिन भारत में अधिकांश लोगों को संविधान का सार यानी प्रस्तावना तक का एक भी अंश किसी को याद नहीं होगा। लोगों को समझना होगा कि हमारे भारत का संविधान का जब निर्माण हुआ था तो यह भारत की भौगोलिक, सांस्कृतिक, सभ्यता संस्कृति व राजनीतिक विरासत व समाज तथा परिस्थितियों का एक प्रतिबिंब था इसका अनुसरण करके हम भारत को समझ सकते थे। हमें यह 'शासन शास्त्र' ऐसे ही विरासत में नहीं मिला है। इसका एक एक नियम, अधिकार, कर्तव्य, निर्देशक सिद्धांत, उपबंध व सभी व्यवस्थाएं कड़े संघर्ष के पश्चात हमें प्राप्त हुए हैं व विकट परिस्थितियों के बीच प्राप्त हुए हैं, लेकिन आज यह भारत का कानून है देश का कोई भी व्यक्ति इस 'शासन शास्त्र' से उच्च नहीं है और न कभी हो सकता है, यही बात तो हमारे संविधान को जीवंत बना देती है।

हमारा संविधान इसलिए भी विरल और जीवंत है क्योंकि भारत की प्रत्येक स्तिथि व परिस्थिति के अनुसार इसमें उपबंध शामिल है जो प्रत्येक अनुकूल व प्रतिकूल स्थिति के अनुसार ढल जाते हैं। भारतीय संविधान पर अनेक विदेशी संविधानों का प्रभाव अवश्य पड़ा, पर इसकी मूल भावना में हमारी पुरातन भारतीय संस्कृति की अमिट छाप स्पष्ट दिखाई देती है। संविधान नागरिकों को अधिकारों के साथ कर्तव्यों का संतुलन भी प्रदान करता है, लेकिन व्यवहार में अधिकारों की मांग तो प्रबल है, जबकि कर्तव्यों के पालन में उदासीनता दिखती है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, पर उसके नाम पर देशविरोधी स्वर उठना चिंता का विषय बन जाता है। समानता का अधिकार होते हुए भी आजादी के 75 वर्ष बाद भी अनेक लोग भूखे सोते हैं, और धर्मनिरपेक्षता के नाम पर राजनीति अपनी-अपनी रोटियां सेंकती है।

डॉ. भीमराव आंबेडकर ने पिछड़े वर्गों के उत्थान हेतु आरक्षण का प्रावधान किया था, जिसकी समय-समय पर समीक्षा का सुझाव भी दिया था, परंतु यह राजनीति का स्थायी हथियार बन बैठा। शिक्षा सबके लिए समान होनी चाहिए, पर इसका व्यवसायीकरण आर्थिक असमानता को बढ़ा रहा है।

संविधान निर्माताओं ने राष्ट्र के लिए एक उत्कृष्ट शासन शास्त्र तैयार किया था, लेकिन आज विभाजन, वैचारिक गैंगों और राजनीतिक स्वार्थों ने इसकी भावना को कमजोर किया है। संविधान विफल नहीं हुआ, बल्कि इसे लागू करने और आत्मसात करने में हम विफल रहे हैं। संविधान दिवस हमें स्मरण कराता है कि देश की समृद्धि तभी संभव है जब हम अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी निष्ठा से पालन करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मनरेगा से श्रमिकों का बड़े पैमाने पर निष्कासन : व्यवस्था की खामियां उजागर

मेहनत करके कमाने वाला हर श्रमिक यह सोचता है कि वह रोजगार प्राप्त करके मेहनत से अपने परिवार का पालन-पोषण कर सके। विशेषकर अकुशल श्रमिक का यह सपना होता है कि उसे सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले रोजगार के दृष्टिकोण से सीधा लाभ प्राप्त हो सके जिसके लिए वह सदैव प्रयासरत रहता है और जिस कारण वह पलायन करने से भी नहीं घबराता।



शिवालिक अवस्थी
गांव शीला चौक, धर्मशाला
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

और किसी श्रमिक को काम यदि घर के आस-पास ही मिल जाए तो वह उसी काम को और भी लगन के साथ करता है। आज के दौर में श्रमिकों को अपने घर-परिवार छोड़कर कहीं दूसरी जगह जाकर काम करना पड़ता है। या यूं कहें तो एक राज्य से दूसरे राज्य में जाकर काम की तलाश करनी पड़ती है। एक जगह से दूसरी जगह पलायन करने के कारण श्रमिकों को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। निश्चित ही अपना घर छोड़कर कहीं और जाकर काम करना भला किसको अच्छा लगता है, लेकिन परिवार की जिम्मेदारी श्रीमिकों को पलायन करने से रोक नहीं पाती।

हालांकि, सरकारें चाहती हैं कि श्रमिकों को उनके घर द्वार पर ही रोजगार के साधन उपलब्ध करवाए जाएं, लेकिन यह कहना जितना सरल है वास्तविकता में उतना ही कठिन भी है। एक ओर जहां रोजगार के साधन जितने सीमित होते जा रहे हैं, ऐसे दृष्टिकोण से हर घर से रोजगार उपलब्ध करवाना एक बड़ी चुनौती है।

इसी कड़ी में वर्ष 2005 में केंद्र सरकार ने श्रमिकों के लिए रोजगार गारंटी योजना शुरू की। इस योजना का नाम राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी रखा गया। हालांकि बाद में वर्ष 2009 में इसका नाम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार (मनरेगा) गारंटी रख दिया गया। इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों के सदस्यों को न्यूनतम मजदूरी भत्ते पर 100 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप किसी भी ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्य इस योजना का



हिस्सा बन सके। इसके तहत अकुशल वयस्क सदस्यों को भी कार्य करने के प्रति प्रोत्साहन दिया गया। बहरहाल, आज हम क्यों नरेगा अथवा मनरेगा की बात कर रहे हैं आइए इस पर थोड़ा प्रकाश डालने का प्रयास करते हैं।

हाल ही में सामने आई एक रिपोर्ट ने मनरेगा से जुड़े चौंकाने वाले तथ्य उजागर किए हैं। 10 अक्तूबर 2025 से 14 नवंबर 2025 के बीच लगभग 27 लाख श्रमिकों को मनरेगा योजना से बाहर कर दिया गया, जो किसी भी स्तर पर अत्यंत गंभीर संकेत है। इसी अवधि में लगभग 10.50 लाख नए श्रमिकों को योजना में जोड़ा भी गया, लेकिन हटाए गए श्रमिकों की संख्या उससे कई गुना अधिक रही। इसके अलावा, अप्रैल से सितंबर 2025 के बीच 15.2 लाख श्रमिक हटाए गए और 98.8 लाख नए श्रमिक जोड़े गए, जिससे कुल मिलाकर 83.6 लाख श्रमिकों की वृद्धि दर्ज की गई। फिर भी महज एक महीने में हुए बड़े पैमाने पर विलोपन ने चिंताओं को बढ़ा दिया है। रपोर्ट यह भी बताती है कि लगभग 6 लाख सक्रिय श्रमिकों, जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक दिन रोजगार प्राप्त किया था, की संख्या में कमी आई है। यह सब ऐसे समय हो रहा है जब ई-केवाईसी प्रक्रिया को 1 नवंबर 2025 से अनिवार्य किया गया है। मंत्रालय का दावा है कि यह कदम पारदर्शिता बढ़ाने और अपात्र श्रमिकों की पहचान हेतु आवश्यक था।

ई-केवाईसी पूर्ण करने वाले शीर्ष तीन राज्यों में सबसे अधिक विलोपन आंध्र प्रदेश (78.4%), इसके बाद तमिलनाडु (67.6%) और छत्तीसगढ़ (66.6%) में दर्ज हुआ है। इतने बड़े स्तर पर अपात्र श्रमिकों का सामने आना यह संकेत देता है कि या तो योजना में फर्जी लाभार्थी वर्षों से मौजूद थे, या फिर ई-केवाईसी के दौरान सही दस्तावेजों के अभाव में वास्तविक श्रमिक भी हटाए जा रहे हैं। किसी भी सरकारी योजना में यदि पात्र व्यक्ति वंचित रह जाएं और अपात्र लाभ उठा जाएं, तो यह योजना की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। मनरेगा में हो रहे इस बड़े पैमाने के विलोपन ने निश्चित रूप से गंभीर चिंतन की आवश्यकता उत्पन्न कर दी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# संविधान दिवस : लोकतंत्र की आधारशिला और नागरिक चेतना का पर्व

26 नवंबर का दिन भारत के लिए केवल एक तिथि नहीं, बल्कि एक ऐतिहासिक पर्व का दिन है। इसी दिन वर्ष 1949 में भारत की संविधान सभा ने उस दस्तावेज को अंतिम रूप दिया था, जिसने एक नव स्वतंत्र राष्ट्र को दिशा, मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार प्रदान किया। इसीलिए भारत में हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन हमें हमारे मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और राष्ट्रीय एकता की भावना को पुन: स्मरण कराता है।



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारतीय संविधान केवल एक कानूनी ग्रंथ नहीं, बल्कि विविधता में एकता की परंपरा वाला एक जीवंत दस्तावेज है। संविधान सभा की 11 समितियों ने लगभग 2 वर्ष 11 महीने 18 दिनों तक व्यापक चर्चा और विमर्श के बाद इसे अन्तिम रूप दिया गया था, जबकि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अध्यक्ष के रूप में संविधान प्रारूप समिति का नेतृत्व किया। इस तरह 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के बाद भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में उभरा।

संविधान की यही यात्रा आज भी प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्र, समान और सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार देती है।

संविधान दिवस नागरिकों को यह याद दिलाता है कि राष्ट्र केवल सरकारों से नहीं, बल्कि जनता की सक्रिय भागीदारी से चलता है। यह दिन संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने, नागरिकों को उनके अधिकार व कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने और लोकतंत्र में उनकी जिम्मेदारी को रेखांकित करने का अवसर है।

संविधान पर विद्यालयों, महाविद्यालयों, सरकारी संस्थानों और सामाजिक संगठनों में प्रीएंबल का वाचन, चर्चाएं, निबंध प्रतियोगिताएं और जागरूकता कार्यक्रम विशेष रूप से आयोजित किए जाते हैं। संविधान में शामिल जीवन, स्वतंत्रता, समानता और अभिव्यक्ति जैसे मौलिक अधिकार जहां एक नागरिक को सुरक्षित व



गरिमामय बनाते हैं, वहीं दूसरी ओर राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी और नैतिक कर्तव्य नागरिकता की गुणवत्ता को बढ़ाते हैं, जबकि न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता , संविधान की प्रस्तावना इन चार मूल्यों को भारतीय लोकतंत्र का पथप्रदर्शक बनाती है। न्यायपालिका, चुनाव आयोग, संसद, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक जैसी संवैधानिक संस्थाएं व्यवस्था को निष्पक्ष और संतुलित बनाए रखती हैं।

आधुनिक भारत तेजी से बदल रहा है। तकनीकी क्रांति, सामाजिक परिवर्तन और वैश्विक चुनौतियां नई परिस्थितियां तैयार कर रही हैं। ऐसे दौर में संविधान एक मजबूत आधारशिला की तरह खड़ा है। यह नागरिक स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय का संरक्षक है, समान अवसर और अधिकारों के माध्यम से समाज को संतुलित बनाता है और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को निरंतर मजबूत करता है। संविधान की यही शक्ति भारत को विविधताओं के बीच एकता की डोर से बांधे रखती है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि अधिकारों की रक्षा तभी संभव है जब हम कर्तव्यों का पालन करें। लोकतंत्र भी तभी मजबूत होगा जब नागरिक जागरूक होंगे और भारत तभी समृद्ध बनेगा जब हर व्यक्ति संविधान की भावना को जीवन में उतारेगा। संविधान दिवस केवल समारोह नहीं, बल्कि आत्मावलोकन का अवसर है। क्या वर्तमान समय में हम संविधान के अनुरूप समाज, व्यवहार और व्यवस्था को आगे बढ़ा रहे हैं? इस प्रश्न पर सभी भारतीयों को मिलकर गंभीरता से विचार करना होगा।

अत: 26 नवंबर का संविधान दिवस भारतीय लोकतंत्र के गौरव, संघर्ष और आशाओं का प्रतीक है। यह दिन हमें संविधान के मूल्यों को हृदय में उतारने और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश देता है। डॉ. आंबेडकर सहित सभी संविधान निर्माताओं को यह हमारी विनम्र श्रद्धांजलि है कि हम उनके द्वारा रचित इस महान दस्तावेज़ की मर्यादा को कायम रखें। संविधान दिवस पर आइए हम सब मिलकर एक संकल्प लें कि हम सब भारत के एक जिम्मेदार,जागरूक और संविधान-निष्ठ नागरिक बनकर देश को आगे बढ़ाने के लिए अपना समुचित योगदान करते रहेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विवाह-शादियों के दौर में भोजन की बर्बादी एक गंभीर समस्या

भारत में विवाह-शादियों, पर्व-त्योहारों एवं पारिवारिक आयोजनों में खाने की बर्बादी के आंकड़े काफी चौंकाने वाले हैं। खासकर उसी देश में जहां अनगिनत ऐसे गरीब लोग हैं जिन्हें दो वक्त के भोजन के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती हो। इसीलिए भोजन की उपलब्धता, भूख की समस्या और भोजन की बर्बादी पर जागरूकता फैलाई जा सके, यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। 2025 के ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत 123 देशों में से 102 वें स्थान पर है।



लकेश चंदेल
अध्यापक, जिला बिलासपुर
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारत का ग्लोबल हंगर इंडेक्स स्कोर 25.8 है जो इसे गंभीर भूख की श्रेणी में रखता है। भारत में होने वाली शादियों में परोसे जाने वाले भोजन का लगभग 10 से 20 प्रतिशत हिस्सा बर्बाद हो जाता है। भारत में जहां लाखों लोग हर दिन भूखे सोते हैं वहां खाने की बर्बादी एक गंभीर और चिंताजनक मुद्दा है। यह केवल सामाजिक या नैतिक समस्या नहीं है बल्कि पर्यावरण और आर्थिक दृष्टि से भी नुकसानदायक है। बर्बाद हुए खाने के उत्पादन में लगे पानी, ऊर्जा और अन्य संसाधन व्यर्थ ही जाते है। विवाह शादियों के अतिरिक्त जब हम अपने घर में भी खाना बनाते हैं उस समय परिवार के सदस्यों की संख्या और भूख का ध्यान अवश्य रखें । ज्यादा खाना बनाने से बचा हुआ खाना अक्सर फेंक दिया जाता है। आजकल कई शहरों में कम्युनिटी फ्रिज या फूड डोनेशन समूह हैं जिनके माध्यम से आप बचा हुआ खाना जरूरतमंदों तक पहुंचा सकते हैं।

भोजन की बर्बादी वैश्विक स्तर पर एक गंभीर समस्या है और इसे कम करना एक सामाजिक जिम्मेदारी भरा कदम है। शादियों में भोजन की बर्बादी को रोकना तथा बचे हुए भोजन को जरूरतमंदों तक पहुंचना एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। अपनी प्लेट में उतना ही खाना परोसे जितना आप खा सके। लोगों को इस बात का भय होता है कि अगली बारी में भोजन खत्म न हो जाए। इसी वजह से वे अपनी थाली में जरूरत से ज्यादा भोजन परोस




लेते है। भारत में शादियों में खाने की बर्बादी के आंकड़े काफी चौंकाने वाले हैं यह वही देश है जहां अनगिनत लोगों को दो वक्त के खाने के लिए दिन रात एक करना पड़ता है। किसान खेतों में कड़ी मेहनत करके एक-एक दाना उगा कर अन्न उत्पादन करता है । वही अन्न आम लोगों की थाली तक भोजन के रूप में पहुंचता है। यह न सोचें कि आपको अपने मेहमानों को संतुष्ट या खुश करने के लिए एक विस्तृत मेन्यू को अपनाना है, बल्कि खाने की प्रस्तुति और अन्य बातें ही आपके अनुभव को सार्थक बनाती हैं। शादी विवाह में मेहमानों की उपस्थिति की संख्या का निर्धारण करना एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण कार्य हो जाता है और लोगों के मन में यह भी भय रहता है कि अगर भोजन कम हो जाए तो फिर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ेगा। यह भी भोजन बर्बादी का एक प्रमुख कारण है। यह भी हो सकता है कि मेहमानों को परोसा गया पूरा खाना वे न खाएं और कुछ लोग अपनी क्षमता से ज्यादा ले लेते हैं जिससे खाना बर्बाद होता है। विवाह-शादियों, पर्व-त्योहारों एवं पारिवारिक आयोजनों में भोजन की बर्बादी बढ़ती जा रही है। शादियों में अधिक-से-अधिक व्यंजन परोसने के नाम पर होने वाली फिजूलखर्ची एक परंपरा सी बन गई है जो कि एक अवांछनीय कृत्य है। लोग शादियों पर पानी की तरह पैसा बहा रहे हैं परिणामस्वरूप गरीब परिवारों पर अधिक खर्च करने का सामाजिक दबाव बढ़ता है। इस परंपरा पर रोक लगाई जानी चाहिए। बच्चों में शुरू से यह आदत डाली जानी चाहिए कि वे थाली में उतना ही खाना लें जितनी भूख हो। अगर हर एक इंसान भोजन की बर्बादी को रोकने में अपना अहम कदम आगे बढ़ाए तो हमारे देश में हर एक व्यक्ति भरपेट खाना खाकर अपना जीवन व्यतीत करेगा तथा वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश विकसित राष्ट्र में गिना जाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# न्यूज ब्रीफ

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में वेदिका प्रथम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रवींद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में राजनीति विज्ञान विभाग ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल मुख्यातिथि रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान देश का सर्वोच्च कानून है, जिसने विविध समुदायों को एक सूत्र में बांधकर एकता और अखंडता को मजबूत किया है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं का 'देश रंगीला' समूह नृत्य, बीए द्वितीय वर्ष की छात्राओं की हिमाचली नाटी और एमए प्रथम वर्ष के छात्रों का संविधान आधारित नाटक विशेष आकर्षण रहे। साहिल की कविता व प्रिया के देशभक्ति गीत को खूब सराहा गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में वेदिका शर्मा प्रथम, पूजा द्वितीय और कविता-तनीशा तृतीय रहीं। कार्यक्रम का मंच संचालन दीक्षा और पल्लवी शर्मा ने सुचारू रूप से किया।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स जल्द करवाएं केवाईसी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के तहत आने वाले सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारकों को 15 दिसम्बर तक केवाईसी अनिवार्य रूप से पूरी करवानी होगी। तहसील कल्याण अधिकारी सरकाघाट जगदीश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि निर्धारित तिथि तक केवाईसी प्रक्रिया पूरी न करने पर संबंधित पेंशनरों की पेंशन अस्थायी रूप से रोक दी जाएगी। उन्होंने बताया कि केवाईसी का उद्देश्य पेंशन प्रणाली को पारदर्शी बनाना और अपात्र लाभार्थियों की पहचान करना है। विभाग द्वारा यह कार्य चरणबद्ध तरीके से सभी उपमण्डलों में चलाया जा रहा है। इसके लिए पेंशनर अपने नजदीकी आंगनवाड़ी केन्द्र में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पास आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, बैंक या डाकघर खाता पासबुक और मोबाइल नंबर जिससे आधार से लिंक हो लाना आवश्यक है। तहसील कल्याण अधिकारी ने पेंशनरों से अपील की है कि अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते प्रक्रिया पूरी करें, ताकि पेंशन वितरण में कोई रुकावट न आए।

## नारला में तंबाकू मुक्त रहने की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, पधर।** राजकीय महाविद्यालय नारला में बुधवार को तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. ममता परमार ने की। जागरूकता रैली के माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने तंबाकू विरोधी नारे लगाए और पोस्टर व प्लेकार्ड के जरिए समाज में तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाई। विद्यार्थियों को तंबाकू मुक्त रहने की शपथ दिलाई गई। डॉ. ममता परमार ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखना समय की आवश्यकता है, क्योंकि यही देश के भविष्य के निर्माता हैं। उन्होंने सभी से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई।

## प्रवासियों के बच्चों को दी कॉपियां और पेन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर बुधवार को एनएसयूआई की स्थानीय इकाई ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी इकाई अध्यक्ष जुबैर अख्तर ने की और यूनिट के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत एनएसयूआई के युवा कार्यकर्ताओं ने आसपास के क्षेत्र में रहने वाले छोटे बच्चों के बीच कॉपी और पेन का वितरण किया। इसका उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाना तथा उन्हें नियमित रूप से स्कूल जाने के लिए प्रेरित करना था। संविधान दिवस जैसी महत्वपूर्ण तिथि पर बच्चों में शिक्षा के महत्व को समझाना इस आयोजन का मुख्य संदेश रहा। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष जुबैर अख्तर ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है और समाज के प्रत्येक वर्ग को इस दिशा में योगदान देना चाहिए। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बच्चों और अभिभावकों से शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दयानंद सदन फर्स्ट

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल, जोगिंद्रनगर में सामाजिक विज्ञान विषय पर अंतर-सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता उत्साहपूर्वक आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं से दसवीं तक के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र और समसामयिक घटनाओं से जुड़े सवालों के जवाब देकर अपने ज्ञान और समझ को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान, तर्कशक्ति, निर्णय क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देना था।कड़े मुकाबले के बाद दयानंद सदन ने अंतिम राउंड में बढ़त बनाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। टैगोर सदन ने दमदार प्रदर्शन कर दूसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने विजयी टीमों और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। कार्यक्रम का समापन विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करने और प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के साथ हुआ। सामाजिक विज्ञान विभाग ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संविधान के महत्व पर साझा किए विचार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, निर्वाचक साक्षरता क्लब और राजनीति शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. प्रकाश चौहान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समारोह वंदे मातरम के सामूहिक गायन से शुरू हुआ। भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने संविधान के महत्व, अधिकारों और कर्तव्यों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण डोगरा ने स्वयंसेवकों को संविधान निर्माण, नागरिक कर्तव्यों और अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। अंत में सभी ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। प्राध्यापक एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## 60 से अधिक ग्रामीणों ने ली प्रशिक्षण में भागीदारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक सौलीखड्ड द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से गत दिनों गांव मेढ़ टाण्डू में एक दिवसीय वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 60 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, ऋण योजनाओं और डिजिटल लेनदेन की सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर बैंक प्रबंधक धनेश्वर और सहायक प्रबंधक अनिल धरवाल ने बैंक की विभिन्न ऋण एवं बचत योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि आर्थिक सशक्तिकरण के लिए योजनाओं का लाभ समय पर लेना आवश्यक है। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग, हिमपैसा, एटीएम कार्ड उपयोग और सुरक्षित एटीएम पिन बनाने की प्रक्रिया पर भी विस्तृत जानकारी प्रदान की। शिविर में पीएसीएस कंप्यूटरीकरण की जानकारी भी साझा की गई, जिससे ग्रामीण सहकारी समितियों के कार्य में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी। टाण्डू सोसायटी के उपप्रधान इन्द्र सिंह और बीडीसी सदस्य, सचिव कान्ता देवी तथा सदस्य रूपलाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## संविधान की प्रस्तावना का किया सामूहिक पाठ



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** अधिवक्ता परिषद हिमाचल प्रदेश इकाई सुंदरनगर ने बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर में संविधान दिवस के अवसर पर भव्य एवं प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष राजेश पराशर ने की। दीप प्रज्वलन और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ शुभारंभ हुआ। स्वाध्याय मंडल प्रमुख शशिकांत ने 'भारतीय लोकतंत्र में संविधान की महत्ता, नागरिक कर्तव्य और नीति निर्देशक सिद्धांत' पर विस्तृत संबोधन दिया, जबकि राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रेम सिंह ठाकुर ने 'पंच प्रण' विषय पर विचार साझा किए। कक्षा 8वीं से 10वीं के छात्रों के लिए आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में छात्रों, आचार्यों और अधिवक्ताओं ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद के कार्यकर्ताओं ने इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# मुल्थान-बड़ा ग्रां रोड में आंशिक सुधार और गलत पाइप बिछाने से बढ़ी दिक्कतें

## लोगों ने जीरो नाला व सरला-चेलरा दी मलाह के बीच सुधार कार्य की उठाई मांग

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**बरोट।** लोक निर्माण विभाग उपमंडल बीड़ के अंतर्गत आने वाली छोटा भंगाल घाटी की मुल्थान-बड़ा ग्रां सड़क मार्ग बरसात के दौरान जगह-जगह ल्हासे गिरने व डंगे धंसने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई थी, जिसे विभाग ने बीते माह तो आंशिक रूप से सुधार दिया, लेकिन जीरो नाला में छोटे पाइप बिछाने और नाले के किनारे बनी चढ़ाई को ठीक न किए जाने से छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही अभी भी कठिन बनी हुई है।

इसी सड़क पर सरला गांव और चेलरा दी मलाह गांव के बीच भी पानी की निकासी के लिए बिछाए गए छोटे पाइप गलत स्थान पर लगाने से सड़क के बीच पानी बह रहा है और वहीं एक रैंप जैसा उभार बन जाने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कोठी कोहड़ पंचायत के पूर्व प्रधान इंद्र सैन, धर्म चंद तथा स्थानीय वाहन चालक दान सिंह, रागी राम, जगवीर सिंह, राजिंद्र कुमार, रविंद्र कुमार आदि ने बताया कि पानी दूसरी दिशा से बहता है जबकि पाइप कहीं और बिछा दिए गए हैं, जिससे विभाग का कार्य पूरी तरह गलत साबित हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि जीरो नाला में छोटे पाइपों को बदलकर बड़े पाइप लगाए जाएं या पक्की पुली का निर्माण किया जाए तथा सरला से चेलरा दी मलाह के बीच पानी की निकासी के लिए पाइपों को सही स्थान पर लगाकर वहां बने रैंप को भी तुरंत ठीक किया जाए।



मुल्थान-बड़ा ग्रां सड़क मार्ग के बीच सरला गांव से आगे पानी की निकासी के लिए लोक निर्माण विभाग की और से गलत स्थान पर बिछाया गया पाइप।

**छोटी पाइपों की जगह बड़ी और पक्की पुली का निर्माण करने की मांग**

# मैरामसीत स्कूल में युवाओं ने ली एकता व सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन की शपथ





राजीव गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल मैरामसीत में संविधान दिवस पर शपथ लेते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

राजीव गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल मैरामसीत में संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर बुधवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही ने की।

कार्यक्रम में युवाओं ने संविधान के अनुरूप चलने, देश की एकता, अखंडता और समानता को बनाए रखने तथा सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के लिए शासन-प्रशासन का सहयोग करने की शपथ ली। इस दौरान चमन राही ने संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर को याद करते हुए कहा कि उन्होंने वंचित और शोषित वर्ग को न्याय दिलाने के लिए कठोर संघर्ष किया, जिसके परिणामस्वरूप आज देश में समानता की मजबूत नींव स्थापित हुई है।

उन्होंने युवाओं को संविधान में दिए गए अधिकारों व कर्तव्यों की सरल भाषा में जानकारी प्रदान की, जिससे वे भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। चमन राही ने लोकतंत्र की रक्षा हेतु मतदान को आवश्यक कर्तव्य बताते हुए नशा मुक्त समाज बनाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में संविधान पर एक व्याख्यान भी आयोजित किया गया।

# आपदा राहत को पैसा नहीं और जश्न मना रही प्रदेश सरकार : दलीप ठाकुर

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के तीन साल सिर्फ खोखले वादों में गुजर गए। कांग्रेस सरकार ने विकास को जैसे ताला ही लगा दिया है। हालत यह है कि जनता आज भी पानी, सड़क और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है। कांग्रेस सरकार डिज़ास्टर एक्ट का हवाला देकर पंचायत और निकाय चुनावों को टालने की तैयारी में है जबकि 2023 की बरसात से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को अब तक ठीक नहीं किया जा सका है। कई ऐसे परिवार भी हैं, जिनके मकान 2023 की आपदा में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए थे, लेकिन उन्हें आज तक मुआवजा नहीं मिला है। विधायक ने कहा कि अपनी नाकामियों को छुपाने और जनता का ध्यान भटकाने के लिए सरकार मंडी में अपने तीन साल का जश्न मनाने जा रही है। जनता राहत, पुनर्निर्माण और मुआवजे की उम्मीद कर रही है, जबकि सरकार उत्सव मनाने में व्यस्त है। मंडी जिला आपदा से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, आज भी राहत और पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहा है। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सरकार के पास संसाधनों की कमी बताई जा रही है, लेकिन इसके बावजूद सरकार द्वारा अपने 3 साल के जश्न का कार्यक्रम इसी आपदाग्रस्त क्षेत्र में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस जश्न कार्यक्रम पर सरकार करोड़ों रुपए खर्च करेगी। साथ ही विधायक दलीप ठाकुर ने कहा कि 4 दिसंबर को धर्मशाला में कांग्रेस सरकार की जन-विरोधी और तानाशाही नीतियों के खिलाफ भाजपा जोरदार विरोध प्रदर्शन करेगी। इस प्रदर्शन में सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ता धर्मशाला पहुंचेंगे।



# सीनियर पुरुष व महिला बॉल बैडमिंटन टीमों के चयन ट्रायल 30 को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नार्थ जोन बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश की सीनियर पुरुष व महिला बॉल बैडमिंटन टीमों के चयन ट्रायल 30 नवंबर को सुबह 11 बजे बॉल बैडमिंटन ग्राउंड नबाही तहसील सरकाघाट में आयोजित किए जा रहे हैं। ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए अपना आधार कार्ड चयन समिति को दिखाना अनिवार्य रखा गया है। इन ट्रायल्स के लिए गठित चयन समिति में नरेंद्र ठाकुर अध्यक्ष, नर्वदा देवी, संतोष कुमार, सुरेश कुमार, राजेंद्र कुमार और महिंद्र सिंह सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद चयनित खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा, जिसकी तिथि व अन्य जानकारी खिलाड़ियों को उनके मोबाइल फोन पर समय रहते उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रशिक्षण सत्र के उपरांत अंतिम रूप से तैयार पुरुषों और महिलाओं की सीनियर टीमें हिमाचल प्रदेश की ओर से नार्थ जोन बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेंगी, जिसका आयोजन पंजाब के फगवाड़ा में 27 से 29 नवंबर तक किया जा रहा है।

# मनरेगा में मजदूरी के लिए किया प्रदर्शन

## मजदूर यूनियन ने स्मार्ट मीटर व सेवा मित्र भर्ती नीति का भी किया विरोध

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**हिमाचल** किसान सभा और सीटू से संबंधित मनरेगा निर्माण मजदूर यूनियन ने एनएच निर्माण में तेजी लाने, बेदखली रोकने, मनरेगा में रोजगार उपलब्ध कराने और श्रमिक कल्याण बोर्ड के लाभ बहाल करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर सरकाघाट में संयुक्त प्रदर्शन किया तथा तहसीलदार के माध्यम से पांच अलग-अलग मांगपत्र सौंपे।

अवाहदेवी-सरकाघाट-धर्मपुर-मंडी राष्ट्रीय उच्च मार्ग के बरसात के बाद भी शुरू न हुए कार्य पर कंपनी के खिलाफ कार्रवाई, घटिया निर्माण की जांच, कंपनी प्रबंधन व मौर्थ विभाग के साथ बैठक बुलाने और स्पॉट इंस्पेक्शन की मांग उठाई गई। सड़क किनारे धूल पर पानी न डालने, रास्ते व पेयजल स्त्रोत तोड़े जाने, अवैध डंपिंग से जमीन नष्ट होने और कार्य की धीमी रफ्तार पर भी विरोध जताया गया। किसानों की बेदखली रोकने, सरकारी भूमि पर बने घरों को न तोड़ने, गरीब परिवारों के लिए न्यूनतम पांच बीघा भूमि का कानून बनाने और आपदा प्रभावितों को जमीन व घर के बदले जमीन व घर देने की मांग रखी गई। केंद्र सरकार की चार नई श्रम संहिताओं को रद्द करने, राज्य सरकार की सेवा मित्र भर्ती नीति का विरोध करने, मनरेगा में दो सौ दिन काम और पांच सौ रुपए दिहाड़ी देने, महिलाओं को जॉब कार्ड के बावजूद काम से वंचित न करने तथा श्रमिक कल्याण बोर्ड के लंबित लाभ जारी करने की मांग की गई। धर्मपुर खंड में बोर्ड का उप कार्यालय खोलने, आउटसोर्स भर्ती नीति बदलने, स्मार्ट बिजली मीटर लगाने का विरोध करने और धर्मपुर क्षेत्र की चरमराई यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए सभी रूटों पर बसें चलाने की मांग भी उठाई गई।





सरकाघाट में राष्ट्रीय उच्च मार्ग निर्माण, मनरेगा रोजगार और सेवा मित्र नीति के खिलाफ हिमाचल किसान सभा व सीटू के मजदूर प्रदर्शन करते हुए।

# संविधान दिवस पर भीम आर्मी की यात्रा रोकी

## डीसी ऑफिस के मुख्य द्वार पर पुलिस ने आगे बढ़ने से रोका





संविधान दिवस पर पुलिस के जवान डीसी कार्यालय परिसर में भीम आर्मी की यात्रा को रोकते हुए।

अनंत ज्ञान, मंडी

संविधान दिवस पर भीम आर्मी भारतीय एकता मिशन द्वारा पड्डल मैदान से डीसी आफिस तक शोभायात्रा को पुलिस द्वारा उपायुक्त कार्यालय परिसर में नहीं जाने दिया गया। ऐसे में आर्मी पदाधिकारियों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्रों से सुसज्जित वाहन तथा यात्रा में शामिल सदस्यों को जिला पुस्तकालय के पास छोड़ भीतर जाकर पूर्व निर्धारित ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा। जैसे ही यात्रा उपायुक्त कार्यालय परिसर के बाहर मुख्य द्वार पर पहुंची तो कुछ बेवर्दी व बावर्दी पुलिस कर्मियों ने आगे बढ़ने से रोक दिया। मिशन के पदाधिकारी व सदस्य यात्रा के वाहन को परिसर के भीतर कार्यालय के मुख्य द्वार तक ले जाना चाहते थे पर उनकी इच्छा पूरी नहीं हो पाई। कुछ को यह कहते सुना गया कि ये बिना वर्दी वाले कौन होते हैं रोकने वाले।

# संवैधानिक मूल्यों को अपनाने का संकल्प

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में संविधान दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधन और स्टाफ द्वारा संविधान निर्माताओं को नमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। छात्राओं ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर देश के प्रति अपनी निष्ठा और दायित्वों को दोहराया। कार्यक्रम के दौरान उन्हें संविधान के महत्व, इसकी मूल भावना और निर्माण की ऐतिहासिक प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों पर विशेष चर्चा की गई। इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब की नोडल अधिकारी मीरा ठाकुर ने संविधान के अधिकार, समानता और न्याय के संदेश को समझाया और छात्राओं को लोकतांत्रिक प्रणाली में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति नई ऊर्जा और जागरूकता आई।

# विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को संविधान दिवस की दिलाई शपथ

अनंत ज्ञान, धर्मपुर

**धर्मपुर कॉलेज में रोड सेफ्टी संविधान दिवस का आयोजन**

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर में बुधवार को रोड सेफ्टी दिवस एवं संविधान दिवस संयुक्त रूप से उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना तथा संविधान के महत्व के प्रति समझ विकसित करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता से हुई। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अत्यंत रचनात्मक और सारगर्भित पोस्टर एवं नारे प्रस्तुत किए, जिनमें सड़क सुरक्षा नियमों के पालन, दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश झलकता था। बड़ी संख्या में छात्रों की भागीदारी इस बात का प्रमाण थी कि युवा वर्ग सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय को लेकर गंभीर और संवेदनशील है। इसके पश्चात महाविद्यालय में संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश चंद धलरिया ने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भारतीय संविधान की विशेषताओं, इसके निर्माण की प्रक्रिया, नागरिकों के मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में प्रो. ओम प्रकाश, डॉ. मोहर सिंह, प्रो. पूजा भारद्वाज, प्रो. अभिषेक शर्मा तथा डॉ. मनबीर भी उपस्थित रहे। इन सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस आयोजन ने न केवल विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाई, बल्कि उन्हें जिम्मेदार और सजग नागरिक बनने के लिए प्रेरित भी किया।

# सड़क हादसे में बसाही गांव के शुभम की मौत, गांव में मातम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर की ग्राम पंचायत बसाही में मंगलवार का दिन मातम लेकर आया। गांव के शुभम ठाकुर पुत्र संजय कुमार की चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर बिलासपुर कैंची मोड़ के पास दूसरी टनल में हुए भीषण सड़क हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शुभम मंगलवार शाम को अपने रिश्ते के भाई सचिन, उनकी पत्नी और बच्चे के साथ कार में चंडीगढ़ जा रहा था। जैसे ही वाहन दूसरी टनल में पहुंचा, तभी उत्तर प्रदेश नंबर की तेज रफ्तार टोयोटा फॉर्च्यूनर ने सामने से उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और शुभम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।हादसे में शुभम के भाई, भाभी और बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।शुभम अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। हादसे की खबर मिलते ही पूरे बसाही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है और घर में कोहराम मचा हुआ है। गांववासी इस दुखद घटना से गहरे सदमे में हैं।

# 59 ग्राम चरस बरामद, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सरकाघाट बाजार से 59 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी की पहचान हिमांशु परमार पुत्र दलेर सिंह निवासी गांव बड़ा समाहल गाहर तहसील सरकाघाट मंडी उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने मौके पर उसे काबू करते हुए चरस बरामद की और उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एएमआर जागरूकता अभियान के सफल आयोजन पर क्रयाश वॉलंटियर्स को नगर परिषद ने किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

क्रयाश ट्रस्ट सुंदरनगर द्वारा संचालित एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस जागरूकता अभियान के सफल आयोजन को लेकर नगर परिषद सुंदरनगर ने सम्मानित किया है। इस अवसर पर बुधवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में क्रयाश के उत्कृष्ट योगदान के लिए नगर परिषद अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, कार्यकारी अधिकारी ललित तथा अन्य सदस्यों द्वारा वॉलंटियर्स को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

जानकारी देते हुए क्रयाश ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. धर्मेश शर्मा ने कहा कि एएमआर जागरूकता अभियान के तहत क्रयाश के प्रशिक्षित वॉलंटियर्स ने नगर परिषद के सफाई कर्मियों सहित लोगों को सरल तरीके से एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस के खतरे के बारे में बताया। क्रयाश के युवा सदस्यों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर एएमआर के दुष्परिणामों को लोगों के समक्ष रखा। इस नाट्य प्रस्तुति को स्थानीय लोगों द्वारा काफी सराहा गया। धर्मेश ने कहा कि हिमाचल डेंटल कॉलेज द्वारा अभियान के दौरान निशुल्क डेंटल कैंप लगाया गया, जिसमें लोगों की दंत स्वास्थ्य जांच की गई। वहीं आईसीटीसी सुंदरनगर और सिविल अस्पताल की टीम ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। 18 से 24 नवंबर तक आयोजित एएमआर अवेयरनेस वीक के दौरान क्रयाश टीम ने लगभग 5 हजार से अधिक लोगों तक जागरूकता पहुंचाई गई।

डॉ. धर्मेश शर्मा ने कहा कि ट्रस्ट पर्यावरण, स्वास्थ्य और समाजहित से जुड़े ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रमों को आगे भी और अधिक मजबूती के साथ जारी रखेगा।





## छोटे वॉलंटियर रणविजय को मिला विशेष सम्मान

**कार्यक्रम** के दौरान क्रयाश के सबसे छोटे वॉलंटियर रणविजय को उनके सक्रिय योगदान के लिए विशेष प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। साथ ही नेरचौक के स्थानीय वॉलंटियर्स और अकादमी के बच्चों ने भी अभियान में अहम भूमिका निभाई। इस जागरूकता अभियान को सफल बनाने में नगर परिषद सुंदरनगर, क्रयाश ट्रस्ट, हिमाचल डेंटल कॉलेज, आईसीटीसी, सिविल अस्पताल, स्कूलों, बच्चों, सफाई कर्मियों और लोगों का सामूहिक सहयोग शामिल रहा।

# सर्दियां शुरू होते ही बिजली बोर्ड जोगिंद्रनगर के हाथ पांव फूलने हुए शुरू: राजीव सूद

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में अघोषित विद्युत कट को लेकर जोगिंद्रनगर भाजपा ने जोगिंद्रनगर बिजली बोर्ड की आलोचना की है। जोगिंद्रनगर मंडल भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव सूद के कहा कि अभी सर्दियों का मौसम शुरू ही हुआ है, लेकिन बिजली बोर्ड जोगिंद्रनगर के अभी से हाथ पांव फूलने शुरू हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि विद्युत के अघोषित कट से आम शहरी परेशान होकर रह गया है। हालांकि जोगिंद्रनगर उप मंडल एशिया का पहला उपमंडल होगा जिसमें तीन-तीन विद्युत परियोजनाएं विद्युत का उत्पादन कर रहीं है लेकिन उसके बावजूद बिजली का बार बार गुल होना विभागीय कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहा है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर सत्ता में आई प्रदेश सरकार का अधिकारियों पर जरा भी कंट्रोल नहीं रहा है। कहा कि विभाग द्वारा महीने में रखरखाव के कार्य हेतू विद्युत आपूर्ति बंद की जाती है, लेकिन उसके बावजूद बिजली का गुल होना समझ से परे की बात है। राजीव सूद ने कहा कि दिसंबर व जनवरी में तो सर्दियों का मौसम अपने पिक पर होता है लेकिन अभी बिजली का यह हाल है तो सर्दियों में क्या होगा। उन्होंने कहा कि विभाग ने जल्द अपनी कार्य प्रणाली को नहीं सुधरा तो भाजपा विद्युत बोर्ड कार्यालय का घेराव करने को मजबूर होगी।

# ऊना में और कड़ी होगी रात्रिकालीन पेट्रोलिंग

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में रात्रिकालीन पेट्रोलिंग को और कड़ा कर दिया गया है।

इसे लेकर जिला मजिस्ट्रेट ऊना जतिन लाल ने आदेश जारी किए हैं। यह आदेश जिले में रात्रिकालीन समय में असामाजिक तत्वों, अवैध हथियारों व प्रतिबंधित सामग्री की किसी भी प्रकार की संभावित आवाजाही को रोकने तथा सार्वजनिक शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से जारी किए गए हैं। डीसी द्वारा हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम, 2007 की धारा 14 तथा बीएनएसएस की धारा 163 के अंतर्गत जारी आदेश तुरंत प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। डीसी ने कहा कि जन सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रात्रिकालीन निगरानी को सुदृढ़ करना आवश्यक है। इसी के तहत जिले में रात्रि गश्त को और अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत व्यवस्था लागू की गई है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, सभी उप-मंडल मजिस्ट्रेट, तथा संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन रात्रि गश्त करेंगे। इन टीमों के साथ संबंधित एसडीपीओ और पर्याप्त पुलिस बल भी शामिल रहेगा, जिससे गश्त अधिक प्रभावी और व्यापक हो सकेगी। रात्रिकालीन गश्त के दौरान वाहनों की विशेष जांच की जाएगी तथा शस्त्र अधिनियम 1959 के तहत अवैध हथियार, प्रतिबंधित वस्तुएं सहित अन्य अवैध सामग्री की रोकथाम के लिए जांच करके तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

डीसी ने कहा कि सार्वजनिक शांति भंग करने या किसी भी प्रकार की गैर-कानूनी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों पर बीएनएसएस, शस्त्र अधिनियम और अन्य संबंधित कानूनों के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस अधीक्षक उप-मंडलों को अतिरिक्त पुलिस बल भी उपलब्ध कराएंगे, ताकि गश्ती व्यवस्था निर्बाध रूप से चलाई जा सके। डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जारी आदेशों की कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य ऊना को एक सुरक्षित, शांतिपूर्ण और कानून-व्यवस्था से परिपूर्ण वातावरण प्रदान करना है।

## शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रशासन ने लगातार सख्त कदम उठाए हैं। डीसी जतिन लाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शांति भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। अवैध गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को परिणाम भुगतने होंगे। उपायुक्त ने बताया कि कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और जनता को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। उन्होंने जिले में जारी सभी निर्देशों का पालन करने पर बल दिया। नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि एसएस स्टोन क्रशर की खनन लीज निलंबित कर दी गई और बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है। इसके अलावा, भारी टिपरों की अवैध आवाजाही के मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की हैं। डीसी ने साफ किया कि अवैध खनन, ड्रग्स-सट्टा, चिट्टा, जुआ और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रशासन की 'जीरो टॉलरेंस' नीति लागू रहेगी। गगरेट ट्रक यूनियन में बाहरी राज्य से आए धमकी भरे फोन कॉल के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। प्रशासन ने कहा कि अशांति फैलाने या भय उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# क्रॉस एफआईआर पर दूसरे पक्ष को ऐतराज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

लालसिंगी में होटल के बाहर हुए गोलीकांड के बाद मामला लगातार चर्चा में है। घटना में संतोषगढ़ निवासी आशु पुरी की मौत के बाद परिजनों और समर्थकों में रोष है।

परिजनों ने जांच की दिशा और पुलिस की ओर से दर्ज की गई क्रॉस एफआईआर पर आपत्ति जताते हुए कहा कि आशु के साथियों पर हत्या के प्रयास जैसे गंभीर प्रावधान लगाना गलत है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक ऊना से निष्पक्ष जांच की मांग की। उधर, इस हत्याकांड को लेकर गठित एसआईटी द्वारा लगातार दबिशों का सिलसिला जारी है। कई आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आए हैं। उधर, पीजीआई में उपचाराधीन दो लोगों की हालत में भी बहुत ठीक नहीं है, ऐसे में मामले की संवेदनशीलता और भी बढ़ती जा रही है। आशु के भाई मुकेश पुरी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने गुरजीत मान सहित तीन पर तो केस दर्ज किया, लेकिन अन्य शामिल युवकों पर कार्रवाई नहीं की।

### प्रधान गुरजीत मान होगा निलंबित

हत्या के आरोप में गिरफ्तार गांव उदयपुर के प्रधान गुरजीत मान को जल्द निलंबित किया जाएगा। जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार ने बताया कि इस संबंध में बीडीओ से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट मिलते ही निलंबन की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायती राज अधिनियम के अनुसार यदि कोई पंचायत प्रतिनिधि गिरफ्तारी के बाद 24 घंटे रिमांड या जेल में रहता है, तो उसे निलंबित किया जा सकता है।

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

उल्टा आशु व उसके साथियों पर ही हत्या के प्रयास का मामला बना दिया गया, जबकि साथियों ने संभवतः आत्मरक्षा में मारपीट की।

उन्होंने इस घटना को सोची-समझी साजिश बताया और जांच में पक्षपात के आरोप लगाए। पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने कहा कि जांच जारी है और दोनों पक्षों की शिकायतों व उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर एफआईआर दर्ज हुई है। मृतक पक्ष के कई लोग बयान देने नहीं आए हैं, जिससे स्थिति स्पष्ट होने में देरी है। उन्होंने कहा कि तथ्य सामने आने पर केस में संशोधन संभव है और दोषी किसी भी पक्ष का हो, कार्रवाई तय है। सीसीटीवी फुटेज लीक होने के मामले की भी गहन जांच शुरू हो गई है। पुलिस अधीक्षक ऊना अमित यादव ने एएसपी सुरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में कमेटी गठित की है। जांच में यह पता लगाया जाएगा कि फुटेज किसी पुलिसकर्मी ने लीक किया या होटल स्टाफ ने। डीसी ने निर्देश दिए हैं कि यदि कोई पुलिसकर्मी दोषी पाया गया तो उसे निलंबित किया जाएगा। इस मामले में एक पुलिसकर्मी का तबादला भी किया गया है।

# तेजाब से किए गए हमले ने इंसानियत को किया शर्मसार

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** मंडी में घटी दर्दनाक घटना ने न केवल एक महिला की जान ले ली, बल्कि पूरे समाज के नैतिक मूल्यों को झकझोर कर रख दिया है। तेजाब से किए गए इस निर्मम हमले ने इंसानियत को शर्मसार किया है और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हमारे कानून, शासन और सामाजिक ढांचे की कमियों को सख्ती से उजागर किया है। पति द्वारा किए गए इस बर्बर कृत्य ने प्रदेश में सदमे, भय और आक्रोश की लहर पैदा कर दी है। एनपीएनयूजेआई के प्रदेशाध्यक्ष एवं पंचायत समिति सदस्य जोगिंदर देव आर्य ने इस घटना पर गहरी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक अपराध नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक चेतना को हिला देने वाली त्रासदी है। तेजाब जैसे जानलेवा रसायनों की बिक्री, भंडारण और उपयोग पर कठोर नियंत्रण और निगरानी अनिवार्य है, ताकि कोई भी व्यक्ति ऐसे अपराध का साहस न कर सके।

# सड़क किनारे अतिक्रमण पर कसी लगाम

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा उपमंडल के बंगाणा बाजार में बढ़ते अतिक्रमण को देखते हुए प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों का व्यापक निरीक्षण किया।

एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल के नेतृत्व में गठित निरीक्षण टीम ने पूरे बाजार क्षेत्र में भ्रमण कर दुकानदारों द्वारा सड़क पर फैलाए गए सामान, अवैध निर्माण और अन्य कब्जों की स्थिति का जायजा लिया। लगातार बढ़ती जनसंख्या तथा बाजार में बढ़ते व्यापार के चलते बंगाणा क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या गंभीर होती जा रही है। सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा टीन शेड बढ़ाना, रेहड़ियां लगाना और सामान सड़क तक फैला देना आम बात हो गई है। इससे न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि आम लोगों को भी आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। इसी समस्या को देखते हुए प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए मौके पर निरीक्षण किया। एसडीएम सोनू गोयल ने बताया कि अतिक्रमण किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कुछ दुकानदारों द्वारा सड़क पर कब्जा किया जा रहा है, जो यातायात व्यवस्था के लिए चुनौतीपूर्ण है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में कोई भी दुकानदार अतिक्रमण करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण टीम में एसडीएम के साथ थाना प्रभारी रोहित चौधरी, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ संदीप गौतम, बिजली बोर्ड के अधिकारी उदित और सुमित सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। टीम ने बाजार के मुख्य मार्ग, सब्जी मंडी रोड तथा अन्य संकरी गलियों में जाकर वास्तविक स्थिति का आकलन किया। इस दौरान कई दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान फैलाकर रखने, अतिरिक्त निर्माण करने तथा राहगीरों के लिए रास्ता बाधित करने जैसी शिकायतें सामने आईं। थाना प्रभारी रोहित चौधरी ने बताया कि अतिक्रमण न केवल यातायात बाधित करता है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ाता है। उन्होंने दुकानदारों को हिदायत दी कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों की सीमा के भीतर ही कारोबार करें और सड़क को सार्वजनिक उपयोग के लिए खाली छोड़ें। पुलिस विभाग जरूरत पड़ने पर सख्त चालान भी जारी करेगा। वहीं, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ संदीप गौतम ने स्पष्ट किया कि सड़कें आम जनता की सुविधा के लिए हैं, न कि दुकानदारों के विस्तार के लिए। उन्होंने कहा कि सड़क के किनारे सामग्री रखने से न केवल सड़क संकरी होती है, बल्कि अधोसंरचना को भी नुकसान पहुंचता है। इसी तरह बिजली बोर्ड के अधिकारियों ने बाजार में लगे बिजली के खंभों व लाइनों के पास किए जा रहे अतिक्रमण की भी जांच की और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों को चेतावनी जारी की। बंगाणा प्रशासन ने बाजार के दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे 48 घंटे के भीतर अपने-अपने दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को स्वयं हटाएं। एसडीएम सोनू गोयल ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और बाजार में स्वच्छ व बाधारहित यातायात सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन हर संभव कदम उठाएगा। उन्होंने दुकानदारों से सहयोग की अपील भी की, ताकि क्षेत्र में विकास व व्यवस्था बनाए रखी जा सके। यह प्रशासनिक कार्रवाई साफ संकेत देती है कि बंगाणा में अब अतिक्रमण किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं होगा और आने वाले दिनों में नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई देखने को मिल सकती है।



बंगाणा में अतिक्रमण का निरीक्षण करते एसडीएम और एसएचओ समेत टीम।

# रायपुर मैदान विद्यालय का पंजाब शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान के विद्यार्थियों का दो दिवसीय पंजाब शैक्षणिक भ्रमण ज्ञान, अनुभव और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा। प्रधानाचार्य सुरेश चौधरी के मार्गदर्शन में यह यात्रा विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से परे जीवन के वास्तविक अध्यायों से परिचित कराने का अवसर बनी। साइंस सिटी में रोबोटिक्स, अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीकी नवाचारों ने छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और भविष्य-निर्माण की ऊर्जा जगाई। जलियांवाला बाग ने शहीदों के बलिदान की अमर गाथा से विद्यार्थियों के हृदय में देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा का भाव पैदा किया। स्वर्ण मंदिर की पवित्रता और गुरुवाणी ने उन्हें आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराया। अटारी-वाघा बॉर्डर पर भारतीय सैनिकों की परेड देखकर गर्व और रोमांच के भाव उमड़े। शारीरिक शिक्षक विजय कुमार द्वारा सुनाई गई वीर कथाओं और देशभक्ति के नारों ने छात्रों में जोश और राष्ट्रीय चेतना का संचार किया। प्रधानाचार्य सुरेश चौधरी ने इस भ्रमण को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्त्वपूर्ण बताया। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार और शोभा रानी ने इसे राष्ट्रीय समझ, सामाजिक संवेदना और भविष्य की दृष्टि से प्रेरक बताया। विद्यार्थियों ने इस यात्रा में विज्ञान, संस्कृति और देशभक्ति का अमिट अनुभव प्राप्त किया, जो उनके व्यक्तित्व और जीवन में वर्षों तक उजियारा जगाती रहेगी।

# आलू उत्पादकों को मौसम व दाम ने औंधे मुंह गिराया

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**ऊना।** जिले में आलू उत्पादकों पर संकट खड़ा हो गया है। हालांकि, इस दफा मौसम की बेरुखी के कारण देर से तैयार हुई आलू की फसल घाटे का सौदा साबित हुई है।

पैदावार तो कम हुई है साथ ही दाम भी धड़ाम नीचे आ गए हैं। किसानों का खर्चा भी पूरा होने की संभावना नहीं है। हालात ऐसे हैं कि आलू उत्पादक इस दफा खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। प्रमुख किसानों में अमृत लाल, अमरीक सिंह, विजय पाल आदि ने बताया उन्होंने आलू की फसल लगाई थी। तीन महीने की यह फसल हमेशा फायदा देकर जाती थी, लेकिन इस बार जो अंदेशा था ठीक वैसे ही हुआ। अगस्त सितंबर में मौसम आलू की फसल के अनुकूल नहीं था। बारिश ज्यादा होने और नमी के कारण देरी से बिजाई शुरु हो पाई। पंजाब और उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा में भी उसी समय आलू लगाया गया। बीज खरीद लेने के कारण अब आलू लगाना उनकी मज़बूरी थी। प्रतिस्पर्धा में आलू का दाम गिरना तय था, क्योंकि हिमाचल का ऊना का आलू एडवांस में चलता था, लेकिन इस बार तैयार नहीं हो पाया। अगर कुछ तैयार हुआ तो कम मात्रा में अच्छे दाम पर बिका। पंजाब और अन्य राज्यों के आलू के बाजारे आने से किसानों को प्रतिस्पर्धा करनी पड़ रही है। बता दें कि अभी आलू के पचास किलोग्राम बोरी का दाम पांच सौ से साढ़े पांच सौ खेत में मुश्किल से मिल पा रहा है, अगर इसकी लागत देखी जाए तो यह इसके बराबर है। आलू उत्पादकों ने बताया कि उनके आलू की फसल में कोई ऐसा रोग लगा कि इस बार पौधे भी छोटे रहे और झाड़ भी न के बराबर था। एक कनाल से मुश्किल से पंद्रह बोरे निकल पा रहे थे। हालांकि, अठारह से बीस बोरे अनुमानित रहते हैं।

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

### क्या कहते हैं आढ़ती

**आलू** के व्यापारी सोमनाथ का कहना है कि आगे डिमांड कम हो गई है। नवंबर के पहले सप्ताह शुरू में दाम 1100 से अधिक था, अचानक आलू की मंडियों में बाढ़ आ गई। कुछ समय 700 से 800 और अब 600 से नीचे प्रति बोरा पहुंच गया है।

# न्यूज ब्रीफ

## भीमराव अंबेडकर के अमूल्य योगदान को किया याद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य में राज्य अनुसूचित जाति आयोग के रामपुर स्थित कार्यालय में बुधवार को एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोग के सदस्य अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा ने की। इस अवसर पर सदस्य सचिव विनय मोदी सहित आयोग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मल्होत्रा ने संविधान निर्माताओं को नमन करते हुए विशेष रूप से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के अमूल्य योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर की अद्भुत दूरदृष्टि, अथक परिश्रम व सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता के कारण ही भारत को एक समावेशी, प्रगतिशील और सर्वस्पर्शी संविधान प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया और भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की रक्षा तथा उन्हें सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

## राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** एसडीडब्ल्यूजी राजकीय महाविद्यालय बीटन के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब द्वारा संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संविधान के सिद्धांतों, लोकतांत्रिक मूल्यों और मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. बूटा राम के नेतृत्व में भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पठन से हुई। सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों तथा स्टाफ ने गर्व के साथ इसमें भाग लिया। इसके पश्चात डॉ. बूटा राम ने संविधान में वर्णित अनुच्छेदों और प्रावधानों के माध्यम से मतदाता अधिकार, नागरिक कर्तव्यों और लोकतांत्रिक भागीदारी पर विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक, जिम्मेदार एवं सक्रिय मतदाता बनकर लोकतंत्र को मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. उमा देवी, कार्यकारी प्राचार्य, सहित महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## 28 को आर सेटी में लगेगा जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** वित्तीय सेवाएं विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित अनक्लेम्ड फंड्स के त्वरित एवं प्रभावी निपटान के लिए अभियान के फेस-6 (1 अक्तूबर से 31 दिसंबर) के तहत जिला ऊना में दावा रहित धन की वापसी के लिए 28 नवंबर को एक विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर पीएनबी आरसेटी, ऊना के कार्यालय में आयोजित होगा। जिला अग्रणी प्रबंधक संजीव कुमार सक्सेना ने बताया कि इस शिविर में जिले में कार्यरत सभी प्रमुख बैंक एवं बीमा कंपनियां भाग लेंगी। शिविर का उद्देश्य उन लाभार्थियों को सहायता प्रदान करना है जिनकी राशि विभिन्न बैंकों या बीमा संस्थानों में अवितरित, लंबित या क्लेम न की गई स्थिति में पड़ी है। शिविर के दौरान संबंधित लाभार्थियों को उनकी जमा राशि अथवा दावा रहित धनराशि से जुड़े दावों की सुगम, सरल और परेशानी-मुक्त प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

## आईटी आधारित उत्पादन सुधार उपाय बताए

**अनंत ज्ञान, हरोली।** टाहलीवाल औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार को आयोजित स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग जागरूकता सत्र में एमएसएमई उद्यमियों, हरोली ब्लॉक इंडस्ट्रियल एसोसिएशन और सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। डीआईसी ऊना की प्रबंधक कमला देवी ने उद्योगों को आधुनिक तकनीक अपनाने में सरकार की सहायता का भरोसा दिलाया। सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के विशेषज्ञों ने ऑटोमेशन, एआई और आईटी आधारित उत्पादन सुधार उपाय बताए। उद्योगों ने डिजिटल तकनीक, प्रिडिक्टिव मेंटेनेंस और इन्वेंट्री मैनेजमेंट में गहरी रुचि दिखाते हुए सहयोग की मांग की।

## गैंगवार में शामिल आरोपी घूम रहे खुले: राजेश

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने जिला प्रशासन पर जिले में इमरजेंसी के हालात पैदा कर देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि गैंगवार के बाद जिला मैजिस्ट्रेट ने अफरा-तफरी में दो दिन के भीतर लाइसेंसी हथियार जमा करवाने का आदेश देकर पुलिस थानों में लोगों को लाइनों में खड़ा कर दिया, लेकिन अभी तक गैंगवार में शामिल आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार तक नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि जिले में लोगों ने बदमाशी करने के लिए नहीं, बल्कि अपनी जान व माल की सुरक्षा के लिए लाइसेंसी हथियार लिए हैं, लेकिन क्या अगर हथियार जमा करवाने के बाद किसी के साथ अनहोनी घटना हो गई तो जिला प्रशासन इसकी जिम्मेवारी लेगा। यहां आयोजित पत्रकारवार्ता में राजेश ठाकुर ने कहा कि चाहिए तो यह था कि गैंगवार के बाद पुलिस असामाजिक तत्वों को पकड़ती व जिनके पास अवैध हथियार हैं, उन पर शिकंजा कसती। हैरत की बात है कि गैंगवार में शामिल लोग खुले में घूम रहे हैं।

# कुलदीप को मिलेगा राष्ट्रीय 'पंकस' अकादमी पुरस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



प्रख्यात साहित्यकार एवं चिंतक कुलदीप शर्मा को साहित्य में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए पंजाब कला साहित्य अकादमी के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पंकस अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें 7 दिसंबर, रविवार को जालंधर स्थित प्रेस क्लब हाल में आयोजित 29वें वार्षिक अकादमी अवार्ड समारोह में प्रदान किया जाएगा।

यह उपलब्धि न केवल उनके साहित्यिक जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है, बल्कि हिमाचल प्रदेश के लिए भी गर्व का विषय है। ऊना जिले के सुकडीयाल गांव में जन्मे कुलदीप शर्मा अपनी संवेदनशील, विश्लेषणात्मक और प्रभावशाली रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए व्यापक रूप से जाने जाते हैं। उनके चर्चित कविता-संग्रह 'कवि का पता' और 'आत्महत्या से बचे हुए लोग', तथा उपन्यास 'मलबा' ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव छोड़ा है। उनकी रचनाएं मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक यथार्थ और जीवन की जटिलताओं को गहरी अभिव्यक्ति देती हैं। पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित उनकी सैकड़ों कविताएं, समीक्षाएं और लेख उनकी प्रतिबद्ध लेखकीय उपस्थिति का प्रमाण हैं। उन्हें पूर्व में भी विभिन्न संस्थाओं द्वारा कई सम्मान प्राप्त हुए हैं, जिनमें दुष्यंत स्मृति सम्मान विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

वे राष्ट्रीय विपाशा कविता प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार से भी नवाजे जा चुके हैं, जिसके निर्णायक मंडल में लीलाधर जगूड़ी, विजय कुमार और विजेंद्र जैसे वरिष्ठ साहित्यकार शामिल थे। कविता, आलोचना और कथा तीनों ही विधाओं में उनकी सक्रियता उल्लेखनीय है। उनकी पहली कविता वर्ष 1976 में 'हिमप्रस्थ' में प्रकाशित हुई। इसके बाद से उनकी रचनाएं वसुधा, पहल, समकालीन साहित्य, दोआबा, वर्तमान साहित्य, अमर उजाला आदि प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में लगातार प्रकाशित होती रही हैं। उनका नया कविता-संग्रह, जिसमें छंदबद्ध रचनाएं, गीत और गजलें शामिल हैं, जल्द प्रकाशनाधीन है। एक अंग्रेजी उपन्यास की पांडुलिपि भी अंतिम चरण में है।

उनकी पहली कहानी 'लोकापवाद' वर्ष 1973 में पंजाब केसरी में प्रकाशित हुई थी, जिसके बाद कई कहानियां विभिन्न पत्रिकाओं में स्थान पाती रही हैं। कुलदीप शर्मा का साहित्यिक व्यक्तित्व गहन अध्ययनशीलता व व्यापक चिंतन से निर्मित है। हटली के राजकीय विद्यालय से प्रारंभिक शिक्षा के उपरांत उन्होंने जालंधर के डीएवी कॉलेज से प्री-इंजीनियरिंग और हमीरपुर पॉलिटेक्निक से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। डिकेंज, तुर्गनेव, चेखव, दोस्तोवस्की, एमिल जोला, जॉर्ज ओरवेल, थॉमस हार्डी जैसे साहित्यकारों ने उनके लेखन को गहराई प्रदान की, जबकि आइन रैंड, कामू और सार्त्र के अस्तित्ववाद ने उनके वैचारिक क्षितिज को विस्तृत किया।

# दिल्ली के लक्ष्मीबाई नगर में मनाया गया हिमाचल मेला



कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल कल्याण सभा (पंजी) का 54वां वार्षिक उत्सव (हिमाचल मेला) दिल्ली के समाज सदन, लक्ष्मीबाई नगर के प्रांगण में मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में विधायक अनिल कुमार शर्मा ने शिरकत की, जबकि उद्योगपति महेश शर्मा, प्रीतम सिंह अत्री, पीएस राणा, शिक्षाविद् डॉ. रमेश चंद शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मोनिका, स्वतंत्र कुमार ने विशेष रुप से शिरकत की। कार्यक्रम में हिमाचल के प्रसिद्ध गायक करनैल राणा ने रंगारंग प्रस्तुतियां से सभी लोगों का मन मोह लिया। इसके अलावा दिल्ली विश्वविद्यालय के बच्चों ने हिमाचली नाटी तथा बाल कलाकारों ने गीत प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। हिमाचल कल्याण सभा के प्रधान राकेश शर्मा ने मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों को हिमाचली टोपी, शॉल, टॉफी व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके अलावा 10वीं और 12वीं के हिमाचली बच्चे जिन्होंने बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, उनको भी सर्टिफिकेट व कैश पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# अनिल पटियाल अंब के नए डीएसपी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** अंब में नए डीएसपी के रूप में नियुक्त हुए अनिल पटियाल कार्यभार संभालने के बाद पहली बार मां चिंतपूर्णी के दरबार पहुंचे कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने मां चिंतपूर्णी के पावन दरबार में पहुंचकर माथा टेका और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त कर उन्होंने जिले में शांति, सुरक्षा व कानून-व्यवस्था को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। चिंतपूर्णी मंदिर में पूजा के दौरान डीएसपी अनिल पटियाल ने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि कार्यभार संभालने से पहले उन्हें माता रानी के चरणों में नतमस्तक होने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि अंब उपमंडल में कानून व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करना, आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करना और पुलिस-जन सहयोग को बढ़ाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

**जांच** रायजादा ने कहा, सत्ती व उनके साले की जोड़ी ने सरकारी दुकान के नाम पर किया फर्जीवाड़ा

# मैं दोषी तो मेरे, सत्ती दोषी तो सत्ती के खिलाफ हो कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा ने डीसी कार्यालय ऊना में विधायक सतपाल सत्ती के नाम से दुकान होने और उनके रिश्तेदार द्वारा गलत तरीके से दुकान चलाने के आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि जीजा-साले की जोड़ी ने सरकार की सम्पत्ति को नुक्सान पहुंचाया है और गलत तरीके से कब्जा कर रखा है। बुधवार को सतपाल रायजादा अपनी मांगों को लेकर डीसी ऊना जतिन लाल से मिले और उन्हें 2 ज्ञापन सौंपे। इनमें से एक में उन्होंने कहा कि आशु पुरी मर्डर के अगले दिन विधायक सतपाल सत्ती ने पत्रकार वार्ता करके सार्वजनिक तौर पर उनके होटल और उनकी छवि को नुक्सान पहुंचाया था जिसमें उन्होंने कहा था कि होटल में वैश्यावृति होती है और रुपए का अनैतिक लेनदेन होता है। रायजादा ने कहा कि उन्होंने पुलिस को भी फुटेज सौंपी है और वह चाहते हैं कि डीसी स्वयं भी इसकी जांच करवाएं ताकि जनता को सच का पता लग सके। रायजादा ने कहा कि सत्ती खुद को पाकसाफ घोषित करते हैं लेकिन ऐसा असलियत में नही है। मिनी सचिवालय में डीसी कार्यालय की दुकान सत्ती ने अपने नाम से सरकार से ली थी जिसमें सिर्फ फोटो स्टेट का काम हो सकता था इसके अलावा कुछ नहीं। सत्ती ने इस दुकान को आगे अपने उस साले को सबलेट कर दिया जोकि इसमें गारंटर बना था। कई सालों से वह ही दुकान चला रहा है, लेकिन इस दुकान में फोटोस्टेट का काम नहीं हो रहा है जबकि अन्य व्यवसाय चलाया जा रहा है। इस दुकान में तोड़फ़ोड करके दोनों तरफ मुंह कर दिए गए हैं जबकि कानूनन ऐसा नहीं किया जा सकता था। निजी फायदे के लिए दबाव की राजनीति करते हुए सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया है। रायजादा ने कहा कि सरकार को स्वयंघोषित पाकसाफ सत्ती ने आर्थिक नुक्सान पहुंचाया है और घोटाला किया है। उन्होंने कहा कि डीसी इस मामले की जांच करें और कार्रवाई करें। पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा ने कहा कि डीसी स्वयं इन दोनों मामलों की जांच करें और जो भी दोषी पाया जाता है उसके खिलाफ कार्रवाई करें। यदि दुकान घोटाले में सत्ती दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई करें और यदि उनके होटल में कोई अनैतिक कार्य पाया जाता है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अब लड़ाई सतपाल सत्ती के लगातार लगाए जाने वाले झूठे लांछनों को लेकर लड़ी जा रही है। बिना तथ्यों से कुछ भी बोलना और किसी पर भी आरोप लगा देना यह सत्ती की आदत हो चुकी है। रायजादा ने कहा कि सत्ती केवल खुद के कहने पर ही पाकसाफ है लेकिन असल में ऐसा नहीं है। एक एक करके उनकी असलियत जनता के सामने लाई जाएगी ताकि जनता भी सत्ती का असली चेहरा देख सके।



पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने डीसी को सौंपे 2 ज्ञापन, मांगी कार्रवाई।

# अब सतीश गोगी पर धमकी भरा फोन करवाने पर एफआईआर

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी के प्रधान सतीश कुमार गोगी को हरियाणा से आई धमकी भरी फोन काल के मामले में नया मोड़ आया है।

सतीश कुमार गोगी को धमकी भरी फोन काल आने पर गगरेट पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के बाद अब सतिंदर कुमार उर्फ बबलू ने भी एक इंटरनेशनल काल के माध्यम से उसे धमकी देने के चलते सतीश कुमार गोगी व अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। गगरेट पुलिस इन फोन काल की सत्यता को जांचने के लिए जांच में जुट गई है। मंगलवार को ही सतीश कुमार गोगी ने उसे हरियाणा से आई धमकी भरी फोन काल के मामले में गगरेट पुलिस थाना में मामला दर्ज करवाया था। सतीश कुमार गोगी को सोमवार-मंगलवार की मध्यरात्रि करीब बारह बजे धमकी भरी फोन काल आई थी। इसके बाद अब सतिंदर कुमार उर्फ बबलू ने भी गगरेट पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। हालांकि, सतिंदर कुमार उर्फ बबलू को मंगलवार सुबह करीब सवा आठ बजे फोन काल आई है। बताया जा रहा है कि यह धमकी भरा फोन इंटरनेशनल काल के माध्यम से आया है। पुलिस की अब तक की जांच में पाया गया है कि विवाद का कारण द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी से सतिंदर कुमार की दो गाड़ियों को हटाना है। इसके बाद ही धमकी भरी फोन काल का सिलसिला शुरू हुआ है। खास बात यह है कि सतीश कुमार गोगी को धमकी देने वाला भी हरियाणवी में बात कर रहा है और सतिंदर को धमकी देने वाला भी हरियाणवी में बात कर रहा है। दोनों धमकी भरे फोन हरियाणा के लोगों द्वारा ही क्यों किए गए पुलिस इसकी भी जांच कर रही है। बुधवार को भी पुलिस ने दोनों पक्षों को पुलिस थाना बुलाया था और इस मामले में जांच तेज की है। पुलिस अब मोबाइल काल डिटेल मंगवा रही है। इसके साथ ही इस मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। व्यक्तिगत रंजिश के लिए बाहरी राज्यों से धमकी भरे फोन आने से माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। उधर, इस प्रकरण के बाद ट्रक आपरेटर भी भड़के हुए हैं। उधर, डीएसपी अनिल पटियाल का कहना है कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। इस प्रकरण के पीछे जो कोई भी होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा।

# बेहना घाट के पास सतलुज में कूदे दंपती, पुलिस ने चलाया रेस्क्यू अभियान

अनंत ज्ञान, आनी

जिला कुल्लू के तहत आने वाले बेहना-माहोली पुल के समीप बुधवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जिसमें एक दंपती ने सतलुज नदी में छलांग लगा दी।

घटना की पुष्टि करते हुए डीएसपी आनी राजीव मेहता ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस चौकी लुहरी की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और नदी किनारे सर्च एवं रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि दंपति की पहचान दूनी चंद (34) पुत्र बलदेव सिंह, निवासी बताना भाल्ले, डाकघर व तहसील करसोग, जिला मंडी तथा उसकी पत्नी सोनिया (27) के रूप में हुई है। दोनों आनी बाजार में किराये पर रह रहे थे, जहां दूनी चंद एक सैलून में काम करता था। मिली जानकारी के अनुसार बीती मंगलवार रात दूनी चंद अपने रिश्तेदार धनी राम व मोहन लाल के साथ क्वार्टर में बैठकर पार्टी कर रहा था। इसी दौरान दूनी चंद और उसकी पत्नी सोनिया के बीच किसी बात को लेकर तीखी नोकझोंक हो गई। हालांकि रिश्तेदारों ने दोनों को समझाकर मामला शांत कर दिया और रात सभी अपने-अपने कमरे में सो गए। सुबह जब दूनी चंद जागा तो उसने पाया कि उसकी पत्नी सोनिया घर पर नहीं है। उसने तुरंत अपने चाचा के बेटे को इस बारे में बताया और कार लेकर उसकी तलाश में बेहना की ओर निकल पड़ा।

तलाश के दौरान सोनिया सतलुज नदी की ओर भागती दिखाई दी। उसे रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वह नदी में कूद गई। पत्नी को बचाने की कोशिश में दूनी चंद भी नदी में गिर गया। धनी राम ने पूरे घटनाक्रम को अपनी आँखों से देखा और इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके से सोनिया का दुपट्टा और दूनी चंद का मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पुलिस ने गवाहों के बयान दर्ज कर लिए हैं और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीएसपी आनी राजीव मेहता ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दंपति के सतलुज में डूबने का मामला सामने आया है। दोनों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# सुंदरी बाग से हलाण-2 सड़क बनी 'जानलेवा'

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

पतलीकूहल। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत निर्मित सुंदरी बाग से हलाण-2 सड़क इन दिनों अपनी बदहाली के कारण क्षेत्र के करीब 8 गांवों के लिए दुर्घटनाओं का केंद्र बन गई है। सड़क पर हाल ही में टारिंग का काम हुआ था, बावजूद इसके यह सुंदरी बाग, कशेरी मोड़, रोपा मोड़, मगाणा नाला और धडिंगच्चा मोड़ जीरो प्वॉइंट जैसे अनेक स्थानों पर बुरी तरह से टूट चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क अब 'जानलेवा' साबित हो रही है, क्योंकि इसकी बुनियादी कमी यह है कि निर्माण के दौरान पानी की निकासी के लिए नालियों का निर्माण नहीं किया गया।

अनंत ज्ञान मुद्दा

सड़क पर नालियों का निर्माण नहीं हुआ है, जिस कारण बह रहे पानी से सड़क बुरी तरह खराब हो गई है और छोटे वाहनों के लिए फिसलन जैसी स्थिति बन गई है। इसके अलावा, मरम्मत या निर्माण का मलबा भी जगह-जगह सड़क पर पड़ा है। इससे वाहनों को गुजरने में भारी परेशानी हो रही है और कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय निवासियों में लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) की अनदेखी को लेकर गहरा रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि सेब सीजन के दौरान जब सड़क का हाल सबसे खराब था, तब विभाग ने कोई सुध नहीं ली। ऐसे में, ग्रामीणों ने खुद ही श्रमदान कर रास्ते को जीप लायक बनाया था, ताकि अपनी फसल मंडी तक पहुंचा सकें।



सुंदरी बाग से हलाण-2 सड़क की हालत खस्ता।

## ग्रामीणों की युद्धस्तर पर मरम्मत की मांग

सड़क की खराब हालत से परेशान होकर ग्रामीणों ने विभाग से जल्द मरम्मत की अपील की है। अपील करने वाले ग्रामीणों में सुनील, संदीप, मुकेश, देवराज, गायत्री, बालक राम, और प्रबेश शामिल हैं। इन सभी ने लोनिवि विभाग से लापरवाही छोड़कर युद्धस्तर पर सड़क को दुरुस्त करने और पानी निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## सड़क के मरम्मत कार्य के लिए चल रही टेंडर प्रक्रिया : एसडीओ

इस मामले में लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) के एसडीओ केडी कश्यप ने बताया कि सड़क के मरम्मत कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है, जिसके पूरा होने में कुछ समय लगेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही सड़क का काम शुरू कर दिया जाएगा।

## बस सुविधा से महरूम हलाण वासी, हो रही परेशानी

सड़क की जर्जर स्थिति का सबसे बड़ा खामियाजा हलाण क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है, जो बस सुविधा से महरूम हो गए हैं। पिछली बरसात में सड़क को हुए गंभीर नुकसान के बाद से ही यहां बस सेवा भी बंद है। इसका सीधा असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है, जिन्हें शिक्षा के लिए अब जानलेवा बनी इस सड़क पर टैक्सियों का भारी किराया देकर सफर करना पड़ रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

# सरकार बागवानों की मेहनत को ले रही हल्के में : सुरेंद्र शौरी

अनंत ज्ञान, बंजार

बंजार विधानसभा क्षेत्र से संबंधित बागवानी उपकरणों के वितरण और सब्सिडी मामलों पर बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी के सवाल पर सरकार द्वारा विधानसभा में दिए गए उत्तर ने विभाग की सुस्ती और सरकार की उदासीनता को पूरी तरह उजागर कर दिया है।

सरकार स्वयं स्वीकार कर रही है कि सहभागिता (सब्सिडी) के कुल 1041 मामले आज भी लंबित हैं। यह केवल विभागीय लापरवाही नहीं, बल्कि बंजार के मेहनतकश बागवानों के साथ खुला अन्याय है। इतनी बड़ी देनदारी बेहद चिंतनीय है।



वर्ष 2025-26 के लिए बंजार में सरकार मात्र 19.51 लाख रुपये ही खर्च कर सकी, और सिर्फ 64 बागवानों को लाभ पहुंचा, जबकि लंबित लाभार्थियों की संख्या 1041 है। यह स्थिति किसी भी संवेदनशील सरकार के लिए शर्मनाक मानी जानी चाहिए विधायक सुरेंद्र शौरी ने सरकार की इस कार्यशैली पर कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा: 'बंजार के बागवान अपनी मेहनत से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सहारा देते हैं, लेकिन सरकार उन्हें उनके हक से वंचित कर रही है। 1041 लंबित मामलों का मतलब है कि विभाग वर्षों से केवल फाइलें ढो रहा है—काम कुछ नहीं हो रहा। यह बंजार के बागवानों के साथ खुली उपेक्षा है।' विधायक ने सरकार से सीधे सवाल पूछते हुए कहा है कि बागवानों की सब्सिडी फाइलें महीनों और वर्षों तक क्यों अटकने की समीक्षा की जानी चाहिए। लंबित 1041 मामलों को निपटाने की सरकार के पास क्या ठोस योजना है? विधायक शौरी ने कहा है कि इतने लंबित मामले देख कर यह प्रतीत हो रहा है कि सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद करनी की फिराक में है। विधायक शौरी ने चेतावनी देते हुए कहा कि 'यदि लंबित मामलों पर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई, तो मैं इस मुद्दे को बड़े स्तर पर उठाऊंगा। बंजार के बागवानों के साथ और देर तक अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।'

## न्यूज ब्रीफ

### 90523 खातों में 20.79 करोड़ की राशि अनक्लेमड

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। अग्रणी जिला प्रबंधक कुल्लू राजेंद्र ने कहा है कि जिला कुल्लू के विभिन्न बैंक एवं जीवन बीमा कंपनियों में 90523 खातों में 20.79 करोड़ रुपए की राशि अनक्लेमड (डीईए फंड) में पड़े हुए है। इन खातों में पिछले दस सालों से लेन-देन न होने के कारण लोगों की जमा राशि(डीईए फंड) में ट्रांसफर हो गई है। इन खातों की अनक्लेमड राशि को खाताधारकों तक पहुंचाने के लिए भारत सरकार के वित्त विभाग के निर्देशों पर 1 अक्तू बर से 31 दिसंबर तक तीन महीने के दौरान बैंक एवं जीवन बीमा कंपनियों की शाखाओं द्वारा विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में 28 नवंबर को पीएनबी द्वारा पलचान में, एसबीआई द्वारा ढालपुर में, यूको बैंक द्वारा मनाली में, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा भून्तर में, कांगड़ा बैंक द्वारा बंजार में तथा हिमाचल ग्रामीण बैंक द्वारा आनी एवं निरमंड में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में बैंको दारा अनक्लेमड राशि पाने के बारे में लोगो को जानकारी दी जाएगी। इस के अतिरित्क सभी खाताधारकों से अनुरोध है कि वे अपने खाते में छह महीने में कम से कम एक बार लेन-देन व समय-समय पर खाते में केवाईसी/रि-केवाईसी अवश्य करें, ताकि जमा राशि डीईए फंड) में ट्रांसफर न हो।

### नप मनाली का संभावित बजट 13.10 करोड़

अनंत ज्ञान, मनाली। नगर परिषद मनाली की सामान्य व बजट बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए लगभग 13.10 करोड़ रुपए का संभावित बजट प्रस्तुत किया गया। विभिन्न विभागों और कार्यों पर करीब 12.27 करोड़ रुपए खर्च का अनुमान है। स्वास्थ्य, निर्माण, सामान्य विभाग, विधि, संपत्ति, जल योजना, अदृष्ट प्रभार और संस्पेंस अकाउंट के लिए अलग-अलग राशि निर्धारित की गई। परिषद अध्यक्ष मनोज लारजे ने बताया कि अनुमानित आय 12,40,2500 रुपए और शेष राशि 70,14036 रुपए रहेगी। बैठक में पार्किंग टेंडरों पर विशेष चर्चा हुई। अध्यक्ष ने नए सिरे से टेंडर करवाने की आवश्यकता बताई, जबकि चार पार्षदों ने पुराने धारकों का पक्ष लेते हुए केवल 10 प्रतिशत वृद्धि का सुझाव दिया। अध्यक्ष ने इसका विरोध करते हुए इसे पालिका के हित में नुकसानदायक बताया। स्वच्छता और पार्किंग व्यवस्था सुधार पर भी जोर दिया गया।

### एनएचपीसी चरण -II में मनाया 'संविधान दिवस'

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण -II में बुधवार को ' संविधान दिवस ' मनाया गया। इस अवसर पर पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II के परियोजना प्रमुख रणजीत सिंह ने नगवाईं कार्यालय परिसर में परियोजना के अधिकारियों और कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन कराया।

### वक्ताओं ने सरदार पटेल की एकता को बताया प्रासंगिक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में उदयपुर के लता ठाकुर मेमोरियल स्टेडियम में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि उदयपुर (एसडीएम), लाहौल-स्पीति अलीशा चौहान की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत सभी प्रतिभागियों ने लता ठाकुर मेमोरियल स्टेडियम से मृकुला माता मंदिर प्रांगण तक पदयात्रा की। इस पदयात्रा में विभिन्न संस्थाओं के युवाओं के साथ-साथ स्थानीय निवासियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और सरदार पटेल के राष्ट्रीय एकता के संदेश को मजबूती प्रदान की। प्रतिभागियों के लिए कार्यक्रम के दौरान जलपान की समुचित व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल के आदर्श आज भी देश को एकजुट रखने की प्रेरणा देते हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल (1875-1950) भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक, दूरदर्शी नेता और देश की एकता के प्रतीक थे। उनका जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाड नगर में हुआ था। प्रारंभिक जीवन में वे एक सफल वकील रहे, किंतु महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने राष्ट्रसेवा को अपना जीवन ध्येय बना लिया।

### पांगी के लिए चल रही खटारा बसें, लोग परेशान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। पांगी के लिए चल रही खटारा बसों से लोग परेशान हैं। सर्दी के मौसम में बसें बीच रास्ते में धोखा दे रही हैं। इस कारण आम लोग व छात्र परेशान हैं। यही नहीं बिजली व्यवस्था भी पूरी तरह से चरमरा गई है और दूरसंचार व्यवस्था तो राम भरोसे है। इसको लेकर छात्र कल्याण संघ पांगी अब उग्र हो गया है। छात्र कल्याण संघ के अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने कहा कि इन समस्याओं को लेकर डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया है, ताकि समस्याओं का समाधान हो सके। यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो छात्र कल्याण संघ धरना-प्रदर्शन करेगी। मुख्यमंत्री स्वयं हिमाचल दिवस मनाने यहां आए थे और हाल में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी भी आए थे और वे स्वयं यहां की समस्याओं से भलीभांति परिचित है फिर भी समाधान क्यों नहीं किया जा रहा है। आजकल केलांग से किलाड़ के लिए जो बसें जा रही हैं, वे खटारा बसें हैं, जो बीच रास्ते में खड़ी हो रही हैं। इस कारण लोगों सहित छात्रों को भी परेशानियां हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पांगी दुर्गम क्षेत्र है और यहां यदि बीच रास्ते में बसें खड़ी होती है, तो सवारियां रात को कहां जाएं इसलिए सरकार को इस समस्या का शीघ्र समाधान करना चाहिए।

### सही प्रबंधन देगा बागवानों को बेहतर गुणवत्ता

अनंत ज्ञान, आनी। डॉ. यशवंत सिंह परमार उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र बजौरा में बागवानी विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन बागवानों के लिए बेहद उपयोगी रहा। इस दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों ने पौधरोपण से लेकर पौधों की देखभाल, पोषक तत्व प्रबंधन, रोग नियंत्रण और वैज्ञानिक प्रबंधन के सभी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम और आधुनिक खेती तकनीकों के युग में वैज्ञानिक प्रबंधन ही उत्पादन एवं गुणवत्ता बढ़ाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। शिविर में डॉ. रमेश राणा ने पौधों को उचित पोषण देने की वैज्ञानिक विधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समझाया कि पौधों को समय पर और संतुलित पोषक तत्व मिलने से न केवल उनकी वृद्धि बेहतर होती है, बल्कि उत्पादन क्षमता भी कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने मृदा परीक्षण, उर्वरकों की मात्रा एवं समयबद्ध आपूर्ति की उपयोगिता पर जोर दिया। इसके बाद डॉ. राकेश ने सेब और अन्य फलदार पौधों में पाई जाने वाली सामान्य बीमारियों, उनके लक्षणों तथा बचाव के उपायों पर जानकारी दी। उन्होंने फलों की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले प्रमुख कीटों और रोगों की पहचान के साथ-साथ उनके समन्वित प्रबंधन (आईपीएम) के बारे में भी मार्गदर्शन दिया। डॉ. विजय भारद्वाज ने बागवानों को भूमि चयन, पौधों की किस्मों का चुनाव, विशेषकर हाई डेंसिटी सेब पौधों की आधुनिक किस्मों तथा उन्हें लगाने की वैज्ञानिक विधियों के बारे में उपयोगी जानकारी दी।

# कुल्लू में एबीवीपी ने प्रदेश सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई द्वारा प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी व सरकार की विफल रोजगार नीतियों के विरोध में एक तीखा और प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया गया।

कार्यकर्ता डीसी कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और वहीं जूते पॉलिश करते हुए यह संदेश दिया कि प्रदेश का युवा किस स्तर की बेरोजगारी झेलने को मजबूर हैं। कार्यकर्ताओं ने जूते पॉलिश कर सरकार की 'गरीबी' और रोजगार नीतियों की विफलता को सीधे तौर पर दर्शाया और बताया कि आज प्रदेश में हालात इतने खराब हो गए हैं कि युवाओं को प्रतीकात्मक रूप से सड़क पर उतरकर सरकार की असफलता दिखानी पड़ रही है। इकाई अध्यक्ष ऋत्विक व इकाई मंत्री संजना ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में रोजगार की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। पढ़े-लिखे हजारों युवा नौकरी के लिए भटक रहे हैं और सरकार के वादे केवल कागज़ों तक सीमित हैं। विशेषकर '5 लाख नौकरी' का दावा पूरी तरह विफल रहा है। विभिन्न विभागों में हजारों पद खाली पड़े हैं। भर्ती प्रक्रियाएं वर्षों से लंबित हैं पेपर लीक, भर्ती रोक और बंद होती वैकेंसियों ने युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया है। एबीवीपी कुल्लू इकाई ने चेतावनी देती है कि यदि सरकार जल्द रोजगार स्थिति सुधारने, लंबित भर्तियां शुरू करने और नई वैकेंसियाँ निकालने की दिशा में कदम नहीं उठाती, तो परिषद आगामी दिनों में उग्र प्रदेशव्यापी

# पनारसा कॉलेज में सीएससीए शपथ समारोह

अनंत ज्ञान, भुंतर। राजकीय महाविद्यालय पनारसा में सीएससीए (कॉलेज छात्र-छात्रा परिषद) शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. उरसेम लता ने नव-निर्वाचित सीएससीए सदस्यों को शपथ दिलाई तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में प्राचार्या ने कहा कि सीएससीए का पद केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि यह अनुशासन, नेतृत्व और जिम्मेदारी का दायित्व भी है। उन्होंने सभी सदस्यों से विद्यार्थियों के हित में निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. चारु अहलूवालिया, प्रो. हीरा सिंह, प्रो. अनीता, डॉ. डिंपल झामटा तथा प्रो. कृष्ण लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कॉलेज के अन्य शिक्षकगण व बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स भी समारोह में मौजूद रहे।

# एशिया ओशिनिया चैंपियनशिप विजेता तेंजिन डोलमा का घर पहुंचने पर जोरदार स्वागत

अनंत ज्ञान, मनाली

थाइलैंड के बैंकाक में आयोजित एशिया ओशिनिया चैंपियनशिप में भारत का नाम रोशन करने वाली मनाली निवासी तेंजिन डोलमा का घर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। तेंजिन ने 100 किमी एशिया ओशिनिया मैराथन में शानदार प्रदर्शन कर महिला वर्ग में सिल्वर जीता है। तेज़ीन डोलमा के सम्मान में तहसीलदार मनाली अनिल राणा की अध्यक्षता में भव्य स्वागत समारोह आयोजित हुआ।

इसमें आज मनाली के एडवेंचर टूअर आपरेटर एसोसिएशन, बाइक एसोसिएशन, लग्जरी कोच एसोसिएशन व ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने फुल मालाओं से देश की धावक तेंजिन डोलमा का स्वागत किया। तेंजिन राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई इनाम प्राप्त कर चुकी है। मनाली तहसीलदार अनिल राणा सहित नायब तहसीलदार नेगी ने तेंजिन डोलमा का स्वागत किया और उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रशासन की कर से यथासंभव मदद करने का भरोसा दिया। तेंजिन डोलमा ने बताया कि भारत की ओर से पांच महिलाएं व पांच पुरुषों की टीम थाइलैंड रवाना हुई थी। उन्होंने बताया कि देश के लिए अधिक से अधिक मैडल लाना उनका सपना रहा है। डोलमा ने बताया कि उन्होंने 100 किमी की दौड़ में 9 मिनट 18 सेकेंड का समय लेकर सिल्वर देश के नाम किया। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में भी उनका यह प्रयास जारी रहेगा।



तहसीलदार मनाली तेंजिन डोलमा का स्वागत करते हुए।

# कांग्रेस जिला पर्यवेक्षक ने कार्यकर्ताओं से ली राय

अनंत ज्ञान, सैंज

बंजार विधानसभा के लारजी में बुधवार को राजस्थान से लोकसभा सदस्य एवं संगठन सृजन अभियान कुल्लू के पर्यवेक्षक कुलदीप इंदौरा ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

इस मौके पर उन्होंने जिले में नए जिला अध्यक्ष के लिए कार्यकर्ताओं से चर्चा की और उनके सुझाव मांगे। इस मौके पर बंजार विधानसभा से कांग्रेस सेवादल के कुल्लू जिला के अध्यक्ष रहे महेश शर्मा ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा। महेश शर्मा वर्तमान में जिला कुल्लू कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष है और साथ में हिमाचल प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के महासचिव हैं। एन एस यू आई कुल्लू कॉलेज के कैंपस प्रेसिडेंट से राजनीति की शुरुआत की युवा कांग्रेस के चुनाव लड़ कर मंडी लोकसभा के महासचिव बने और पार्टी के विभिन्न पदों पर रह कर पार्टी की निरंतर सेवा की। हिमाचल प्रदेश में आदिवासी कांग्रेस को नई ऊर्जा दी और साथ में सामाजिक संगठनों के साथ मिल कर पिछली भाजपा सरकार में स्वास्थ्य शिक्षा स्वास्थ्य और कई मुद्दों पर सरकार को घेरा और कई जनहित कार्य करवाए 2023 की आपदा में सराहनीय कार्य के लिए उन्हें राज्य स्तरीय सम्मान दिया गया और महेश शर्मा एक समाजसेवक भी हैं। बंजार विधानसभा से उन्हें पूर्ण समर्थन प्राप्त है और जिला के सभी वरिष्ठ नेताओं से उनके मधुर संबंध है । इस अवसर पर महेश शर्मा ने कहा कि यदि हाईकमान यदि उन्हें जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलती है तो मैं कांग्रेस विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा और हिमाचल सरकार की उपलब्धियों को प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्रचार किया जाएगा और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। महेश शर्मा ने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी एन डी ए सरकार की कार्यप्रणाली का खुल कर और बिना किसी डर के पोल खोल रहे है। हमें भी उनके नक्शे कदम पर चल कर कार्य करना चाहिए और आम लोगों की सेवा और सहायता करनी चाहिए।



बैठक के दौरान कुलदीप इंदौरा व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता।

# कुल्लू जिले में भरे जाएंगे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के पद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

बाल विकास परियोजना आनी ने जानकारी दी बाल विकास परियोजना आनी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के 3 पद खणी व कराना पंचायतों और आंगनबाड़ी सहायिकाओं के10 पद डिंगीचार, रोपा, टकरासी, कराणा-1, कराणा, पलेही, मुहान, लगोटी, कुठेड़ पंचायत में रिक्त हैं।

इन पदों को भरने के लिए योग्य महिला उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, बशर्ते वे संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के पोषक क्षेत्र की सामान्य निवासी हों। इच्छुक पात्र महिला उम्मीदवार (विवाहित/अविवाहित) सभी वांछित प्रमाण-पत्रों/दस्तावेजों सहित सादे कागज पर आवेदन पत्र बाल विकास परियोजना अधिकारी, आनी के कार्यालय में दिनांक 20 दिसंबर तक जमा कर सकती हैं। इन पदों के लिए साक्षात्कार दिनांक 24 दिसंबर (बुधवार) को प्रातः 10 बजे से उपमंडलाधिकारी (ना.) आनी के कार्यालय में आयोजित किए जाएंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका के पद पर नियुक्ति के लिए केवल महिला प्रार्थी ही पात्र होंगी। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से बारहवीं उत्तीर्ण होनी चाहिए और प्रार्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आवेदन की अंतिम तिथि 20 दिसंबर को आयु निर्धारण के लिए माना जाएगा। प्रार्थी के परिवार की वार्षिक आय 50,000 से अधिक नहीं होनी चाहिए और आय प्रमाण-पत्र तहसीलदार/नायब तहसीलदार/कार्यकारी मेजिस्ट्रेट द्वारा जारी किया गया होना चाहिए। आरक्षित वर्गों (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग) से संबंधित अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र की अनुप्रमाणित प्रति संलग्न करनी होगी। इसके अतिरिक्त, विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा, स्टेट होम इनमेट/अनाथ जैसी विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए भी प्रावधान हैं।

# संविधान दिवस पर सामूहिक प्रस्तावना वाचन

अनंत ज्ञान, भुंतर। अविशन सेफ्टी अवेयरनेस वीक-2025 के अंतर्गत बुधवार को कुल्लू-मनाली हवाई अड्डा टीम द्वारा भुंतर नगर पंचायत का दौरा किया गया, जहां स्थानीय अधिकारियों व कर्मचारियों को विमानन संरक्षा, पक्षी एवं वन्य जीव जोखिम न्यूनीकरण तथा हवाई अड्डा श्च आसपास स्वच्छता के महत्व पर संक्षिप्त जानकारी दी गई।

इस दौरान नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए पंपलेट भी वितरित किए गए। संविधान दिवस के अवसर पर हवाई अड्डा परिसर में सभी हितधारकों एयरलाइंस, ग्राउंड हैंडलर, सीआईएसफ आदि द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना (प्रेबले) का सामूहिक वाचन किया गया, जिसका नेतृत्व हवाई अड्डा निदेशक ने किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय मूल्यों एवं सामूहिक संरक्षा संस्कृति को और सुदृढ़ करना था।

**विरोध** 4 श्रम संहिताओं को अधिसूचित करना मजदूरों के साथ शोषण

# मजदूरों व किसानों ने किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

भारत के मजदूरोंऔर किसानों ने बुधवार कोक संयुक्त रूप से अपने मुद्दों को उठाने और उनके समाधान व करने के लिए विरोध-प्रदर्शन कर किया। इसी कड़ी में कुल्लू में भी प्रदर्शन हुआ।

रैली को संबोधित करते हुए जिला सचिव सीटू ने कहा कि हमने 26 नवंबर 2024 को भी ऐसा ही प्रदर्शन आयोजित किया था। उन्होंने कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार ने हमारी मांगों पर विचार करने के बजाय और भारतीय श्रम सम्मेलन को बुलाए बिना 2-2025 को अचानक 4 श्रम संहिताओं को अधिसूचित कर दिया है। इसी प्रकार हाल ही में भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता भी भारत की खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ और आर्थिक आत्मनिर्भरता पर सीधा हमला है। यह समझौता ब्रिटिश कृषि व्यवसाय को बाज़ार में सस्ते दूध, गेहूं और मांस बेचने की अनुमति देता है जैसा कि भारत-आसियान मुक्त समझौते में हुआ, जिसके बाद केरल में रबर की कीमतें 70 फीसदी तक गिर गई थीं। यह भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र को भी ब्रिटिश कॉर्पोरेट कब्जे के लिए खोल देता है, जिससे अस्पता निजीकरण की रफ्तार बढ़ेगी। दवाओं पर एकाधिकार बढ़ेगा और दवाओं की कीमतें बढ़ेंग प्रशासन द्वारा शुरु की गई टैरिफ नीति से भी कई असंगठित क्षेत्र, मत्स्य पालन और पशुपालन गहरा असर पड़ा है। उन्होंने कहा देश के मेहनतकश लोग गहरे संकट का सामना कर रहे हैं। एनडीए-3 सरकार की नीतियां व और अति धनी को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं। जहां खेती की लागत और हर साल 12-15 फीसद से अधिक बढ़ रही है, वहां न्यूनतम समर्थन मूल्य में केवल 2 फीसद से 7 ही बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि श्रम संहिताओं को बापस लिया जाए ताकि मजदूरों का शोषण रोका जा सके। उन्होंने कहा कि यह कानून धन्नासेठों को फायदा देने और मजदूरों के शोषण के लिए है।



प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू के जिला सचिव राजेश ठाकुर।

# हरिपुर कॉलेज में मनाया संविधान दिवस

अनंत ज्ञान, मनाली। जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर में संविधान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर शेफाली ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम की शुरुआत में सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात कुल्लू महाविद्यालय में कार्यरत राजनीति शास्त्र के सहायक आचार्य दीप लाल ठाकुर के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रख कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉक्टर दुनी चंद राणा के द्वारा संविधान दिवस के महत्व के बारे में विचार प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान भूपेंद्र, निकिता तथा सारांश की टीम ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान पार्थ व्यास, साहिल व आदित्य सोनी की टीम ने प्राप्त किया। तीसरा स्थान प्रिया, निशांत और मनोहर की टीम ने हासिल किया। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान निकिता ने प्राप्त किया दूसरा स्थान भारतीय शर्मा तथा तृतीय स्थान बलवीर सिंह ने प्राप्त किया।

# प्रदेश का युवा बेरोजगार, मित्रों को कुर्सियों का अंबार : अखिलेश कपूर

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

प्रदेश की आर्थिक हालत बिगड़ने के बावजूद कांग्रेस सरकार द्वारा बोर्डों और निगमों में लगातार की जा रही अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की नियुक्तियों पर भाजपा ने गंभीर सवाल उठाए हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने कहा कि हिमाचल में बेरोजगारी चरम पर पहुंच चुकी है, लेकिन सरकार अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़कर केवल अपने 'मित्रों' को कुर्सियां बांटने में व्यस्त है।

उन्होंने बताया कि (एनएसओ) की पीरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे रिपोर्ट के अनुसार जहां देश की कुल बेरोजगारी 3.2 फीसदी है। वहीं, हिमाचल की बेरोजगारी 5.4 फीसदी तक पहुंच चुकी है। युवा बेरोजगारी राष्ट्रीय औसत 14.6 फीसदी के मुकाबले 29.6 फीसदी यानी दोगुने से भी अधिक है। ग्रामीण युवा बेरोजगारी 2.4 फीसदी की तुलना में 29.1 फीसदी यानी लगभग 12 गुना और शहरी युवा बेरोजगारी 5.4 फीसदी के मुकाबले 31.3 फीसदी यानी 6 गुना अधिक दर्ज की गई है, ऐसे में जब प्रदेश का युवा नौकरी की तलाश में दर-दर भटककर निराश हो रहा है, तब सरकार ने वर्षों से लंबित भर्तियों को शुरू करने के बजाय बोर्डों, निगमों व प्राधिकरणों में अपने खास लोगों के लिए कुर्सियों का अंबार लगा दिया है। कपूर ने कहा कि शिक्षा विभाग में 18,000 से अधिक पद खाली हैं, स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टर, नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी है। पीडब्ल्यूडी व आईपीएच में जेई, ऑपरेटर, तकनीकी स्टाफ और फॉरेस्ट गार्ड के हजारों पद वर्षों से रिक्त हैं, पुलिस विभाग की भर्तियां अटकी पड़ी हैं। परिवहन निगम में चालक-परिचालक व तकनीकी स्टाफ की कमी से सेवाएं प्रभावित हुईं हैं। बिजली बोर्ड में लाइनमैन व तकनीकी पद खाली पड़े हैं, जबकि चयन आयोग, विश्वविद्यालयों, बोर्डों और निगमों में भर्ती फाइलें सालों से धूल फांक रही हैं, जो प्रदेश के युवाओं व जनता दोनों के साथ अन्याय है। कपूर ने कहा कि जब पूरे देश में बेरोजगारी घट रही है, तब हिमाचल में बेरोजगारी का कई गुना बढ़ जाना कांग्रेस सरकार की नाकामी का स्पष्ट प्रमाण है।



## न्यूज ब्रीफ

### हमजा के फरार साथी विक्की को किया काबू

**अनंत ज्ञान, पांवटा/नाहन।** गैंगस्टर हमजा द्वारा देवीनगर में सौरभ कुमार पर कट्टा से फायर करने व जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस पहले ही कार्रवाई कर रही थी। मामले की गहन जांच के दौरान पुलिस को उसके साथी विकास उर्फ विक्की (निवासी अमरकोट, पांवटा साहिब) के शामिल होने के सबूत मिले, जो घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने सटीक तकनीकी जांच की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी हमजा की निशानदेही पर पुलिस टीम ने विकास उर्फ विक्की के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान पुलिस ने एक देसी पिस्टल, दो मैगजीन, दो जिंदा राउंड बरामद किए। पुलिस ने बताया कि हथियारों की फोरेंसिक जांच करवाई जाएगी, ताकि यह पता चले कि इनका उपयोग किन घटनाओं में किया गया हो सकता है। पुलिस की साइबर टीम ने गिरफ्तारी में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका जिला पुलिस अधीक्षक सिरमौर के दिशा-निर्देशों पर जिला साइबर सैल की टीम ने तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी का लोकेशन ट्रेस किया। इसके बाद उसे दबोचने में सफलता मिली। मुख्य आरोपी हमजा पहले से ही 26 नवंबर तक पुलिस रिमांड पर है, अब पुलिस जल्द ही विकास उर्फ विक्की को भी अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त करेगी, ताकि हथियारों की सप्लाई, हमले की साजिश और नेटवर्क की कड़ियों की जांच की जा सके।

### परवाणू में तृतीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग के प्रदर्शन को बढ़ावा देना और तीव्रता लाना (आर.ए.एम.पी.) प्रयास के तहत आज सोलन जिले के परवाणू में प्रदेश उद्योग विभाग द्वारा तृतीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एकल खिड़की स्वीकृति एजेंसी की सदस्य सचिव राकेश बाला ने की। राकेश बाला ने कहा कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों को योजना, कार्य तथा निर्णय प्रणाली में आधुनिक तकनीक को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक न केवल उत्पादकता बढ़ाने में सहायक है अपितु उत्पादन क्षमता में वृद्धि कर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग के लाभ एवं प्रतिस्पर्धा में भी वृद्धि करती हैं। सदस्य सचिव ने कहा कि आरएएमपी कार्यक्रम के तहत बेहतर उत्पादन व उद्योग 4.0 तकनीक को अपनाया जाना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि भविष्य के अनुरूप तैयार कर रही कोई भी उद्योग लाभदायक बना रह सकता है। इस दिशा में सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से लक्ष्य प्राप्त करना भी जरूरी है। उन्होंने सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों के कल्याण के लिए कार्यान्वित की जा रही योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में आरएएमपी प्रयासों के उद्देश्य, तकनीक अपनाना, क्षमता उन्नयन और डिजिटल रूप से बेहतर तैयारी विषय पर जानकारी दी गई। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के विशेषज्ञों ने इस अवसर पर कृत्रिम मेधा (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), मशीन लर्निंग (एमएल), स्मार्ट उत्पादन, क्लाउड कंप्यूटिंग, एंटरप्राईज रिर्सोस प्लानिंग (ईआरपी), उपभोक्ता संबंध प्रबंधन सहित अन्य संबद्ध विषयों पर प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### सेंट मेरी स्कूल कसौली में कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा

**अश्वनी शर्मा, अनंत ज्ञान, कसौली।** सेंट मेरी स्कूल कसौली में रेनबूकाई कराटे-डू दरुमा जुकू इंडिया के बैनर तले सालाना कराटे बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया गया। इस ग्रेडिंग में कुल 75 बच्चों ने हिस्सा लिया और अपनी-अपनी श्रेणी में शानदार प्रदर्शन किया। ग्रेडिंग का नेतृत्व रेनबूकाई कराटे इंडिया के चीफ सेंसई सुबोध धीमान ने किया, जबकि संजीव कराटे यूनिट के सेंसई संजीव ठाकुर भी मौजूद रहे। कोच अनिल सकलानी व राजेश कालिया ने बताया कि परीक्षा के लिए बच्चों में जबरदस्त उत्साह रहा। ग्रेडिंग में 33 बच्चों ने येलो बेल्ट, 32 ने ऑरेंज बेल्ट, 6 ने ब्लू बेल्ट, 4 ने ग्रीन बेल्ट, जबकि 2 बच्चों ने पर्पल बेल्ट प्राप्त की। दो घंटे चली इस परीक्षा में बच्चों ने बेसिक, काता और कुमिते में अपनी तकनीक, फुर्ती और संतुलन का बेहतरीन प्रदर्शन दिया। बच्चों को संबोधित करते हुए सेंसई सुबोध धीमान ने कहा कि फिट रहना जीवन में सफलता की पहली शर्त है। उन्होंने बच्चों को सलाह दी कि प्रशिक्षण हमेशा समर्पण, विनम्रता व दृढ़ता के साथ करें। चुनौतियों को रुकावट नहीं, बल्कि विकास के अवसर समझें। ध्यान व सांस पर फोकस करें इससे मन शांत होता है और एकाग्रता बढ़ती है। लचीलेपन, शक्ति व स्टैमिना बढ़ाने वाले अभ्यासों को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। सुबोध ने कहा कि यही अनुशासन उन्हें न केवल कराटे में, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में मजबूत बनाएगा। करीब दो घंटे चली इस ग्रेडिंग में बच्चों ने खूब पसीना बहाया व अपनी मेहनत से सभी को प्रभावित किया। सेंसई संजीव ने कहा कि सही मार्गदर्शन व निरंतर अभ्यास से ये नन्हें खिलाड़ी भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में स्कूल की वाइस प्रिंसिपल सिस्टर मेरली थॉमस, डीपी अमरदीप, और शिक्षिका लता ठाकुर भी उपस्थित रहीं।

### सहकारी क्षेत्र को मजबूत बनाने का सुरेंद्र ने लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** सोलन जिला उपभोक्ता संघ एवं सहकारी विपणन महासंघ सपरून सोलन के निदेशक मंडल के लिए हुए चुनाव में कुनिहार जोन से सुरेंद्र ठाकुर को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी परिणाम के अनुसार ग्राम पंचायत घणागुघाट के सुरेंद्र ठाकुर जिनका नाम मतदाता सूची संख्या 13 पर दर्ज है, उनको बिना किसी प्रतिद्वंद्वी के विजयी घोषित किया गया। उन्होंने इस जीत पर क्षेत्र वासियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि अर्की क्षेत्र के विधायक संजय अवस्थी के सहयोग व प्रेरक मार्गदर्शन के कारण यह सब संभव हुआ है। उन्होंने क्षेत्र वासियों को विश्वास दिलवाया कि वह उन्हें दी गई जिम्मेवारी को पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ बखूबी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वह सहकारी क्षेत्र की मजबूती और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए कार्य करेंगे।

### सीसे स्कूल डगशाई ने मनाया संविधान दिवस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के सीनियर सेकेंडरी स्कूल डगशाई में बुधवार को संविधान दिवस मनाया गया। इसमें विद्यालय के सभी स्टूडेंट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल कीर्ति शर्मा ने की। स्कूल के छात्र गुरमीत ने सभी को संविधान की शपथ दिलाई। स्कूल छात्र मन्नत और तान्यिा ने अपने संबोधन के माध्यम से भारत के संविधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर अध्यापिका बिमला ने भी अपने विचार रखे। संविधान दिवस पर स्कूल के बैनर तले संविधान की प्रस्तावना को सुनिश्चित किया। डगशाई सीसे स्कूल की राजनीति शास्त्र प्रवक्ता अंजना ठाकुर ने बताया कि इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग, स्लोगन व चित्रकला के माध्यम से बच्चों ने संविधान के महत्व को दर्शाया। अंत में स्कूल प्रिंसिपल कीर्ति शर्मा ने संविधान दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### प्रश्नोत्तरी में दीपक तथा आस्था रहे अव्वल

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में बुधवार को राजनीतिक विज्ञान विभाग के सौजन्य से संविधान दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दीपक तथा आस्था की टीम ने प्रथम स्थान, राजेश्वर व मुस्कान की टीम ने द्वितीय स्थान तथा अभिनव आर्य व रोहन की टीम तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में त्रिशला ने प्रथम स्थान, ईशा ने द्वितीय स्थान तथा संचिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं में प्रो. रमेश चौहान तथा प्रो .पूनम शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्राचार्य राजगढ़ डॉ. राजेंद्र वर्मा ने संविधान में निहित उच्च आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

## शूलिनी विश्वविद्यालय ने एनसीसी का स्थापना दिवस गर्व के साथ मनाया



एनसीसी स्थापना दिवस पर कैडेट्स और अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय ने 23 नवंबर को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का 78वां स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 1 एचपी बटालियन एनसीसी सोलन के कार्यवाहक एसएम सूबेदार राजीव कुमार और हवलदार मोहम्मद तनवीर मलिक थे। इसके अलावा डॉ. नीरज गंडोत्रा, एसोसिएट डीन छात्र कल्याण, वीरेंद्र सिंह, सहायक निदेशक संचालन, और शूलिनी विश्वविद्यालय से एनओ लेफ्टिनेंट ज्योति कश्यप भी शामिल हुए। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेटों द्वारा उनके अनुशासन, रचनात्मकता और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए कई प्रदर्शन और प्रस्तुतियां दी गईं। कैडेट लीडर एसयूओ आदित्य सिंह और यूओ अब्दुल लतीफ ने एनसीसी में अपने सफर के बारे में प्रेरक भाषण दिए और अपने अनुभवों से मूल्यवान सीख लेकर जूनियर कैडेटों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण सूबेदार राजीव कुमार का संबोधन था, जिन्होंने श्रोताओं को इस संदेश से प्रेरित किया, की 'मंजिल उन्हें मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है।'

### बघाट बैंक में कैपिंग से नहीं निकाल पा रहे जमा पूंजी, डिफाल्टरों को दोबारा जारी होंगे समन

# ऋण वितरण की अनियमितताओं के खुलासे से ग्राहकों की चिंता बढ़ी

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** एआरसीएस की जांच से बघाट बैंक में लोन वितरण व वित्तीय अनियमितताओं के खुलासे लगातार बढ़ रहे हैं। चौकाने वाली बात है कि तत्कालीन बैंक प्रबंधकों ने बैंक के ग्राहकों की जमा पूंजी की परवाह किए बगैर डिफाल्टरों को लोन चुकाने के लिए भी ऋण दे दिए। इसके बावजूद डिफाल्टरों ने लोन नहीं चुकाया, जिससे अब यह देनदारी करोड़ों में पहुंच चुकी है। जांच में यह भी पता चला कि नया लोन भी उसी संपत्ति पर दे दिया, जिस संपत्ति पर पहले ही लोन लिया हुआ था।

करीब 10 डिफाल्टर ऐसे हैं, जिन्हें बैंक ने लोन चुकाने के लिए भी लोन दिए। इसमें डिफाल्टर को जो लोन पहले दिया था। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की लापरवाही के चलते करीब 77 हजार ग्राहक परेशान हो रहे हैं। बैंक की सोलन, शिमला और ऊना समेत कई जगह शाखाएं हैं। बैंक में कैपिंग लगी हुई है। छह माह तक ग्राहकों को सिर्फ 10 हजार रुपए निकालने की अनुमति है, ऐसे में अब अगर डिफाल्टरों से लोन की रकम वापस नहीं होती है तो मुश्किलें बढ़ेंगी। वहीं, बघाट बैंक का एक ऋण डिफाल्टर बागवानों को चूना लगाकर फरार हो गया है। सोलन सेब मंडी के इस आढ़ती ने बागवानों को सेब के पैसे का भुगतान नहीं किया है। जिला शिमला के चौपाल क्षेत्र के बागवान उनकी शिकायत लेकर मार्केट कमेटी सोलन में पहुंच रहे हैं। करीब 15 लाख रुपए की देनदारी इस आढ़ती पर है। मार्केट कमेटी ने उक्त आढ़ती को नोटिस जारी किया है। यदि बागवानों की पेमेंट का भुगतान नहीं किया तो उनके खिलाफ कोर्ट में केस फाइल किया जाएगा।




फाइल फोटो।

> **विभागीय** जांच में बैंक ने लोन चुकाने के लिए भी डिफाल्टरों को ऋण दिए हैं पर डिफाल्टरों ने लोन नहीं चुकाया। जांच में ऐसी खामियां सामने आई हैं। इसकी गहनता से पड़ताल की जा रही है ।
>
> **गिरीश नड्डा, सहायक, पंजीयक सहकारी सभाएं सोलन।**

### अब बढ़ने वाली हैं डिफॉल्टरों की मुश्किलें

**बैंक** लोन मामले में अब डिफॉल्टरों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। एआरसीएस एक बार फिर बैंक डिफॉल्टरों पर तेज कार्रवाई करने जा रहा है। इसके लिए 16 से 18 दिसंबर तक लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी डिफॉल्टरों को बुलाकर पूछताछ की जाएगी। लोक अदालत में जो डिफॉल्टर नहीं पहुंचेंगे उनके खिलाफ अरेस्ट वारंट भी जारी किया जाएगा। पैसे न लौटने वाले डिफॉल्टर जेल भी जाएंगे। इससे पहले भी एआरसीएस ने तीन दिन तक लोक अदालत का आयोजन किया था, जिसमें 30 लाख रुपये रिकवर किए गए थे, जबकि इससे एनपीए में लगभग 2 करोड़ के आसपास कमी आई थी। फिलहाल 138 करोड़ रुपए का एनपीए अब 129 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जिससे खाताधारकों में कुछ राहत तो जरूर है।

## विश्व विजेता कबड्डी खिलाड़ी साक्षी का हिमाचल पहुंचने पर हुआ स्वागत



बद्दी पहुंचने पर कबड्डी स्टार साक्षी व कोच संजीव का स्वागत करते खेल प्रेमी।

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**बद्दी।** बांगला देश के ढ़ाका में कबडडी का वर्ल्ड कप जीतने के बाद महिला कबडडी टीम की अहम सदस्य रही हिमाचल की बेटी साक्षी शर्मा का बददी नालागढ़ पहुंचने पर जगह जगह स्वागत हुआ। सर्वप्रथम हिमाचल व हरियाणा के बार्डर पर बददी में लाज मोटर्स में पहुंचने पर साक्षी शर्मा का स्थानीय व्यवसाई रमन कौशल ने लोगों के साथ कबडडी स्टार साक्षी शर्मा व उनके कोच संजीव ठाकुर का स्वागत किया।

रमन कौशल ने कहा कि साक्षी ने वर्ल्ड कप जिताकर हिमाचल का ही नहीं बल्कि पूरे भारत का नाम रोशन किया है। उन्होने साक्षी को इस बडी जीत पर बधाई दी और 11 हजार का शगुन देकर सम्मानित किया। बाद में बददी की अन्य एक दर्जन सामाजिक संस्थओं के प्रतिनिधियों ने साक्षी शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया और आम जन तथा महिलाओं ने उनको फूलमालाओं से लाद दिया। साक्षी ने कहा कि उनकी जीत में उनके गुरु व कोच संजीव ठाकुर का अतुलनीय योगदान है। इसके अलावा खेलो इंडिया सैंटर राजपुरा व गुरुनानक पब्लिक स्कूल जगातखाना के स्टेडियम से भी उन्होने अपनी प्रतिभा निखारी तथा वह इस मुकाम पर पहुंची। इसके बाद साक्षी का कोच संजीव ठाकुर का दून विधानसभा के किशनपुरा में पहुंचने पर ट्रांसपोर्ट यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष मनोज राणा व उनकी टीम ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर नोबल चैरिटी वैल्फेयर सोसाईटी के अध्यक्ष गुरमेल चौधरी, रोड सेफटी कलब के प्रधान सुरेंद्र अत्री, भाजपा नेत्री उर्मिला चौधरी, लाज मोटर्स के निदेशक रमन कौशल, हेमंत कौशल, कृष्ण कुमार कौशल, हरनेक ठाकुर, कुलवीर जमवाल उपस्थित रहे।

## चार कैदियों को आजीवन कारावास से मिली रिहाई

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

> **डीसी की रिपोर्ट मिलती ही 2 कैदियों को किया जाएगा रिहा**

**नाहन।** सिरमौर स्थित प्रदेश की आदर्श केंद्रीय कारागार नाहन से आजीवन कारावास भुगत रहे 4 कैदियों को जेल से रिहा कर दिया गया है। जेल विभाग से मिली आधिकारिक पुष्टि से पता चला है कि सरकार की प्री मैच्योर रिलीज में 6 आजीवन कारावासियों की अनुशंसा जेल विभाग से स्टेट सेंटेंस रिव्यू बोर्ड को भेजी गई थी।

जानकारी के अनुसार अनुशंसा सजा के 14 वर्ष पूरे किए जाने के बाद ही भेजी जाती है। यह अनुशंसा उन्हीं कैदियों की भेजी जाती है, जिनका जेल में बिताया गया समय साफ-सुथरे आचरण वाला रहा हो। जिला सिरमौर स्थित प्रदेश की आदर्श केंद्रीय कारागार नाहन से आजीवन कारावास भुगत रहे, ऐसे 6 कैदियों की रिहाई की संस्तुति सरकार को भेजी गई थी, जिनका गुड कंडक्ट के साथ सजा के चौदह वर्ष जेल में पूरे हो चुके थे। इन 6 कैदियों में से चार कैदियों की तमाम औपचारिकताओं के पूर्ण होने के बाद उन्हें कारागार से मुक्त कर दिया गया है, जबकि छत्तीसगढ़ और अमृतसर के दो कैदियों कि उनके क्षेत्र के कंसर्न डीसी से श्योरिटी बांड की रिपोर्ट अभी तक जेल विभाग के पास नहीं पहुंची है, अब जैसे ही कंसर्न डीसी की रिपोर्ट आती है, उसके बाद बाकी दो कैदियों की भी रिहाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन चार आजीवन कारावास भुगत रहे कैदियों की रिहाई के आदेश आए हैं, उनमें से एक सिरमौर, बिहार, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला का है। जेल विभाग के द्वारा छह और ऐसे कैदियों की रिहाई की संस्तुति प्रीमैच्योर रिलीज के लिए तैयार की गई है, जो अपनी सजा के चौदह वर्ष लगभग पूरे कर चुके हैं। आजीवन कारावास में प्री मैच्योर रिलीज के लिए बेहतर आचरण वाले कैदियों की स्टेट सेंटेंस रिव्यू बोर्ड के लिए जेल विभाग के द्वारा रिपोर्ट तैयार कर एडीजी जेल को भेजी जाती है। एडीजी जेल इस रिपोर्ट को सेक्रेटरी होम की अध्यक्षता में बनाई गई स्टेट सेंटेंस रिव्यू बोर्ड के लिए भेजते हैं। इस बोर्ड में मंजूरी के बाद रिपोर्ट को कैबिनेट में भेजा जाता है। सरकार द्वारा कैबिनेट में रखे गए प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद आजीवन कारावास वाले कैदियों की रिहाई के आदेश जारी किए जाते हैं, मगर अब कैबिनेट में लिए गए निर्णय के बाद भी एक नया आदेश भी जारी किया गया है। इस नई कंडीशन में कैदी के द्वारा दस हजार का श्योरिटी बांड कंसर्न डीसी के पास जमा कराना होता है। खबर की पुष्टि करते हुए सुपरिटेंडेंट सेंट्रल जेल नाहन, भानु प्रकाश वर्मा ने बताया कि हत्या के आरोप में आजीवन सजा काट रहे चार कैदियों को तमाम औपचारिकताओं के बाद रिहा कर दिया गया है। दो ऐसे और आजीवन कारावासी हैं, जिनकी संबंधित क्षेत्र के डीसी की रिपोर्ट अभी उन्हें नहीं मिली है, जैसे ही डीसी की रिपोर्ट उन्हें मिलती है अन्य दो कैदियों को भी रिहा कर दिया जाएगा, जिनकी रिहाई कैबिनेट में मंजूर हुई है।

## मेलाराम शर्मा जिला भाजपा के प्रवक्ता किए गए नियुक्त

**अनंत ज्ञान, राजगढ़/ नाहन**

हिमाचल प्रदेश भाजपा ने वरिष्ठ भाजपा नेता मेलाराम शर्मा को दूसरी बार सिरमौर जिला भाजपा का प्रवक्ता नियुक्त किया है।



सिरमौर जिला भाजपा अध्यक्ष धीरज गुप्ता ने गत दिवस शर्मा को फिर से जिला प्रवक्ता नियुक्त करने का पत्र जारी किया। मेलाराम शर्मा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से उप-निदेशक पद से सेवानिवृत्त हुए हैं और उनका मीडिया प्रबंधन में बहुत लंबा अनुभव होने के कारण उन्हें दूसरी बार जिला भाजपा प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। सूचना जनसंपर्क विभाग में 38 वर्षों के सेवा काल के दौरान मेला राम शर्मा हिमाचल प्रदेश राजभवन में राज्यपाल के प्रेस सचिव भी रह चुके हैं और विभाग में प्रिंट इलेक्ट्रानिक और फोक मीडिया के प्रभारी के तौर पर लंबे अंतराल तक कार्य कर चुके हैं। सेवानिवृत्ति के पश्चात मेला राम शर्मा सिरमौर जिले के सगड़ा पंचायत समिति के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। मेलाराम शर्मा फिल्म निर्माता व ख्याति प्राप्त फोटोग्राफर भी हैं, उनकी दो फिल्मों बुद्धि दिवाली व इन द ट्विलाइट जॉन को राष्ट्र की सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री फिल्मों के पुरस्कार मिल चुके हैं। मेलाराम शर्मा ने पुनः सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता की नियुक्ति के लिए प्रदेश भाजपा नेतृत्व विशेष कर राज्य भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, सिरमौर जिला भाजपा अध्यक्ष धीरज गुप्ता और जिला भाजपा महासचिव रणबीर ठाकुर सहित भाजपा के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

## संविधान निर्माताओं को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सीनियर सेकंडरी स्कूल भोज-आंजी में बुधवार को संविधान दिवस गरिमापूर्ण रूप से मनाया गया। मतदाता जागरूकता क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों व स्कूल परिवार ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यकारी प्रिंसिपल कल्पना परमार ने अध्यक्षता की। राजनीति शास्त्र प्रवक्ता योगेंद्र गुप्ता ने डॉ. भीमराव अंबेडकर व संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम की शुरुआत की। सभी ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया तथा न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता के मूल्यों के पालन का संकल्प लिया। शिक्षकों ने संविधान की महत्ता, नागरिक कर्तव्यों, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और मतदान के महत्व पर जानकारी दी। प्रश्नोत्तरी, भाषण व पोस्टर गतिविधियों से छात्रों में जागरूकता बढ़ी। अंत में प्रिंसिपल ने संविधान की रक्षा को सभी का कर्तव्य बताया।

## नए श्रम कानून के खिलाफ सीटू हिमाचल किसान सभा का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सोलन**



सीटू व हिमाचल किसान सभा ने एक संयुक्त मजदूर-किसान प्रदर्शन आयोजन कर श्रमिकों व किसानों की मूलभूत आर्थिक-सामाजिक अधिकारों पर हो रहे हमलों के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान नए लेबर कानून की प्रति भी जलाई गई।

इस दौरान डीसी सोलन को ज्ञापन भी सौंपा गया। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा 21 नवंबर, 2025 को बिना परामर्श, बिना भारतीय श्रम सम्मेलन बुलाए, चारों लेबर कोड्स को अचानक अधिसूचित करने का विरोध दर्ज किया गया। इसके तहत जो न्यूनतम वेतन, सुरक्षित रोजगार, कार्य समय, यूनियन बनाने का अधिकार व सामाजिक सुरक्षा जैसे बुनियादी अधिकारों को कमजोर करते हैं। साथ ही मजदूर-किसान संगठनों द्वारा भारत की राष्ट्रपति के नाम भेजे जा रहे विस्तृत प्रतिवेदन में एमएसपी की कानूनी गारंटी, ओपीएस बहाली, निजीकरण पर रोक, पूर्ण ऋण माफी, सामाजिक सुरक्षा, खाद्य-सुरक्षा व श्रम अधिकारों की बहाली की प्रमुख मांगें उठाई जा रही हैं। पदाधिकारियों ने चारों लेबर कोड्स को रद्द करने, श्रमिकों के लिए 26,000 राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन व सामाजिक सुरक्षा, निजीकरण पर रोक की मांग को बुलंद किया।

## कांग्रेस जिला स्तर पर चलाएगी संगठन सृजन अभियान: बघेल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कांग्रेस कमेटी के सचिव जितेंद्र बघेल ने कहा कि पार्टी की तरह से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता राहुल गांधी व महासचिव वेणुगोपाल के मार्गदर्शन देश भर में संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अभी तक 15 राज्यों में सृजन अभियान पूरा हो चुका है, अब यह अभियान हिमाचल में चलाया जा रहा है। इसके लिए जिला स्तर पर पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य जिले में ऐसे अध्यक्ष का चुनाव करना है। इसका सामाजिक सरोकार, सामाजिक सरंचना में पकड़, समरसता और जो समाज के हर वर्ग से संबंध रखता हो। इसके लिए जिले के सभी विधानसभा व ब्लॉकों का दौरा किया जाएगा। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेकर जिला व ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति होगी।

## नई चेतना 4 .0 अभियान 23 दिसंबर तक

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन ने कहा कि नई चेतना 4.0 राष्ट्रीय लैगिंग अभियान सोलन जिले में 23 दिसंबर तक चलाया जाएगा। राहुल जैन नई चेतना 4.0 राष्ट्रीय लैगिंक अभियान की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षत कर रहे थे।

राहुल जैन ने कहा कि इस अभियान का इस वर्ष का विषय 'महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं: समावेशी विकास के लिए आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक विकसित ग्रामीण भारत' है। उन्होंने कहा कि नई चेतना 4.0 अभियान लिंग आधारित हिंसा से निपटने व लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आरंभ किया गया है। यह एक राष्ट्रीय अभियान है, जो ग्रामीण विकास मंत्रालय के दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना और लिंग आधारित हिंसा को रोकना है। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान में महिलाओं की सुरक्षा के लिए सोलन जिले में संचालित किए गए टोल फ्री नंबरों की जानकारी देना भी सुनिश्चित करें। इस अभियान के तहत प्रथम सप्ताह में महिलाओं की आर्थिक योगदानकर्ता के रूप में भूमिका विषय रखा गया है। दूसरे सप्ताह में महिला के भूमि संपत्ति व कानूनी अधिकारों के विषय पर जागरूक किया जाएगा।



महिला हिंसा उन्मूलन दिवस तथा तंबाकू सेवन के खिलाफ शपथ दिलाते राहुल जैन।

तीसरे सप्ताह में महिलाओं व लड़कियों की सुरक्षा व गतिशीलता को बढ़ाने विषय पर जागरूक किया जाएगा तथा चौथे सप्ताह में महिलाओं के बिना भुगतान वाले देखभाल कार्य की मान्यता बढ़ाना विषय पर जानकारी दी जाएगी।

## चार श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन का भारतीय मजदूर संघ ने किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

भारतीय मजदूर संघ हिमाचल प्रदेश ने चार श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन का स्वागत करते हुए दो श्रम संहिताओं में कुछ जरूरी संशोधन किए जाने की मांग की।

भारतीय मजदूर संघ, हिमाचल प्रदेश ने चार श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन पर खुशी जताते हुए केंद्र सरकार का आभार जताया है। संघ के प्रदेश उपमहामंत्री देवीदत्त तनवर ने बताया कि संगठन केंद्र सरकार द्वारा चारों लेबर कोड पर ऐतिहासिक निर्णय लिए जाने की हार्दिक सराहना करता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुखलाल मांडविया को धन्यवाद देता है। साथ ही श्रमिकों के हित को देखते हुए श्रम संहिता संबंधी मुद्दों को केंद्र सरकार के समक्ष उठाने के लिए बीएमएस के केंद्रीय पदाधिकारियों का भी आभार है। सरकार ने देश के कार्यबल के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के उद्देश्य से लंबे समय से प्रतीक्षित चार श्रम संहिताओं को लागू किया है। इसे लेकर संगठन के अखिल भारतीय पदाधिकारियों का




बद्दी में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश पदाधिकारी।

प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री से मिला। पदाधिकारियों ने चार लेबर कोड में से दो कोड, कोड ऑन वेजेस 2019 और कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी 2020 का समर्थन किया। बी.एम.एस. ने इन दो कोडों को ऐतिहासिक व क्रांतिकारी बताया है, जो सभी वर्कर्स को लाभ पहुंचाएंगे। हालांकि, संगठन ने अन्य दो कोड, इंडस्ट्रियल रिलेशन्स कोड 2020 और ऑक्यूपेशनल सेफ्टी हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन कोड 2020 में कुछ चिंताओं सहित कई श्रम-संबंधी मुद्दों पर विस्तृत माँगपत्र प्रस्तुत किया और आवश्यक संशोधन किये जाने की माँग की। केंद्रीय मंत्री ने बी.एम.एस.को आश्वासन दिया कि सभी जायज़ चिंताओं का समाधान किया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ, तो संसद में संशोधन प्रस्तुत करने सहित आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद नयूनतम वेतन का सार्वभौमिक साकार हुआ,वेतन संहिता में देश के अंतिम श्रमिक की नयुनतम वेतन का कानुनी अधिकार प्राप्त कर चुका है।

गिग वर्कर और प्लेट फार्मर वर्कर को भी सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिलेगा। असंगठित क्षेत्र अंतर राज्य प्रवासी, घरेलू कामगार, घर आधारित तथा निश्चित अवधि श्रमिकों के लिए भी सामाजिक सुरक्षा। ठेका श्रमिकों के अंशदान में ठेकेदार की ओर से चूक पर भी मुख्य नियोक्ता उत्तरदायी होगा।

## श्रम संहिताओं को वापस लेने की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अखिल भारतीय आह्वान पर भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीटू) से सम्बद्ध अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट वर्कर्स यूनियन बागा ने बागा प्लांट में केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चार श्रम संहिताओं को वापस लेने की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान यूनियन नेताओं ने कहा कि नई श्रम संहिताएं मजदूर-विरोधी हैं और इनका उद्देश्य देश के श्रमिक वर्ग को बंधुआ मजदूरी और शोषण की ओर धकेलना है। यूनियन नेता बलबीर चौहान ने आरोप लगाया कि श्रम संहिताओं के माध्यम से फिक्स्ड टर्म रोजगार और ठेका प्रथा को वैधता दी गई है। वहीं, मालिकों द्वारा श्रम कानूनों के उल्लंघन को गैर-आपराधिक बना दिया गया है, जबकि मजदूरों की सामूहिक गतिविधियों पर कड़ी पाबंदियाँ लगा दी गई हैं। उन्होंने कहा कि यूनियन पंजीकरण की शर्तें कड़ी कर मजदूर संगठनों को कमजोर करने की कोशिश की गई है तथा न्यूनतम वेतन से नीचे फ्लोर वेतन लागू करने का प्रावधान मजदूरों के लिए बेहद नुकसानदायक है।

## प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत निशुल्क एलपीजी कनेक्शन किए जाएंगे जारी : डीसी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने जानकारी दी कि सिरमौर जिले में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन से वंचित गरीब परिवारों की पात्र व्यस्क महिला सदस्यों को निशुल्क एलपीजी कनेक्शन प्रदान किया जाएगा।

जिले की गरीब परिवारों की व्यस्क महिला सदस्य इस योजना के अंतर्गत वंचना घोषणा पत्र प्रस्तुत कर आवेदन कर सकती हैं। पात्र लाभार्थियों को 2,050 मूल्य का निशुल्क एलपीजी कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत अब गृह निरीक्षण अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि सही पात्र लाभार्थियों को वास्तविक रूप से गैस कनेक्शन उपलब्ध हो सके। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत वही परिवार पात्र होंगे, जिनके परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर पहले से एलपीजी कनेक्शन दर्ज न हो। परिवार की संरचना की पुष्टि राशन कार्ड इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर की जाएगी, ऐसे परिवार जिनके परिवार का कोई सदस्य 10 हजार रुपए प्रति माह से अधिक आय वाला हो, परिवार द्वारा प्रोफेशनल टैक्स या आयकर का भुगतान किया जा रहा हो, परिवार का कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, परिवार के नाम गैर कृषि उद्यम सरकारी पंजीकृत हो, जिन परिवारों का किसान क्रेडिट कार्ड 75 हजार रुपए से अधिक सीमा वाला हो या जिनके पास 2.5 एकड़ से अधिक सिंचित भूमि व सिंचाई उपकरण हो, दो फसल सीजन के लिए 5 एकड या अधिक सिंचित भूमि हो, 7.5 एकड या अधिक भूमि के साथ एक सिंचाई उपकरण हो, 30 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल का निजी मकान (सरकारी योजना से अलग) हो, मोटर चालित 3/4 पहिया वाहन या माछली पकड़ने वाली नाव हो, यांत्रिक कृषि उपकरण (3/4 पहिया) स्वामित्व में हो या पहले से एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध हो ऐसे किसी भी परिवार को निशुल्क एलपीजी कनेक्शन के लिए अयोग्य माना जाएगा। योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदक को आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेजों में पूर्ण रूप से भरा हुआ केवाईसी फॉर्म व पहचान प्रमाण पत्र, पते का प्रमाण पत्र, परिवार की संरचना प्रमाणित करने हेतु राशन कार्ड, आवेदन एवं सभी व्यस्क परिवार सदस्यों के आधार कार्ड, सब्सिडी प्राप्ति हेतु बैंक खाता विवरण, बंचना घोषणा पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करने होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### एनएचपीसी ने मनाया संविधान दिवस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के कार्मिकों ने कार्यपालक निदेशक श्री आदित्य गौतम के अगुवाई में संविधान दिवस के अवसर पर प्रस्तावना पाठन किया। इस कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार द्वारा 21 नवंबर 2025 को लागू की गई श्रम संहिताएं लागू करते हुए कार्य बल के लिए श्रम संहिताएं जागरूकता सत्र का शुभारंभ किया गया, जिसके अंतर्गत श्री एम एम खान, समूह वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा चारों श्रम संहिताओ यथा मजदूरी संहिता 2019, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020, औद्योगिक संबंध संहिता 2020 तथा व्यावसायिक सुरक्षा , स्वास्थ्य एवं कार्य दशाएं संहिता 2020 के विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यपालक निदेशक महोदय ने इस जागरूकता सत्र को सबके लिए लाभकारी तथा ज्ञानवर्धक बताया, उन्होंने प्रतिभागियों को इसके शत प्रतिशत अनुपालन हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए । इस सत्र में समूह महाप्रबंधक (विधि) रूबी रैना, उप महाप्रबंधक (वित्त) राजेंद्र सिंह रावत व उपमहाप्रबंधक (सिविल) वीरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारियो तथा कर्मचारियों ने भी सहभागिता की। सभी उपस्थित कार्मिकों ने इस जागरूकता सत्र को बहुत सराहा तथा इसे सबके लिए लाभप्रद बताया।

### टैनामेंट कॉलोनी के मुद्दों पर सांसद से मुलाकात

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ टैनामेंट कॉलोनी और रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल दुबे और चेयरमैन दीपक शर्मा ने राज्यसभा सांसद सरदार सतनाम संधू से मुलाकात कर कॉलोनी की समस्याएं उजागर कीं। उन्होंने बताया कि 1970-75 में झुकी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को टैनामेंट और ट्रांसिट साइट स्कीम के तहत कॉलोनियों में बसाया गया और 1979 में लीज एंड हायर स्कीम लागू हुई, लेकिन कुछ लोग वंचित रह गए। एसोसिएशन ने तीन मुख्य मांगें रखीं: सभी कॉलोनियों के मकान मालिकों के नाम पर ट्रांसफर किए जाएं, टैनामेंट बोर्ड का गठन हो और प्रशासन द्वारा तैयार प्रस्ताव खारिज किए जाएं। सांसद सतनाम संधू ने आश्वासन दिया कि टैनामेंट में रहने वालों से अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और कॉलोनियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

### सिरतार की शासी निकाय की 7वीं बैठक 27 को

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के सामजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा रोहतक में विशेष जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए स्थापित राज्य पुनर्वास , प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (सिरतार) की शासी निकाय की सातवीं बैठक कल 27 नवंबर को हरियाणा निवास चंडीगढ़ में होगी जिसकी अध्यक्षता सामजिक न्याय एवं अधिकारिता , अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा ) विभाग मंत्री कृष्ण कुमार बेदी करेंगे। सामजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में कुल 7 एजेंडे रखे जाएंगे, जिनमें सिरतार संस्थान के क्रिया कलापों पर विचार विमर्श के अलावा संस्थान के कर्मचारियों के लिए सेवा नियम लागू करने , संस्थान के दिव्यांगजनों हेतु स्मार्ट क्लास रूम्स बनाने , शैक्षणिक ब्लॉक के निर्माण आदि के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उक्त संस्थान की गवर्निंग-बॉडी में चेयरमैन सामजिक न्याय एवं अधिकारिता , अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा ) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी हैं।

### वाहन चालकों को मिलेगी सुविधा: अनिल विज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला के टांगरी बांध रोड पर गांव रामगढ़ माजरा से महेशनगर पंप हाउस तक रोड की कारपेटिंग का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी रोड को आगे घसीटपुर से जीटी रोड तक जोड़ने के लिए नई रोड बनाई जा रही है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज बुधवार को अंबाला में टांगरी बांध रोड पर पीडब्ल्यूडी द्वारा की जा रही कारपेटिंग के कार्य का मुआयना करने उपरांत बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि टांगरी बांध रोड को आगे घसीटपुर से लेकर जीटी रोड तक जोड़ा जाएगा और इसके लिए नई रोड बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि टांगरी बांध रोड पूर्व में बनने से बांध की ऊंचाई बढ़ी है जिस कारण बरसातों के दौरान नदी में रिकार्ड पानी आने के बावजूद भी शहर की ओर पानी नहीं आया और पूरे शहर का बचाव हुआ। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि रामगढ़ माजरा से जीटी रोड तक रोड पर कारपेटिंग का कार्य चल रहा है। यह कार्य पूरा होने के बाद आगे इस रोड को छह फुट और चौड़ा किया जाएगा।

# राष्ट्र को मजबूत व सशक्त करना ही संविधान की मूल भावना : सीएम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

संविधान दिवस के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बुधवार को हरियाणा विधानसभा पहुंचे और वहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर प्रदेशवासियों को संविधान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सभी के लिए गर्व का दिन है, क्योंकि भारतीय संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समान अवसर, न्याय और गरिमा के साथ आगे बढ़ने का अधिकार प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि राष्ट्र को मजबूत, सशक्त और एकजुट करना ही संविधान की मूल भावना है और इसी संकल्प के साथ हरियाणा सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, सुशासन, सामाजिक न्याय और नागरिकों की भागीदारी लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की आत्मा हैं और सरकार की नीतियां इन्हीं सिद्धांतों पर आधारित हैं। उन्होंने



कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज संविधान पूरी तरह सुरक्षित है और 'सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास—सबका प्रयास' संविधान की भावना का सच्चा प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले मजबूत लोकतांत्रिक ढांचे ने संविधान की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि देशहित और संविधान की गरिमा सबसे ऊपर है। मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से संविधान में निहित मूल कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

## बलिदान व मानवता के संदेश को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान वर्ष को समर्पित शीश मार्ग यात्रा बुधवार को चंडीगढ़ स्थित सीआरपीएफ कैंपस पहुंची, जहां पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया।

उन्होंने पवित्र पालकी साहिब को नमन किया। कैंपस आगमन पर सीआरपीएफ यूनिट ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब पर पुष्प वर्षा की और गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का अद्वितीय बलिदान संपूर्ण मानवजाति के लिए मार्गदर्शक है। जिस साहस और तपस्या के साथ उन्होंने धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा के लिए अपना शीश समर्पित किया, वह पूरे विश्व के लिए मिसाल है। उन्होंने कहा कि शीश मार्ग यात्रा हमें सांप्रदायिक सद्भाव, भाईचारे, कर्तव्य और साहस के पथ पर चलने की प्रेरणा देती है। हरियाणा सरकार ऐसे आध्यात्मिक और सामाजिक आयोजनों के साथ सदैव खड़ी है। यह यात्रा 24 नवंबर को शीश गंज गुरुद्वारा, नई दिल्ली से प्रारंभ हुई और 26 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब में पवित्र समापन के साथ श्रद्धार्पित होगी। इस यात्रा की अगुवाई बाबा मंजीत सिंह जीरकपुर वाले कर रहे हैं और यह 15वीं शीश मार्ग यात्रा है, जिसमें भारी संख्या में संगत शामिल हो रही है। यात्रा के हरियाणा आगमन पर बड़खालसा, तरावड़ी, करनाल, पानीपत, अंबाला सहित अनेक नगरों में भव्य स्वागत हुआ। जगह-जगह संगत द्वारा फूल वर्षा, कीर्तन, अरदास और लंगर सेवा के साथ आध्यात्मिक वातावरण चरम पर दिखाई दिया। यात्रा के चंडीगढ़ आगमन के दौरान संगत ने पवित्र शब्द, कीर्तन और अरदास के साथ वातावरण को गुरु प्रेम, बलिदान और आध्यात्मिक शांति से भर दिया।

# नेशनल बास्केटबॉल प्लेयर के सीने पर प्रैक्टिस के दौरान गिरा पोल, मौत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

गांव लाखनमाजर में ग्राउंड में प्रेक्टिस करते वक्त पोल टूटकर गिरने से नेशनल बास्केटबॉल खिलाड़ी 17 वर्षीय हार्दिक राठी की मौत हो गई। हार्दिक राठी तीन सब जूनियर नेशनल व एक यूथ की नेशनल में खेल चुका था। बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की इंदौर एकेडमी में चयनित हो चुका था।

अभ्यास के लिए एकेडमी की ओर से फोन करके बुलाया जाता था। ऐसे में अब हार्दिक गांव में ही अभ्यास करता था। मंगलवार को सुबह करीब साढ़े दस बजे हार्दिक एकेडमी में अभ्यास कर रहा था। उस वक्त टीम के अन्य सदस्य साइड में आराम कर रहे थे। उसी दौरान जंप करते वक्त बास्केटबॉल की पोल हार्दिक पर गिर गया। पास में ही मौजूद में बैठे खिलाड़ियों ने चंद सेकेंड में हार्दिक को पोल के नीचे निकालकर उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है मामले के बारे में पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद थाना लाखन माजरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्वजन के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के हवाले कर दिया है। पुलिस के अनुसार, गांव लाखनमाजरा निवासी संदीप के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा 16 वर्षीय हार्दिक बास्केटबाल का नेशनल खिलाड़ी था। हार्दिक की मौत का पूरा घटनाक्रम ग्राउंड में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार हार्दिक ग्राउंड पर प्रैक्टिस कर रहा है। ऊपर कुदते समय एक दम से पोल हार्दिक के ऊपर गिर गया। उसी वक्त पास में बैठे खिलाड़ियों ने पोल को उठाया। अस्पताल लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद गांव व खेल जगत के लोगों में मातम छाया हुआ है। चार साल पहले तत्कालीन राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा ने एमपी लैड फंड से लाखनमाजरा पंचायत को 11 लाख रुपए दिए थे। फिर भी पंचायती राज विभाग के अधिकारी स्टेडियम की मेंटिनेंस नहीं करवा पाए। मेंटिनेंस वर्क अब भी टेंडर प्रक्रिया में ही उलझा है। तीन महीने पहले लोग स्टेडियम की मेंटिनेंस को लेकर सीएम नायब सैनी से भी मिले थे। इसी बीच यह हादसा हो गया।

## सरकार ने आईटी के माध्यम से मजबूत किया स्वास्थ्य सेवाओं का निगरानी तंत्र : आरती

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कम्युनिटी लेवल पर हेल्थ केयर सर्विस डिलीवरी की मॉनिटरिंग और मैनेजमेंट को मज़बूत करने के लिए इन्फॉर्मेशन-टेक्नोलॉजी (द्व ) की कई पहल की हैं। आईटी पहल से मौजूद रिसोर्स का सबसे अच्छा इस्तेमाल करने में मदद मिलेगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि 'व्हीकल ट्रैकिंग और लॉग मैनेजमेंट सिस्टम' वेब एप्लिकेशन के रूप में नई आईटी पहल है। इनके अलावा, एनीमिया मुक्त हरियाणा, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (,क्ब्स्य) और डब्ल्यूसीडी स्कूल सेहत पोर्टल अन्य आईटी पहल हैं। उन्होंने बताया कि 'व्हीकल ट्रैकिंग और लॉग मैनेजमेंट सिस्टम' को मोबाइल हेल्थ टीमों के रोजाना के मूवमेंट की ट्रांसपेरेंट और अच्छी मॉनिटरिंग पक्का करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह सिस्टम डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटर्स को खास टीमों को गाड़ियां देने और उनके विजिट की जगहें अलॉट करने में मदद करता है। हर टीम दिन की शुरुआत में इस एप्लिकेशन में लॉग-इन करती है, एक फोटो के साथ शुरुआती ओडोमीटर रीडिंग रिकॉर्ड करती है और हर विजिट की गई साइट पर इमेज के साथ ओडोमीटर रीडिंग कैप्चर करना जारी रखती है। दिन के आखिर में, टीम पार्किंग की जगह पर लौटने पर क्लोजिंग ओडोमीटर रीडिंग और उससे जुड़ी फोटो रिकॉर्ड करती है। एप्लिकेशन डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटर्स को हर टीम के लिए डिटेल्ड डेली ट्रैवल रिपोर्ट देता है, जबकि स्टेट एडमिनिस्ट्रेटर्स राज्य भर में सभी टीमों द्वारा तय किए गए किलोमीटर की कंसोलिडेटेड रिपोर्ट एक्सेस कर सकते हैं।

## ब्रह्मसरोवर के घाटों पर विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति ने मचाया धमाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 में ब्रह्मसरोवर के घाटों पर विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृतियों ने धमाल मचाया है। इन राज्यों के कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की लोक संस्कृति की छटा बिखेर कर पर्यटकों का मन मोह लिया है। इस लोक संस्कृति से ब्रह्मसरोवर की फिजा विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति से रंग गई है। इन तमाम प्रस्तुतियों को उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कलाकेंद्र पटियाला की तरफ से प्रस्तुत किया जा रहा है। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कलाकेंद्र के अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि एनजेडसीसी की तरफ से आमंत्रित किए कलाकारों में हिमाचल प्रदेश के कलाकार पूजा और घट नृत्य, जम्मू कश्मीर के कलाकार धमाली नृत्य व देकू भद्रवाही कुड व रुमाल नृत्य, पंजाब का झूमर व मालवाई गिद्दा आदि की प्रस्तुति दी।

## टाई चंडीगढ़ ने की टीसीसीएल के छठे संस्करण की घोषणा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

टाई (द इंडस एंटरप्रेन्योर्स) चंडीगढ़ ने टाई चंडीगढ़ क्रिकेट लीग (टीसीसीएल) 2025 के छठे संस्करण की घोषणा की है। यह लीग चैप्टर की हेल्थ एंड वेलबीइंग कमेटी की एक प्रमुख पहल है।

इस टूर्नामेंट को स्मार्टडेटा एंटरप्राइजेज का सहयोग व टेक प्रस्तिश के सहयोग से संचालित है। इस लीग का उद्देश्य क्षेत्र के प्रमुख उद्यमियों और कॉरपोरेट प्रोफेशनल्स के बीच फिटनेस, लीडरशिप, टीम भावना और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देना है। टाई चंडीगढ़ के प्रेसीडेंट पुनीत वर्मा ने बताया कि 2025 के छठे संस्करण में ट्राइसिटी की 16 प्रमुख संस्थाएं भाग ले रही हैं, जिनका प्रतिनिधित्व सीईओ, फाउंडर्स, सीनियर लीडर्स और कॉम्पिटिटिव कॉरपोरेट क्रिकेट टीमें कर रही हैं। इससे टीसीसीएल उत्तर भारत के सबसे प्रभावशाली कॉरपोरेट स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित हो रही है।



इस वर्ष भाग लेने वाली कंपनियों में 42 वर्कर्स, एकिन्स, ऐपस्मार्ट्ज़, बीसॉल्वर, ब्लूबैश, कन्वर्जन पार्क, साइब्रेन सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस, डिजिमंत्रा, इनोवेटिव इंसेंटिव्स, मास्टरट्रस्ट, सिग्निटी, सिग्नीसेंट, स्मार्टडेटा एंटरप्राइज़ेज़, सॉफ्ट्रिक्स, टैलेंटेल्जिया और टेक प्रस्तिश शामिल हैं। यह टूर्नामेंट लॉन्चिंग पैड क्रिकेट ग्राउंड, मोहाली में सात दिनों तक खेला जाएगा। यह दो चरणों में आयोजित होगा: 27-30 नवंबर 2025 और 5-7 दिसंबर। वर्ष 2016 में शुरू हुई यह लीग अब सिर्फ एक खेल प्रतियोगिता नहीं रही, बल्कि एक ऐसा मंच बन गई है जहां बिजनेस नेटवर्किंग और खेल भावना का अनूठा संगम देखने को मिलता है। यह उद्यमियों को एक अनौपचारिक, प्रतिस्पर्धी और सहयोगात्मक वातावरण में एक-दूसरे से जुड़ने का अवसर प्रदान करती है।

यह विशाल आयोजन रोजाना 500 से अधिक दर्शकों, 500 से अधिक मेहमानों के लिए भोजन व्यवस्था, लाइव कमेंट्री व इंटरव्यू, मैदान पर पुरस्कारों का वितरण तथा मंत्रियों और वीआईपी की उपस्थिति के साथ एक रोमांचक क्रिकेट अनुभव देने का वादा करता है। क्रिकहीरोज ऐप व यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से लाखों ऑनलाइन दर्शक भी इस टूर्नामेंट से जुड़ेंगे, जिससे टीसीसीएल का डिजिटल दायरा और दर्शक सहभागिता लगातार बढ़ रही है।

## देश-विदेश

# प्रधानमंत्री मोदी ने किया सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन सर्विसेज इंडिया के संयंत्र का उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन सर्विसेज इंडिया के संयंत्र का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हैदराबाद स्थित जीएमआर एयरोस्पेस एंड इंडस्ट्रियल पार्क में सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन सर्विसेज इंडिया सुविधा का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज से भारत का विमानन क्षेत्र एक नई उड़ान भर रहा है। उन्होंने कहा कि सफ्रान की नई सुविधा भारत को वैश्विक एमआरओ केंद्र के रूप में स्थापित करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि यह एमआरओ सुविधा उच्च तकनीक वाले एयरोस्पेस क्षेत्र में युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत में सफ्रान का निवेश इसी गति से जारी रहेगा। उन्होंने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में भारत का विमानन क्षेत्र अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ा है। आज भारत सबसे तेजी से बढ़ते घरेलू विमानन बाजारों में से एक है। हमारा घरेलू बाजार दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है।' उन्होंने कहा कि भारत के लोगों की आकांक्षाएं नए आयाम छू रही हैं, इसलिए भारत में हवाई यात्रा की मांग बढ़ रही है। भारतीय एयरलाइंस ने 1500 से ज्यादा नए विमानों का ऑर्डर दिया है।' पीएम ने कहा, 'भारत के विमानन क्षेत्र के तेजी से विस्तार की वजह से रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल की जरूरतें बढ़ रही हैं। 85 फीसदी एमआरओ कार्य देश के बाहर होते रहे हैं। यह स्थिति भारत जैसे बड़े विमानन बाजार के लिए अच्छी नहीं थी, इसलिए आज सरकार देश को एक बड़े एमआरओ केंद्र के रूप में विकसित कर रही है।' (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 1023 अंक चढ़ा, निफ्टी 321 अंक उछला

**एजेंसी, मुंबई**



हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को बड़ी बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स 1023 अंक (1.21%) चढ़कर 85,610 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 321 अंक की तेजी रही, ये 26,205 पर बंद हुआ। आज सेंसेक्स के 30 में 28 शेयर्स चढ़कर बंद हुए। बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस और रिलायंस सहित कुल 22 शेयरों में 1% से ज्यादा की तेजी रही। निफ्टी के 50 में से 44 शेयरों में तेजी रही। एनएसई सभी सेक्टरों में तेजी रही। आईटी, मेटल, मीडिया, बैंकिंग और ऑटो शेयर्स 1% से ज्यादा चढ़कर बंद हुए। बाजार में यह (1000 अंक से ज्यादा) तेजी 153 दिन बाद आई है। इससे पहले इसी साल 26 जून को सेंसेक्स 1,000 अंक चढ़कर 83,756 के स्तर पर बंद हुआ था। आई इस तेजी से निवेशकों की वेल्थ लगभग 6 लाख करोड़ बढ़ गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट वैल्यू कल के 469 लाख करोड़ मुकाबले बढ़कर 475 लाख करोड़ पहुंच गया है। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट के सीनियर टेक्निकल एनालिस्ट प्रवीश गौर ने कहा कि आज की तेजी की एक वजह वैश्विक बाजारों में मजबूती है। एशियाई इंडेक्स मजबूती के साथ ऊपर कारोबार कर रहे हैं, जबकि वॉल स्ट्रीट ने मंगलवार को पॉजिटिव नोट पर कारोबार खत्म किया। (अनंत ज्ञान)

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार-विस्फोटक बरामद

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने तीन जिलों से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए हैं। यह कार्रवाई चुराचांदपुर, कांगपोकपी और इंफाल पश्चिम जिले में हुई। इस दौरान एक उग्रवादी को गिरफ्तार करने में सुरक्षा बल सफल रहे। चुराचांदपुर जिले के गेलमोल गांव में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने करीब 40 किलोग्राम विस्फोटक से युक्त एक लॉन्ग-रेंज रॉकेट, रॉकेट लॉन्चिंग स्टैंड, बैटरी पीस और पांच रेत की बोरियां बरामद कीं। कांगपोकपी जिले के गेलबुंग जंगल में सुरक्षा बलों ने एक सीएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक .303 रायफल, दो पिस्टल और दोनों की मैगजीन, नौ देशी बोल्ट-एक्शन सिंगल बैरल बंदूकें, एक देशी एसबीबीएल, एक लोकल मेड ग्रेनेड, 46 जिंदा कारतूस, 80 खाली खोखे, एक सेफ्टी फ्यूज, एक डेटोनेटर, तीन पीस पीईके, चार पम्पी, एक पम्पी स्टैंड, दो बाओफेंग हैंडसेट, एक जोड़ी जंगल बूट और एक मैगजीन पाउच बरामद किया। (अनंत ज्ञान)

# छत्तीसगढ़ में ट्रक-स्कॉर्पियो की टक्कर, पांच की मौत

**एजेंसी, जांजगीर-चांपा**

**बारात से लौट रहे थे, मृतकों में 2 सेना के जवान**

**जांजगीर-चांपा** जिले के ग्राम सुकली में नेशनल हाईवे 49 पर देर रात ट्रक और स्कॉर्पियो के बीच आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ा, जबकि तीन ने इलाज के दौरान जान गंवाई।

हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों में शामिल राजेंद्र कश्यप (27) और पोमेश्वर जलतारे (33) इंडियन आर्मी के जवान थे। घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें बिलासपुर सिम्स रेफर किया गया। वहां तीनों का इलाज जारी है। सभी मृतक नवागढ़ के सड़क पारा और शांति नगर के रहने वाले हैं। ये सभी एक बारात से नवागढ़ लौट रहे थे, तभी सुकली के पास यह दर्दनाक हादसा हो गया। वहीं हादसे के विरोध में नवागढ़ में लोगों ने चक्काजाम किया। फरार ट्रक ड्राइवर की गिरफ्तारी और मृतक के परिजनों को तत्काल मुआवजा देने की मांग की। इधर दोनों जवानों का शव जांजगीर लाया गया जहां सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# ट्रंप के शांति प्रस्ताव पर यूक्रेन सहमत

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड के यूक्रेन और रूस के बीच छिड़े युद्ध को रोकने की कोशिश रंग लाती दिख रही हैं। अमेरिका के एक अधिकारी ने कहा कि यूक्रेन सरकार ट्रंप की मध्यस्थता में उनके शांति प्रस्ताव को लेकर होने वाले समझौते को स्वीकार करने पर सहमत हो गई है। उसे कुछ मुद्दों पर मामूली असहमति थी, जिन्हें सुलझा लिया गया है।

उम्मीद है कि रूस भी समझौते पर हस्ताक्षर करने पर तैयार हो जाएगा। फिलहाल रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के जवाब का इंतजार किया जा रहा है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी अधिकारी और यूक्रेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रुस्तम उमरोव ने कहा कि प्रस्ताव पर आम सहमति बन गई है। उमरोव ने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की नवंबर के आखिर से पहले अमेरिका पहुंच सकते हैं। बताया गया है कि अमेरिका के रक्षा सचिव डैन ड्रिस्कॉल ने रूसी अधिकारियों से अबू धाबी में मुलाकात की है। इसके बाद मंगलवार दोपहर ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने कहा कि 'असहमति के कुछ ही मुद्दे बचे हैं।'

उन्होंने कहा कि दूत स्टीव विटकॉफ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने मास्को जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह अब जेलेंस्की और पुतिन से एक मेज पर मिलने का इंतजार कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश सचिव मार्को रुबियो, युद्ध सचिव पीट हेगसेथ और व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ सूजी विल्स भी इस शांति पर दोनों पक्षों से सीधे संपर्क में हैं। बुधवार को पुतिन के विदेशी मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने रूस के पत्रकार पावेल जारुबिन से कहा कि विटकॉफ प्रतिनिधिमंडल के साथ इस माह आखिर तक मास्को आएंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक्स पर लिखा कि पिछले हफ्ते अमेरिका ने यूक्रेन और रूस दोनों को बातचीत की मेज पर लाकर शांति समझौते की दिशा में जबरदस्त तरक्की की है। (अनंत ज्ञान)

## इंडोनेशिया : मूसलाधार बारिश से भीषण तबाही बाढ़ और भूस्खलन में 10 की मौत, कई लापता

**एजेंसी, मेदान**

**इंडोनेशिया** के सुमात्रा द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई और भूस्खलन में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लापता हो गए। पुलिस ने बुधवार को एक बयान में कहा कि पिछले हफ्ते हुई मानसूनी बारिश की वजह से नदियों के बांध टूट गए। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी गांवों में कीचड़ भर गया, चट्टानें और पेड़ गिर गए, जिससे भारी तबाही हुई।

इन घटनाओं के बाद बचाव दल उत्तरी सुमात्रा प्रांत के छह क्षेत्रों में प्रभावित इलाकों तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बचावकर्मियों ने बुधवार तक सबसे ज्यादा प्रभावित सिबोल्गा शहर से कम से कम पांच शव बरामद किए हैं। साथ ही तीन घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया है। पड़ोसी जिले मध्य तपनौली में भूस्खलन की चपेट में आकर कई घर तबाह हो गए, जिसमें कम से कम चार लोगों का एक परिवार मारा गया और बाढ़ से लगभग 2,000 घर और इमारतें जलमग्न हो गईं। बाढ़ और भूस्खलन के कारण पेड़ों के उखड़ने से दक्षिण तपनौली जिले में एक ग्रामीण की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।

मंडेलिंग नटाल जिले में एक पुल नष्ट हो गया और 470 घर जलमग्न हो गए। बयान में कहा गया है कि नियास द्वीप में कीचड़ और मलबे की वजह से एक मुख्य सड़क बाधित हो गई है। (अनंत ज्ञान)

## बांग्लादेश में खंगाले शेख हसीना के बैंक लॉकर, 9.704 किलोग्राम स्वर्ण आभूषण मिले

**अनंत ज्ञान, ढाका**

**बांग्लादेश** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 के अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को मौत की सजा का फैसला सुनाने के बाद अंतरिम सरकार ने उनकी चल-अचल संपत्ति को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की है। नेशनल बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के सेंट्रल इंटेलिजेंस सेल ने मोतीझील में अग्रणी बैंक की प्रमुख शाखा में शेख हसीना के नाम पर पंजीकृत दो लॉकर्स से 832.51 भोरी सोने (9.704 किलोग्राम) के गहने बरामद किए हैं। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के सेंट्रल इंटेलिजेंस सेल के अधिकारियों ने यह कार्रवाई की। इसके विवरण में बताया गया कि अधिकारियों ने नियमानुसार लॉकर नंबर 751 और 753 को खोला। इन लॉकर्स से स्वर्ण आभूषणों के अलावा देश-विदेश से मिले अवॉर्ड और तोहफे भी बरामद हुए हैं।

हसीना के नाम पर पंजीकृत एक और लॉकर सोमवार को ही पुबाली बैंक में खोला गया। अधिकारियों ने कहा कि वहां कोई संपत्ति नहीं मिली। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में भोरी सोना मापने की पारंपरिक इकाई है। एक भोरी को लगभग 11.664 ग्राम के बराबर माना जाता है। (अनंत ज्ञान)

**दावा** | दुबई क्रैश के बाद लिया फैसला, 10 हजार करोड़ में 12 विमान की डील होनी थी

# आर्मेनिया ने भारत से तेजस जेट खरीदने का समझौता रोका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आर्मेनिया** ने भारत से तेजस फाइटर जेट खरीदने की बातचीत रोक दी है। इसराइली मीडिया येरुशलम पोस्ट के मुताबिक, यह फैसला 21 नवंबर को दुबई एयरशो में तेजस के क्रैश होने के बाद लिया गया। इस हादसे में भारतीय पायलट विंग कमांडर नमांश सियाल की मौत हो गई थी। आर्मेनिया, भारत से करीब 1.2 बिलियन डॉलर (10 हजार करोड़) में 12 तेजस विमान खरीदने की तैयारी कर रहा था। यह डील लास्ट स्टेज में थी। ये तेजस की पहली विदेशी डील हो सकती थी। हालांकि, इस पूरे मामले पर आर्मेनिया सरकार की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। भारत सरकार ने भी अभी तक इस रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की है।



इस वक्त भारतीय वायु सेना के बेड़े में जो टॉप फाइटर जेट हैं उनमें सुखोई एसयू-30एमकेआई, राफेल, मिराज, मिग-29 और तेजस का नाम शामिल है। इस विमान के 50% कलपुर्जे यानी मशीनरी भारत में ही तैयार हुई है। इस विमान में मॉडर्न टेक्नोलॉजी के तहत इजराइल की ईएल/एम-2052 रडार को लगाया गया है। इस वजह से तेजस एक साथ 10 लक्ष्यों को ट्रैक कर उन पर निशाना साधने में सक्षम है। बेहद कम जगह यानी 460 मीटर के रनवे पर टेकऑफ करने की क्षमता। यह फाइटर जेट इन चारों में ही सबसे ज्यादा हल्का यानी सिर्फ 6500 किलो का है। भारतीय सेना में मिग-21 को रिप्लेस करेंगे तेजस जेट। तेजस जेट भारतीय वायुसेना के पुराने मिग-21 विमानों की जगह लेने के लिए बनाया गया है। अभी तक वायुसेना को पहली किस्त के सिर्फ 40 तेजस विमान मिले हैं। (अनंत ज्ञान)

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 41 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी, बीजापुर**

**छत्तीसगढ़** के बीजापुर जिले में 41 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन पर एक करोड़ 19 लाख रुपए का इनाम घोषित था। जिन 41 माओवादियों का आत्मसमर्पण हुआ है, उनमें साउथ सब जोनल ब्यूरो के 39 नक्सली हैं, जबकि तेलंगाना स्टेट कमेटी, धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड़ा डिवीजन के नक्सली शामिल हैं। बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति नक्सलियों को आकर्षित कर रही है। आत्मसमर्पण करने वालों के परिजन भी चाहते हैं कि वे सामान्य जीवन जियें और समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें। उन्होंने कहा कि माओवादी भ्रामक और हिंसक विचारधाराओं को त्यागकर निर्भय होकर समाज की मुख्यधारा में लौटें। शासन की 'पूना मारगेम' नीति उनके भविष्य को सुरक्षित, सम्मानजनक और स्वावलंबी बनाने के लिए हरसंभव सुविधा प्रदान कर रही है। राज्य शासन की व्यापक नक्सल उन्मूलन नीति तथा शांति, संवाद एवं विकास पर आधारित सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप बुधवार को 41 माओवादियों ने हिंसा का मार्ग त्यागकर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारत-द. अफ्रीका मैच से पहले रांची पहुंचे विराट कोहली-क्विंटन डी कॉक

**एजेंसी, रांची।** रांची के झारखंड स्टेटस क्रिकेट एसोसिएशन इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम (जेएससीए) में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मैच से पहले भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बुधवार को रांची पहुंच चुके हैं। इसके साथ ही दक्षिण अफ्रीका टीम के अनुभवी खिलाड़ी क्विंटन डी कॉक भी रांची पहुंच गए हैं। एयरपोर्ट पर जेएससीए के अधिकारियों ने दोनों खिलाड़ियों का स्वागत किया। खिलाड़ियों के रांची आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में फैन्स एयरपोर्ट पर पहुंच गए। सुरक्षा की दृष्टि से विराट कोहली को एयरपोर्ट से सीधे बाहर निकालकर होटल रेडिसन ब्लू ले जाया गया। 30 नवंबर को होने वाला यह मुकाबला दर्शकों और क्रिकेट प्रेमियों के लिए बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

### सूर्यकुमार को अब भी खटकती है विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार

**एजेंसी, मुंबई।** टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव आज भी 2023 विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार को नहीं भूले हैं। अहमदाबाद में लगातार 10 जीतों के बाद मिली उस शिकस्त की कसक उन्हें अब भी खटकती है, और इसी वजह से वे अगले साल टी20 विश्व कप के खिताबी मुकाबले में उसी मैदान पर ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने की इच्छा रखते हैं। 2026 टी20 विश्व कप ड्रॉ के अनुसार भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, अमेरिका, नीदरलैंड और नामीबिया के साथ रखा गया है। ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में श्रीलंका, आयरलैंड, जिम्बाब्वे और ओमान के साथ होगा। साल 2023 फाइनल के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया को दो महत्वपूर्ण आईसीसी मुकाबलों–पिछले टी20 विश्व कप के सुपर आठ में 24 रन से और इस साल चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में चार विकेट से हराया है, लेकिन खिताबी मैच में ऑस्ट्रेलिया को मात देने की इच्छा खिलाड़ियों के मन में अब भी बनी हुई है। फाइनल में किस टीम का सामना करना चाहेंगे, यह पूछे जाने पर सूर्यकुमार ने तुरंत कहा, 'अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम, ऑस्ट्रेलिया।' (अनंत ज्ञान)

### मिस्ट्री गर्ल के लिए क्या स्मृति मंधाना को धोखा दे रहे थे पलाश मुच्छल?

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और बॉलीवुड डायरेक्टर पलाश मुच्छल की शादी पोस्टपोन होने के बाद से ही सोशल मीडिया पर कई तरह से चर्चा शुरू हो गई, जिसके बाद इस पूरे मामले में एक मिस्ट्री गर्ल की एंट्री हुई। मिस्ट्री गर्ल ने कुछ बड़े खुलासे किए, जिसके कारण ही स्मृति के मंगेतर पलाश मुच्छल पर मंधाना को धोखा देने का आरोप लग रहा है।

**सोशल मीडिया पोस्ट से हुआ बड़ा खुलासा**

शादी पोस्टपोन होने की खबर के बाद से ही सोशल मीडिया पर पलाश मुच्छल पर कई बड़े आरोप लग रहे हैं। मिस्ट्री गर्ल के चैट लीक करने के बाद इस मामले में एक नया ट्विस्ट आ गया। अब फैंस ने इस मिस्ट्री गर्ल को ट्रोल करना शुरू कर दिया है। जिसके कारण ही मैरी डिकोस्टा नाम की इस लड़की ने सोशल मीडिया पर बड़ा खुलासा किया है। पलाश मुच्छल के इस मामले में अब हर घंटे एक नया अपडेट सामने आ रहा है। स्मृति मंधाना और पलाश मुच्छल की शादी पोस्टपोन होने के बाद सोशल मीडिया पर मैरी डिकोस्टा नाम की लड़की ने एक पोस्ट किया. जिसमें दावा किया गया कि शादी से कुछ दिनों पहले तक मुच्छल उससे चैट के जरिए फ्लर्ट कर रहे थे. इस पोस्ट के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर कई तरह की चर्चा शुरू हो गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### अप्सरा से कम नहीं है लुआना आलोंसो

**पैराग्वे:** लुआना आलोंसो पैराग्वे की स्विमर हैं, जो कि सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। लुआना सही मायने में किसी अप्सरा से कम नहीं लगती हैं। उन पर हर तरह का आटफिट बेमिसाल लगता है।



## दक्षिण अफ्रीका ने 2-0 से जीती टेस्ट सीरीज

# अपने ही घर में ढेर भारतीय शेर

**एजेंसी, गुवाहाटी**




ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने कौशल और दृढ़ संकल्प की कमी वाले भारतीय बल्लेबाजों को फिर से दिन में तारे दिखाए जिससे दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में 408 रन की रिकॉर्ड जीत दर्ज करके दो मैच की सीरीज में 2–0 से क्लीन स्वीप किया।

यह हार भारत के टेस्ट इतिहास में एक और शर्मनाक अध्याय है, क्योंकि रन के लिहाज से यह उसकी सबसे बड़ी हार है। यह तीसरा अवसर है, जबकि किसी टीम ने भारत का उसकी धरती पर सूपड़ा साफ किया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने 2000 में 2–0 से जबकि पिछले साल न्यूजीलैंड ने 3–0 से सीरीज जीती थी। इस पराजय से भारत की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को भी करारा झटका लगा है।

भारत के सामने 549 रन का असंभव लक्ष्य था और उसकी पूरी टीम मैच के पांचवें और अंतिम दिन 140 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए थे जिसके जवाब में भारतीय टीम 201 रन पर आउट हो गई थी। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 260 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारत अब तक घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच टेस्ट हार चुका है। पिछले 66 वर्षों में यह पहला अवसर है, जबकि भारतीय टीम सात महीनों के अंतराल में पांच टेस्ट हार गई। भारत की तरफ से रविंद्र जडेजा ही कुछ संघर्ष कर पाए। उन्होंने 87 गेंदों में 54 रन बनाए।

हार्मर ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 37 रन देकर छह विकेट तथा मैच में कुल नौ विकेट लिए। एडेन मारर्कम ने नौ कैच लेकर एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक कैच का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने भारत के अजिंक्य रहाणे के 2015 में लिए गए आठ कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

भारत ने सुबह दो विकेट पर 27 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई जिसके बाद हार्मर ने अपने टर्न और उछाल से भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया। उन्होंने पहले सत्र में नाइटवॉचमैन कुलदीप यादव (05), ध्रुव जुरेल (02) और कप्तान ऋषभ पंत (13) को पवेलियन की राह दिखाई। बारसापारा की पिच हाल के समय में उपलब्ध कराई गई सर्वश्रेष्ठ भारतीय पिचों में से एक थी, जिसमें उचित तकनीक और अभ्यास से बल्लेबाज रन बनाने में सक्षम थे। इस पिच पर अपनी लेंथ को जानने वाले तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और चालाक स्पिनरों ने दबदबा बनाया।

हार्मर ने सुबह के सत्र में आधे घंटे की कड़ी मेहनत के बाद कुलदीप के डिफेंस में सेंध लगाई और फिर इसी ओवर में जुरेल को भी पवेलियन की राह दिखाई। जुरेल ने पहली स्लिप में खड़े मार्करम को कैच का अभ्यास कराया। पंत ने केशव महाराज पर छक्का लगाया लेकिन हार्मर की उछाल लेती एक गेंद उनके बल्ले को चूमती हुई स्लिप में मार्करम के सुरक्षित हाथों में चली गई। साई सुदर्शन ने 139 गेंदों में 14 रन बनाए लेकिन वह छह बार आउट होने से बचे थे और ऐसा लग रहा था कि वह हर गेंद पर आउट हो जाएंगे। भारत के अन्य बल्लेबाज नीतीश कुमार रेड्डी और वाशिंगटन सुंदर भी स्पिनरों के सामने बगलें झांकते हुए नजर आए।

कोलकाता में पहला टेस्ट मैच 30 रन से गंवाने वाली भारतीय टीम की तैयारी में कमी स्पष्ट नजर आ रही थी। भारत का कोई भी खिलाड़ी टेस्ट टीम में अपनी जगह को लेकर आश्वस्त नहीं है और इस हार का उनकी मानसिकता पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है। (अनंत ज्ञान)

## आप क्रिकेट को हल्के में नहीं ले सकते हमें बेहतर बनने की जरूरत है : पंत

**एजेंसी, गुवाहाटी**



कार्यवाहक कप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को स्वीकार किया कि भारत को टेस्ट टीम के रूप में बेहतर बनने की जरूरत है और कहा कि सिर्फ घरेलू हालात में खेलने से नतीजों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। पंत ने मैच के बाद कहा, ''यह थोड़ा निराशाजनक है। एक टीम के तौर पर हमें बेहतर प्रदर्शन करना होगा। हमें विरोधी टीम को श्रेय देना होगा। उन्होंने पूरी सीरीज में दबदबा बनाया, लेकिन घरेलू धरती पर खेलने से आप क्रिकेट को हल्के से नहीं ले सकते हैं।'' पंत ने कहा कि भारत को इस सीरीज से सीख लेनी होगी और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

उन्होंने कहा, ''हमें इससे सीख लेकर एक टीम के रूप में आगे बढ़ना होगा। हमें अपनी मानसिकता स्पष्ट रखनी होगी। हमें इससे सीखना होगा और बेहतर बनना होगा।'' इस विकेटकीपर–बल्लेबाज ने स्वीकार किया कि दक्षिण अफ्रीका ने पूरी सीरीज में बेहतर क्रिकेट खेली। हम परिस्थितियों का फायदा नहीं उठा पाए। हम इस सीरीज से सीख लेकर आगे की अपनी रणनीति पर ध्यान केंद्रित करेंगे।'' दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा सीरीज में जीत से खुश हैं। बावुमा ने कहा, ''यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। आप हर समय भारत में आकर सीरीज नहीं जीत सकते। एक टीम के रूप में हमने भी खराब दिन देखे हैं और ऐसे में पूरा श्रेय खिलाड़ियों को जाता है। हम जैसा करना चाहते हैं उसको लेकर हमारी सोच में बड़ा बदलाव आया है। हमारी तैयारी शानदार थी और हमारे खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए मैदान पर उतरते हैं।''

ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर को सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया और उन्होंने कहा कि वह यहां से सुखद यादें लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा ''जैसा कि मैंने पिछले टेस्ट में कहा था, यह एक लंबा सफर रहा है। मैं 10 साल बाद भारत में खेल रहा था और यह बिल्कुल एक अलग तरह का एहसास है। मैं यहां से सुखद यादें लेकर जाऊंगा। भारतीय टीम वास्तव में बहुत अच्छी है और उसे हराना बड़ी उपलब्धि है।'' मार्को यानसन को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने पहली पारी में 93 रन बनाए और मैच में सात विकेट लिए। यानसन ने कहा, ''कोई भी मैच जीतना एक सुखद एहसास होता है और भारत में जीतना तो खास है। हमारी पूरी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। शुक्स (दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुकरी कॉनराड) को श्रेय देना होगा, उन्होंने मुझे मैदान पर जाकर अपना नैसर्गिक खेल खेलने के लिए कहा था। मैं पहले टेस्ट में थोड़ा नर्वस था।'' (अनंत ज्ञान)

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो फीफा वर्ल्ड कप में खेल सकेंगे शुरुआती मैच

**एजेंसी, मियामी**

पुर्तगाल के सुपरस्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए बड़ी राहत मिली है। वैश्विक फुटबॉल संस्था फीफा ने उनके खिलाफ लगाए गए तीन मैचों के प्रतिबंध में से दो मैचों को 'सस्पेंडेड बैन' कर दिया है। इसका मतलब है कि रोनाल्डो अब वर्ल्ड कप के शुरुआती मुकाबलों में खेल सकेंगे।

रोनाल्डो को नवंबर की शुरुआत में डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान डारा ओ'शेया को कोहनी मारने पर रेड कार्ड मिला था। पुर्तगाल उस मुकाबले में 0–2 से हार गया था। यह 40 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी के 226 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पहला रेड कार्ड था। फीफा ने तीन मैचों का प्रतिबंध लगाया था, जिसमें से एक मैच का बैन रोनाल्डो पहले ही पूरा कर चुके हैं, जब पुर्तगाल ने आर्मेनिया को हराकर वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया। फीफा ने बयान में कहा, 'फीफा अनुशासनात्मक संहिता के अनुच्छेद 27 के अनुसार, दो मैचों का शेष प्रतिबंध एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि के तहत निलंबित किया जाता है।' इसके अनुसार, अगर रोनाल्डो इस एक वर्ष की अवधि में इसी तरह का कोई गंभीर उल्लंघन करते हैं, तो निलंबन तत्काल प्रभाव से हट जाएगा और उन्हें दो मैचों का प्रतिबंध झेलना पड़ेगा। रोनाल्डो, जो अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 143 गोल के साथ सर्वाधिक गोल करने वाले पुरुष खिलाड़ी हैं, अगले साल अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में होने वाले छठे विश्व कप में खेलने की तैयारी में हैं। (अनंत ज्ञान)

## पाक का दौरा बीच में छोड़ने पर छिन सकती है असलांका से कप्तानी

**एजेंसी, कोलंबो।** श्रीलंका के कप्तान चरित असलांका का पाकिस्तान का दौरा बीच में छोड़ना देश के क्रिकेट बोर्ड को नागवार गुजरा है जिससे अगले साल के शुरू में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उनकी कप्तानी खतरे में पड़ गई है। उनकी जगह दासुन शनाका को कप्तान नियुक्त किया गया है। असलांका पाकिस्तान में द्विपक्षीय एकदिवसीय सीरीज में टीम की कप्तानी कर रहे थे। वह दौरा बीच में रद्द करने के पक्ष में थे और उन्होंने इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती बम विस्फोट के बाद कथित तौर पर अपने कुछ साथियों को टूर्नामेंट से हटने और स्वदेश लौटने के लिए प्रोत्साहित किया था। (अनंत ज्ञान)

## मेरे भविष्य का फैसला बीसीसीआई को करना है लेकिन मेरी सफलताओं को मत भूलना : गंभीर

**एजेंसी, गुवाहाटी**



आलोचनाओं से घिरे भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बुधवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली करारी हार के बाद उनके भविष्य पर फैसला भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को करना है, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने याद दिलाया कि उनके कार्यकाल में टीम ने कितनी सफलता हासिल की है।

गंभीर बुधवार को यहां दूसरे टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका के हाथों 408 रन से मिली शर्मनाक हार के बाद बोल रहे थे। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''मेरे भविष्य का फैसला बीसीसीआई को करना है, लेकिन मैं वही व्यक्ति हूं जिसने इंग्लैंड में आपको अनुकूल परिणाम दिलाए और मैं चैंपियंस ट्रॉफी में भी कोच था।'' उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की खिताबी जीत और इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर 2–2 से ड्रॉ रही सीरीज का जिक्र किया।

गंभीर ने दक्षिण अफ्रीका से 0–2 से मिली हार के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा, ''दोष सभी का है और इसकी शुरुआत मुझसे होती है। हमें बेहतर खेल दिखाना होगा। पहली पारी में एक समय हमारा स्कोर एक विकेट पर 95 रन था जो सात विकेट पर 122 रन हो गया। यह स्वीकार्य नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''आप किसी एक व्यक्ति या किसी खास शॉट को दोष नहीं दे सकते। दोष सबका है। मैंने कभी किसी एक व्यक्ति को दोष नहीं दिया और आगे भी ऐसा नहीं करूंगा।'' (अनंत ज्ञान)

## बीसीए स्टेडियम के लिए 49.61 करोड़ रुपए की सब्सिडी मंजूर

**एजेंसी, वडोदरा।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) राज्य क्रिकेट संघों को स्टेडियम के विकास के लिए सब्सिडी प्रदान करता है। इसी क्रम में बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के लिए लंबित पड़ी बीसीए स्टेडियम की सब्सिडी को मंजूरी मिल गई है। अब यह पूरी राशि बीसीए को प्राप्त होगी। हाल ही में बीसीए की 85वीं वार्षिक आम सभा (ॅरू) आयोजित हुई थी, जिसमें सदस्यों ने सभी प्रस्तावों को बहुमत से मंजूरी दी। नियमों के तहत बीसीए ने आवश्यक दस्तावेज बीसीसीआई को सौंप दिए थे। बीसीए के अनुसार, बीसीसीआई ने बीसीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास हेतु लंबित सब्सिडी राशि 49,61,59,912+ जीएसटी स्वीकृति दे दी है। बीसीए का कहना है कि यह राशि स्टेडियम के संचालन, सुविधाओं के आधुनिकीकरण और भविष्य की योजनाओं को और मजबूत करेगी। बीसीए अध्यक्ष प्रणव अमीन ने कहा, 'यह रिम्बर्समेंट हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। आगामी अंतरराष्ट्रीय वनडे मैच की तैयारियों के बीच हमारी प्राथमिकता एक आधुनिक, सुगम और खिलाड़ियों तथा दर्शकों को उत्कृष्ट अनुभव देने वाला स्टेडियम विकसित करना है।' (अनंत ज्ञान)

## चेल्सी ने बार्सिलोना को 3–0 से हराया मैनचेस्टर सिटी को भी मिली हार

**एजेंसी, लंदन**



टीम में बदलाव, गलतियों और रक्षात्मक चूक के कारण मैनचेस्टर सिटी और बार्सिलोना को चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में हार का सामना करना पड़ा। मैनचेस्टर सिटी कोच के रूप में पेप गार्डियोला के चैंपियंस लीग में 100वें मैच में उनकी टीम बायर लेवरकुसेन से 2–0 से हार गई, जबकि बार्सिलोना को चेल्सी के खिलाफ 3–0 की हार में आत्मघाती गोल और रेड कार्ड का सामना करना पड़ा।

गार्डियोला ने शनिवार को प्रीमियर लीग में न्यूकैसल से मिली हार के बाद अपनी शुरुआती लाइनअप में 10 बदलाव किए, जिसमें एर्लिंग हालैंड को बेंच पर रखा गया, लेकिन इसका विपरीत प्रभाव पड़ा। एलेजांद्रो ग्रिमाल्डो ने 23वें मिनट में लेवरकुसेन की तरफ से पहला और पैट्रिक स्किच ने 54वें मिनट में दूसरा गोल किया।

चेल्सी ने स्टैमफोर्ड ब्रिज में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे बार्सिलोना को 3–0 से आसानी से हराकर लीग चरण में अपनी तीसरी जीत हासिल की। यह बार्सिलोना की दूसरी हार थी, जिसमें डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो को हाफटाइम से ठीक पहले दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया था, जिसके बाद बार्सिलोना को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। जूल्स कोंडे के 27वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल ने चेल्सी को बढ़त दिला दी। उसने 55वें मिनट में 18 वर्षीय एस्टेवाओ द्वारा किए गए बेहतरीन गोल से अपनी बढ़त मजबूत की और 73वें मिनट में लियाम डेलाप के गोल से जीत सुनिश्चित की। (अनंत ज्ञान)

## फीफा विश्व कप–2026 ड्रॉ

### फाइनल से पहले नहीं भिड़ेंगे स्पेन अर्जेंटीना और फ्रांस–इंग्लैंड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** फीफा ने जारी दिशा–निर्देशों में स्पष्ट किया कि स्पेन–अर्जेंटीना और फ्रांस–इंग्लैंड की शीर्ष रैंकिंग टीमें फाइनल से पहले आमने–सामने नहीं होंगी, बशर्ते वे अपने–अपने ग्रुप जीतें। 48 टीमों वाले विस्तारित फॉर्मेट में यह व्यवस्था प्रतिस्पर्धात्मक संतुलन बनाए रखने के लिए बनाई गई है। नई प्रणाली के तहत स्पेन (1), अर्जेंटीना (2), फ्रांस (3) और इंग्लैंड (4) ग्रुप न जीतने पर भी सेमीफाइनल से पहले एक–दूसरे से नहीं भिड़ेंगे। 2026 विश्व कप का आधिकारिक ड्रॉ 5 दिसंबर को वॉशिंगटन में होगा, जबकि 6 दिसंबर को पूरा मैच शेड्यूल जारी किया जाएगा।

पॉट एक में मेजबान कनाडा, मैक्सिको, अमेरिका सहित स्पेन, अर्जेंटीना, फ्रांस, इंग्लैंड, ब्राजील, पुर्तगाल, नीदरलैंड, बेल्जियम और जर्मनी शामिल हैं।

पॉट दो में क्रोएशिया, मोरक्को, कोलंबिया, उरुग्वे, स्विट्जरलैंड, जापान आदि। पॉट 3 में नॉर्वे, मिस्र, अल्जीरिया, स्कॉटलैंड, कतर, सऊदी अरब सहित 12 टीमें। पॉट 4 में जॉर्डन, केप वर्डे, घाना, न्यूजीलैंड और प्ले–ऑफ विजेता शामिल होंगे। कन्फेडरेशन नियम के अनुसार एक ग्रुप में एक ही महाद्वीप की दो टीमें नहीं होंगी, सिवाय यूएफा के, जहां अधिकतम दो यूरोपीय टीमों को रखा जा सकता है। टूर्नामेंट 11 जून 2026 से शुरू होगा और फाइनल 19 जुलाई को न्यू जर्सी में खेला जाएगा।

## संधोल में जूनियर स्टेट वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आगाज, अनुराग ने की बड़ी घोषणाएं

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**




टूर्नामेंट के शुभारंभ पर सांसद अनुराग ठाकुर व अन्य सामूहिक चित्र में।

मंडी जिले के संधोल में बुधवार को प्रदेश की पहली जूनियर स्टेट वॉलीबॉल चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग ठाकुर ने किया। प्रतियोगिता की खास बात यह है कि इसमें छात्र और छात्रा—दोनों वर्गों की टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिससे राज्य में महिला खिलाड़ियों को मजबूत प्रोत्साहन मिला है।

हिमाचल के 12 जिलों से करीब 350 खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं, जिनमें खेलो इंडिया सेंटर स्पोर्ट्स होस्टल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवा भी शामिल हैं। उत्साहित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह मंच भविष्य के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को तैयार करेगा। शुभारंभ समारोह में सांसद ने संधोल में खेल सुविधाओं को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। उन्होंने ध्यान चंद खेल स्टेडियम में लाइट्स लगाने की घोषणा की, ताकि खिलाड़ी शाम के समय भी अभ्यास कर सकें। साथ ही खेलो इंडिया सेंटर को ₹31,000 की प्रोत्साहन राशि देने का ऐलान किया।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल, पूर्व राष्ट्रीय युवा मोर्चा सचिव नरेंद्र अत्री, पूर्व भाजपा प्रत्याशी रजत ठाकुर और प्रदेश वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि दोनों वर्गों की भागीदारी वॉलीबॉल के संतुलित और उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। संधोल पहुंचकर अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय विद्यालय का निरीक्षण भी किया।

## आईसीसी वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग — मिचेल को पीछे छोड़ रैंकिंग में नंबर–1 की गद्दी वापस हासिल की

# रोहित शर्मा फिर बने वनडे के बादशाह

**एजेंसी, दुबई**

भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने एक बार फिर आईसीसी वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है।

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल के रेटिंग प्वॉइंट्स गिरने और आखिरी दो मैचों में भाग नहीं लेने के कारण रोहित ने उन्हें पीछे छोड़ दिया। यह बढ़त ऐसे वक्त पर आई है जब भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज शुरू होने वाली है। रोहित के नंबर एक पर वापसी से भारतीय फैंस और टीम के लिए यह एक अच्छा संकेत माना जा रहा है। हालांकि, मिचेल ने शीर्ष स्थान खोया, लेकिन न्यूजीलैंड के अन्य खिलाड़ियों को रैंकिंग में फायदा मिला।

रचिन रवींद्र एक स्थान बढ़कर 12वें स्थान पर पहुंचे। डेवोन कॉन्वे 11 रैंक ऊपर चढ़कर अब 31वें नंबर पर आ गए। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने नाबाद शतक की बदौलत रैंकिंग में छलांग लगाई और अब वह 8वें स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजों में मिचेल सैंटनर और मैट हेनरी के प्रदर्शन की वजह से न्यूजीलैंड को और भी लाभ मिला। (अनंत ज्ञान)

### टी20 में सिकंदर रजा नंबर–1 ऑलराउंडर

**जिम्बाब्वे** के स्टार खिलाड़ी सिकंदर रजा ने पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय में नंबर एक ऑल-राउंडर की रैंकिंग हासिल कर इतिहास रच दिया है। त्रिकोणीय सीरीज के दौरान उनके ऑलराउंड प्रदर्शन की खूब तारीफ हो रही है।




### टेस्ट में गेंदबाजों और ऑलराउंडर्स की बड़ी छलांग

**टेस्ट** रैंकिंग में भी हलचल जारी है। इंग्लैंड के ओली पोप अब 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के ताइजुल इस्लाम अब 15वें नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अब टेस्ट गेंदबाजों में पांचवें स्थान पर आ चुके हैं। ऑलराउंडर सूची में बेन स्टोक्स दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि भारत के रवींद्र जडेजा शीर्ष पर बने हुए हैं।

### विश्व कप 2026 के लिए रोहित बने ब्रांड एंबेसडर

**आईसीसी** ने आगामी टी20 विश्व कप 2026 के लिए रोहित शर्मा को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका में आयोजित होगा। रोहित अब तक नौ टी20 वर्ल्ड कप खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 2024 में टीम इंडिया को खिताब भी दिलाया था। टी20 विश्व कप के 47 मैचों में 1220 रन बनाने वाले रोहित का यह नया रोल क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बना हुआ है।